फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -217, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 16
सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 15

## एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 12 मार्च तक का दिया था समय

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था।

## अपनी विरासत को संजोते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा प्रदेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। राज्य में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां योगी ने प्रदर्शनी-स्टॉल को देखकर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश को मिलीं तीन नई वंदे भारत, एक का हुआ विस्तार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल रहे। योगी ने उप्र. में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। माना जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो प्रयागराज कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। मोदी ने आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र करते हुए कहा, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं।

### सरकारी बसों की यात्रा और सुरक्षित व सुलभ

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर की शुरुआत की। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटनअलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपये की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।







लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम

# खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

### राज्यपाल दत्तात्रेय ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी





आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। सैनी (54) को खट्टर का करीबी माना जाता है। अक्टूबर के अंत में मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल खत्म होना था।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे।

नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि जाट वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है।

### हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : हुड्डा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से संबंधित घटनाक्रम का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि सत्ता विरोधी माहौल से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने 'मिलीभगत' के तहत यह सब किया है।

### जजपा से लोकसभा की सीटों पर नहीं बनी बात

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवतः वह विफल रही। इससे पहले कि गठबंधन टूटने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा होती, भाजपा ने मुख्यमंत्री खट्टर का इस्तीफा दिला दिया और विधायक दल के नए नेता का चयन कर लिया। वर्तमान में, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था।

### एक नजर

#### संजय सिंह की याचिका पर 19 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की एक याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत देने से इनकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है।

## पहाड़ का टीला धसका खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत

**कबरई (महोबा)।** थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य करते समय अचानक पहाड़ का टीला धसक गया। मिट्टी और पत्थर के मलबे में दबने से खदान पर काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता और खनिज विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्राम पहरा में धनराज सिंह निवासी कबरई का पहाड़ पर खनन चल रहा था। नीचे के हिस्से में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर भी लगभग 100 फिट नीचे खदान से पत्थर लेने जा रहे थे। तभी अचानक खदान के ऊपरी हिस्से का टीला धसक कर नीचे काम कर रहे श्रमिकों पर जा गिरा। जिससे रामफूल 28 निवासी पहरा कबरई, प्रेमचंद्र कुशवाहा (19) निवासी घटेहरी व कुलदीप रैकवार निवासी नहदौरा की मलवे में दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम मिलन की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

## ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जांच में 400 करोड़ रुपये की धनराशि की हेराफेरी और उसे विदेश में खपाने का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत में कृष्ण बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के कुल 27 परिसरों की तलाशी की जा रही है। इस कंपनी के प्रवर्तक अमित कात्याल और राजेश कात्याल हैं। यह कंपनी हरियाणा से संचालित होती है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच का संबंध कंपनी के प्रवर्तकों द्वारा घर खरीददारों की 400 करोड़ रुपये की धनराशि की कथित हेराफेरी और उन्हें विदेश में खपाने से है। ईडी ने आरोप लगाया कि अमित कात्याल ने घर खरीददारों की 200 करोड़ रुपये से अधिक रकम श्रीलंका भेजी। सूत्रों के मुताबिक उनके बेटे कृष्ण कात्याल ने अपना भारतीय पासपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया है।

### रांची में कांग्रेस विधायक के 17 ठिकानों पर छापा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड में मंगलवार को एक साथ रांची में कई ठिकानों पर छापामारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम कांग्रेस की महिला नेता और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य लोगों के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम जमीन और बालू से जुड़े मामले को लेकर सीओ और विधायक के ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

## कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को दिया टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

लोकसभा चुनाव

- वैभव गहलोत जालौर, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे चुनाव
- उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा सहित तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

## नए मंत्रियों को मिले विभाग, ओमप्रकाश को अहमियत, दारा चौहान का कद घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओमप्रकाश को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ, दारा चौहान को मिला केवल कारागार
- कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से वापस लेकर दो विभाग सौंपे

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चारों नए कैबिनेट मंत्रियों को विभाग सौंपने में मंगलवार को उनके कद का भी ध्यान रखा गया। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ विभाग देकर अहमियत दी तो दलबदल में माहिर दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग देकर कद घटाया। कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से दो विभाग वापस लेकर सौंपा गया है। बंटवारे में धर्मपाल सिंह और धर्मवीर प्रजापति के विभाग भी प्रभावित हुए हैं।

राज्य सरकार ने बीते पांच मार्च को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। चार नए कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण और हज व मुस्लिम वक्फ विभाग सौंपा गया। दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री होंगे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को दिया गया पंचायती राज विभाग पहले भूपेंद्र चौधरी के पास था, जिसे उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद छोड़ दिया था।

सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

## मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

### नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

### जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहुलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन



- स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

### लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

**जैसलमेर/नई दिल्ली।** वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

## चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों की साठगांठ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। इस मामले में एनआईए द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 स्थानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने पहले कहा था कि आतंकवाद और माफिया के इस प्रकार के नेटवर्क और उनकी मदद करने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हालिया महीनों में कई लक्षित रणनीतियां अपनाई हैं।

# मुख्यमंत्री ने रामनगरी को दी 6500.93 लाख की सौगात

## वर्चुअल किया 8 कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास रहा। पूरे दिन मंगल ही मंगल होता रहा। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2046 करोड़ रुपये के परियोजनाओं की सौगात दी तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को 6500.93 लाख की योजनाएं दीं ।

मुख्यमंत्री ने राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1100 करोड़ की परियोजनाओं का वर्चुअल रूप से लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें नगर निगम अयोध्या की राज्य स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 6500.93 लाख के आठ कार्य समाहित हैं। नगर निगम अयोध्या में हुए आयोजन में सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने नगरीय निकायों को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित किये जाने व विकास कार्यों को गति प्रदान किये जाने के लिए मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय, मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह, पार्षद जय नारायण सिंह, संतोष सिंह, सूर्या तिवारी, राजेश कुमार गौड़, बृजेन्द्र सिंह व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सांसद, मेयर व विधायक।

### हेल्थ एटीएम की होगी स्थापना

परियोजनाओं में हेल्थ एटीएम की स्थापना का कार्य, सेफ सिटी के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरों को आईटीएमएस के कंट्रोल रूम से इन्टीग्रेट किए जाने का कार्य, नागरिकों और पर्यटकों में जागरूकता बढ़ाये जाने का कार्य, विभिन्न चौराहे के सौन्दर्यीकरण का कार्य, विभिन्न स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापना का कार्य, जीआईसी ओवरब्रिज व जेल की दीवार के माध्यम से नगर निगम पार्किंग स्थल का सुधार कार्य, मां सीता की खोज में वॉक-थ्रू-आप्टिकल इल्यूजन का कार्य और मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग की आपूर्ति व संचालन का कार्य सम्मिलित है।

## तेजी से हो रहा प्रदेश का विकास : रामचंद्र



लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक रामचंद्र यादव व अन्य। अमृत विचार

**कार्यक्रम**

- **नवसृजित नगर पंचायत मां कामाख्या धाम कार्यालय भवन का किया लोकार्पण**

**मवई, अयोध्या. अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रुदौली विधानसभा की नवसृजित नगर पंचायत मां कामाख्या धाम कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने नगर पंचायत मां कामाख्या कार्यालय भवन का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। इस दौरान विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं व सभासदों के साथ मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना। विधायक ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। रुदौली के माजनपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज बनने से रोजगार के साथ मेडिकल की अच्छी शिक्षा एवं अच्छा इलाज मिलेगा। अमराई गांव में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण, झरना नाला पुल का निर्माण, कई बिजली घरों का निर्माण, कई पुलों का निर्माण, गांव गांव बस्तियों को डामरीकरण से जोड़ना, रुदौली रेलवे पुल का निर्माण, रुदौली नगरपालिका का विस्तार, नवसृजित नगर पंचायत मां कामाख्या का गठन, कई सड़कों का चौड़ीकरण सहित अन्य निर्माण कार्य भाजपा सरकार में ही संभव हो सका है। अवर अभियंता अजय सिंह ने बताया कि नगर पंचायत मां कामाख्या कार्यालय भवन का निर्माण एक करोड 80 लाख की लागत से किया गया है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, निर्मल शर्मा, तेज तिवारी, राकेश तिवारी आदि रहे।

**एक नजर**

### जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को सीटी स्कैन मशीन में ठप हो गई। मरीजों को जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मशीन के एक्स-रे ट्यूब और स्कैनिंग में खराबी आई है। दिल्ली से इंजीनियर पहुंच गया है, बुधवार शाम तक बन जाएगी।

### नर्सिंग कॉलेज के निर्माण को मिले दो करोड़ रुपये

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहली किश्त जारी हुई है। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्र से दो करोड़ रुपये मिले हैं। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम दो मंजिला भवन बनाकर देगी।

### इलेक्टोरल बॉन्ड सार्वजनिक कराने की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक करने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय तिकोनिया पार्क में वामदलों ने मंगलवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, अतीक अहमद आदि रहे।

### मुख्यमंत्री अयोध्या से कर सकते हैं लोकसभा चुनाव का शंखनाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ अयोध्या से लोकसभा चुनाव का शंख नाद कर सकते हैं। वह 14 मार्च को हनुमानजी और राम लला से आशीर्वाद ले यहां जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। सीएम अयोध्या आते-जाते रहे हैं, लेकिन इस बार के दौरे को कुछ खास माना जा रहा है। कारण साफ है। यह दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना के पहले हो रहा है। इसकी तैयारी भी चुनावी दृष्टि से की जा रही है। अमूमन अब तक के दौरे के समय अपवाद को छोड़ दिया जाए तो वह जनसभा को कम संबोधित कर रहे हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में जरूर बोलते रहे हैं। इस बार पार्टी जनसभा की तैयारी में लग गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री हनुमानजी और राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। राजकीय इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा लगभग एक बजे प्रस्तावित है। अयोध्या को परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के जरिए सौगात दे सकते हैं। हालांकि प्रशासन में अभी सीएम का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम अभी नहीं आया है।



### 16 न्याय पंचायतों के 80 निपुण बच्चों का सम्मान



कार्यक्रम में बच्चों के साथ रुदौली विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विकासखंड मया में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला हुई। कार्यक्रम में मया बाजार के 16 न्याय पंचायतों के 80 निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह का खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वागत किया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ रवि श्रीवास्तव ने की। एआरपी प्रवीण कुमार मिश्र, ओंकार नाथ पांडेय, नोडल राम जीत गौतम ने योजनाओं की जानकारी दी। संचालन नोडल शिक्षक दयाशंकर दुबे ने किया। वहीं, मवई ब्लॉक क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय नेवला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राम चंद्र यादव ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया। खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत समेत अन्य रहे।

# पांच गांवों के किसान पहुंचे कमिश्नरी व कलेक्ट्रेट

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** एयरो सिटी योजना को लेकर आन्दोलित किसानों के तेवर नर्म नहीं पड़ रहे हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण की इस योजना को लेकर बीते दस दिनों से मुखर किसानों ने मंगलवार को मुख्यालय का रुख कर लिया। पांच गांवों के यह किसान बड़ी संख्या में दोपहर मुख्यालय पहुंचे और मंडलायुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट और सदर तहसील तीनों जगह पहुंचे। किसानों के मुख्यालय कूच को लेकर जिला प्रशासन भी एलर्ट मोड में रहा।



मंडलायुक्त कार्यालय में ज्ञापन देते पांच गांवों के किसान। अमृत विचार

किसानों ने दोहराया है कि वह किसी भी तरह से अपनी भूमि नहीं देगें। किसान सबसे पहले मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां अपर आयुक्त प्रशासन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कलेक्ट्रेट और फिर सदर तहसील पहुंच कर एसडीएम सदर राजकुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। ददेरा, बैसिह कुशमाहा, रामदत्तपुर अटरावां सरेठी के किसान ने मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष चंद्रभान वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में आंदोलित है।

### एयरो सिटी योजना से प्रभावित गांव और मजरे

प्रभावित गांव कुशमाहा के मजरे कुशभाहा खास, कुट्टिया, फतेपुर, चौबे का पुरवा, नगेश्वर का पुरवा, निधान का पुरवा, ग्राम-ददेरा, परसपुर, मुरावन का पुरवा, पाठक का पुरवा, तुलसी तारा, गब्बर मुराव का पुरवा, गोविन्द नगर, जलालपुर, तिवारी का पुरवा, पण्डित का पुरया, कन्हई का पुरवा, जुराम पाण्डेय का पुरवा, गंगता का पुरवा, झलियाहया, लंगड़ा का पुरवा आदि हैं। इननमें लगभग 24 हजार से अधिक की आबादी निवास करती है जो परेशान है।

**सार-संक्षेप**

### बच्चों को रुचिकर गतिविधियों से भी पढ़ाया जा सकता है





कार्यशाला में मौजूद प्रांतीय पदाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** कनाडा टीचर्स फेडरेशन और अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में एक कार्यशाला ब्लॉक मया में द्वापर इंटर कॉलेज में हुई। मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री उमा शंकर सिंह और विशिष्ठ अतिथि द्वापर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुशील कुमार द्विवेदी रहे। संचालन प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री उमा शंकर सिंह ने कहा कि बच्चों को रुचिकर गतिविधियों के माध्यम से उनके अंदर सीखने की क्षमता का विकास किया जा सकता है। प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने बताया कि कार्यशाला में ब्लॉक के 20 विद्यालयों में से एक-एक ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राज नारायण सिंह, रामजी सिंह विकास सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

### बिजली-पानी की समस्या रसे परेशान लोगों ने लगाया जाम

**अयोध्या, अमृत विचार :** बिजली व पानी की समस्या से जूझ रहे काशीराम कॉलोनी के 200 से अधिक निवासियों ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। इससे परिक्रमा पथ पर आवागमन बाधित हो गया। लोगों का आरोप है कि करीब 15 दिन से कॉलोनी की बिजली नहीं आ रही है। इससे पेयजल संकट भी खड़ा हो गया है। शिकायत के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सूचना पर एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि जल्द ही बिजली की व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। पानी की भी व्यवस्था सुचारू कराई जा रही है। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### सीएए लागू होने के बाद सुरक्षा बलों का फ्लैग मार्च

**पूरा बाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** सीएए कानून लागू होने पर मंगलवार को पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों ने सीओ सदर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष महाराजगंज और अमरजीत सिंह चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह के साथ पूरा बाजार रसूलाबाद बिल्वहरिघाट बाजार में मार्च कर आम लोगों को शांति का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष महाराजगंज ने कहा कि कानून लागू होने पर कानून को लेकर समाज में लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं। लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वाले अराजक तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा, वह चाहे जो भी हो। आने वाले पर्व पर भी शांति का माहौल कायम रखना होगा।

### केंद्र में सत्ता परिवर्तन के लिए पीडीए गठबंधन जरूरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को मसौधा और बीकापुर में चुनाव कार्यालय का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कहा यह लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे जीतने के लिए कार्यकर्ता अभी से जी जान से जुट जाएं। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा की जनता भाजपा सरकार की डबल इंजन की सरकार से निजात चाहती है। अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामदास वर्मा व संचालन जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ने की। इस दौरान बलराम मौर्य, अजय वर्मा, सूरज निषाद, अशोक वर्मा, पंकज आदि रहे।



कार्यक्रम को संबोध्रित करते अवधेश प्रसाद।

### सांसद ने की शक्ति रसोई की शुरुआत

**अयोध्या, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में बनाई गई शक्ति रसोई की शुरुआत मंगलवार को सांसद लल्लू सिंह और जिलाधिकारी नितीश कुमार ने की। बताया कि शक्ति रसोई से कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों और आगंतुकों को शुद्ध और अच्छा भोजन कम मूल्य पर उपलब्ध होगा। पांच किमी. के दायरे में निशुल्क टिफिन सर्विस मुहैया कराई जाएगी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



शक्ति रसोई की शुरुआत करते सांसद लल्लू सिंह, साथ में डीएम नितीश कुमार।

### फिजी की रामलीला ने मोहा मन, गुजराती ढाल-तलवार का दिखा रोमांच

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामकथा पार्क में रामोत्सव के उल्लास में शास्त्रीय और लोक नृत्य नाटिका के अलावा विदेशी कलाकार भी भगवान राम के गुणगान कर रहे है। फिजी देश से आए कलाकारों ने अखिलेश प्रसाद के नेतृत्व में रामलीला राम ही सत्य है के माध्यम से हिंदी में मंचित कर सभी को हतप्रभ कर दिया। कलाकारों का हिंदी उच्चारण और अभिनय दोनो दर्शकों को मंच से जोड़ते रहे। लखनऊ से आए रामायण गुरुकुल सोसाइटी की दिव्या उपाध्याय के दल ने नृत्य नाटिका राम जन्म के मूल में राम जन्म से लेकर राम विवाह तक के दृश्यों को मंचित किया। दिव्य उपाध्याय ने लोक और कथक शैली में जबकि आकाश राजपूत ने भरतनाट्यम और लोक शैली में प्रस्तुति दी। संचालन उद्‌घोषक देश दीपक मिश्र ने सभी को बांधे रखा। इस अवसर पर शिवांश त्रिवेदी, डा शशांक मिश्र, राघव राम समेत भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।





रामायण में प्रस्तुति देते फिजी के कलाकार। अमृत विचार

# दुकानदार का लटका मिला शव

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के शाहगंज चौकी क्षेत्र की शाहगंज बाजार में बिल्डिंग मैटेरियल दुकानदार का शव जनरेटर रूम में लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया कि इनायत नगर थाने के ग्राम मुकीमपुर शाहगंज बाजार में पीड़ा मोड़ पर व्यवसाई तेज प्रताप (60) पुत्र जियालाल की मोंरग बालू सरिया सीमेंट की दुकान है। यहीं पर तेज प्रताप परिवार के साथ रहते थे। मंगलवार की सुबह उनका शव जनरेटर रूम में प्लास्टिक की रस्सी मे लोहे के एंगल से लटका मिला। परिजनों ने बताया कि तेज प्रताप ने सुबह उठकर दुकान की साफ सफाई की। पत्नी टहलने गई थी, जब वह लौटकर आई तब पति को ढूंढने लगी। वह घर के कोने में बने कमरे में गई तब पति को लटका देखा। चौकी प्रभारी संजय यादव ने बताया कि परिवार की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

### युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत हाजीपुर बरसेन्डी के मजरे मदरवा में एक युवक का शव मंगलवार को पेड़ से लटकता मिला। सती चौरा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार सुबह ग्रामीण नित्य क्रिया के लिए निकले तो गांव से बाहर लगे एक पेड़ से कृष्ण कुमार (16) पुत्र रामसागर का शव पेड़ से गमछे के सहारे लटक रहा था। चौकी प्रभारी सती चौरा गोविंद अग्रवाल ने बताया कृष्ण कुमार सोमवार रात घर से खाना खाकर निकला तो वापस ही नहीं लौटा। जिसका शव ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला है।

# जैविक खेती के लिए किसानों को किया प्रेरित

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कृषि सूचना तंत्र के सुधार एवं कृषक जागरुकता के तहत आयोजित किसान मेला प्रदर्शनी में दूसरे दिन मंगलवार को किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई। जैविक खेती को प्रेरित किया गया।

जीआईसी मैदान में आयोजित चार दिवसीय मेले में आए किसानों से उपकृषि निदेशक डॉ. संजय त्रिपाठी ने श्रीअन्न की खेती को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उठाने के लिए ईकेवाईसी, आधार सिडिंग व बैंक खाता जब तक आधार से लिंक नहीं होगा, तब तक किस्त नहीं मिलेगी। ऐसे में किसान अपने जरूरी दस्तावेज पूरे कर लें, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती के लिए पूराबाजार व सोहावल विकासखंड के लिए 12 कलस्टर चयनित किए गए हैं। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने फसलों को कीटों व अन्य रोगों से बचाने के लिए किए जाने वाले उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इससे पहले प्रगतिशील किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

### हनुमानगढ़ी में पूजन के बाद संत करेंगे पंचकोसी परिक्रमा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के मठ मंदिरों में बसंत पंचमी से रंगोत्सव मनाया जा रहा है। संत 20 मार्च को रंगभरी एकादशी पर भगवान के साथ होली खेलेंगे। इस दिन सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर बजरंग बली का विशेष पूजन करने के बाद ढोल और नगाड़ों के साथ नागा साधु हनुमान जी का निशान लेकर प्रमुख मंदिरों में होली का निमंत्रण देंगे। साथ ही पंचकोसी परिक्रमा करेंगे। इस बार अयोध्या में रंगभरी एकादशी और भी खास होने वाला है। रामलला के मंदिर में भी इस उत्सव को मनाया जाएगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि एकादशी के दिन रामलला का विशेष पूजन अर्चन किया जाएगा। सुबह श्रृंगार आरती के बाद उन्हें अबीर लगाया जाएगा। दोपहर में तरह-तरह के व्यंजनों का भोग भी लगेगा। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने बताया कि होली को लेकर विशेष उत्साह है क्योंकि रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं।

# 1792 परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा 16 से, तैयारी शुरू

**इम्तिहान**

- **21 मार्च तक चलेगी परीक्षा, 31 को होगा परीक्षाफल वितरण**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के बाद अब परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा आगामी 16 मार्च से शुरु होने जा रही है। इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल की कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

आगामी 21 मार्च तक चलने वाली परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा में जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों के सवा तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा कार्यक्रम के बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर दोनों पालियों में परीक्षा होगी। इसमें मौखिक और लिखित दोनों परीक्षा शामिल है। शैक्षिक सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा एक की मौखिक तथा कक्षा दो और तीन की लिखित और मौखिक दोनों होगी। लिखित और मौखिक परीक्षा का अधिभार पचास - पचास अंकों का होगा। लिखित परीक्षा दो घंटे तीस मिनट और मौखिक प्रधानाध्यापक की ओर से आवश्यकता अनुसार कराई जाएगी। सचिव की ओर से जारी सूचना के अनुसार परीक्षा अवधि के दौरान कोई भी शिक्षक कक्ष छोड़ कर बाहर नहीं जाएगा और परीक्षा समाप्ति पर उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखेगा। परीक्षा को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।

> 16 मार्च से वार्षिक परीक्षा शुरू होने जा रही है। 14 से प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो जाएगा। सभी तैयारियां की जा रही है। **-संतोष कुमार राय,** बेसिक शिक्षा अधिकारी

**व्यवस्था** 31 मार्च 2023 तक का बकाया चुकाने वालों को मिलेगा लाभ, जिले में 25 हजार किसानों के नलकूप का करोड़ों बकाया

# बकाया बिल का पैसा चुकाओ और मुफ्त बिजली पाओ

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने किसानों के निजी नलकूपों की बिजली फ्री कर दी। अब पॉवर कॉरपोरेशन इस एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश में है। योजना का लाभ शर्तों के अधीन है। शर्त टूटी तो किसान को फ्री बिजली योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

जिले में 25 हजार से ज्यादा निजी नलकूप है। सूत्रों के मुताबिक इन पर करोड़ों रुपये का बकाया भी है। अधिशासी अभियंता खंड प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि प्रत्येक खंड का डाटा अलग-अलग होता है। बकाएदारी की जानकारी नहीं है। योजना का लाभ पाने के लिए कई शर्तें रखी गई हैं। इसको लेकर विभाग के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने पत्र जारी कर दिया। एक अप्रैल 2023 से किसानों को बिजली फ्री मिलेगी। इसके लिए किसानों 31 मार्च 2023 तक के बकाए का भुगतान करना होगा। किसान को विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। योजना के लाभ के लिए किसान को 30 जून तक विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। सूत्रों के अनुसार फ्री योजना के सहारे पॉवर कॉर्पोरेशन अपना पुराना हिसाब-किताब बराबर कर देना चाहता है। न तो उसे वसूली की जरूरत रह जाए और न ही झंझट। बिल संशोधन के लिए कैंप और योजना के लिए प्रेरित करने सहित कई अन्य बिंदु शामिल हैं।



### भुगतान के तीन विकल्प

अधिशासी अभियंता खंड प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि पंजीकरण के समय मूल बकाए की 30 फीसदी धनराशि जमा करनी होगी। भुगतान के तीन विकल्प हैं। एक मुश्त, तीन किश्तों में और छह किश्तों में। इन पर ब्याज में छूट भी अलग-अलग है। किश्त को नियत समय पर भुगतान न करने पर अगली किश्त में जोड़कर देना अनिवार्य है। ऐसा न होने की दशा में किसान योजना के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। छूट जोड़ दी जाएगी। भविष्य में उसे ऐसी किसी योजना का लाभ भी नहीं मिलेगा।

**शर्तों के अधीन है फ्री योजना:** पंजीकरण के समय ही किसानों को मीटर संयोजन की सहमति देनी होगी। नो योर कस्टमर (केवाईसी) की कार्रवाई करनी होगी। नलकूप से घर की बिजली को हटाना होगा। नलकूप पर एक एलईडी और एक पंखा का विवरण देना होगा। परिवार के अन्य बिजली कनेक्शन के बारे में भी जानकारी देनी होगी।

> किसानों को फ्री बिजली योजना के लिए पत्र आया है। किसानों और बकाए की पूरी जानकारी अभी नही है। बाद में दे दी जाएगी। **-सुशील गर्ग,** अक्षीक्षण अभियंता, पॉवर कॉर्पोरेशन।

### 9 तकनीकि कर्मचारियों को काम से रोका गया

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम अयोध्या की कार्यशालाओं में कार्यरत आउटसोर्सिंग के नौ तकनीकि कर्मचारियों को मंगलवार को काम से रोक दिया गया। यह कार्रवाई अयोध्या क्षेत्र के सेवा प्रबंधक नीरज सोनकर ने की। कार्रवाई सेवायोजन से अब तक कम उपस्थिति के लिए की गई। सूत्रों के मुताबिक काम से रोके गए क्षेत्रीय कार्यशाला में कार्यरत सलमान अली, इंद्रेश पाल, अंबेश्वरी सुल्तानपुर डिपों में कार्यरत पवन सिंह, अकबरपुर डिपों में कार्यरत विजय प्रताप सिंह, अंकित पाठक, मनोज पाल, वीर बहादुर पाल, विनोद कुमार शामिल हैं। यह लोग छह-सात साल पुराने हैं। सवाल चर्चा में है कि सेवा में आने से अब तक इनके कार्यो की समीक्षा ही नहीं की गई। इनका नवीनीकरण भी किया जाता रहा। यदि ऐसी स्थिति थी तो कार्रवाई पहले होनी चाहिए थी।

### शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने मंगलवार को इनायतनगर थाना क्षेत्र के मिर्जपुर खजुरी निवासी राम नरेश पुत्र जगन्नाथ का दो नाली बंदूक का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। राम नरेश के खिलाफ इनायतनगर थाने में विभिन्न धाराओं में 13 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इसी के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की। डीएम ने शस्त्र जमा कराए जाने आदेश दिया है।

**आवश्यकता है**

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

**गायत्री पब्लिक स्कूल**

रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या

8090420051, 9415387756

Email: rsshuklagps@rediffmail.com gpsayodhya@gmail.com

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या–224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ–2024–25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
कॉलेज, कोड–621440
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र– 8953649647, 6388304284, 9450018646





**दूसरा रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.50 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.09 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# रमज़ान में खुल जाते हैं जन्नत के दरवाजे : मुफ्ती मोइनुद्दीन

**रखे विचार**

**मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत जामा मस्जिद के सरपरस्त से बातचीत**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रमजान का मुबारक महीना वह पाक महीना है जिसमें कुरान मजीद नाजिल हुआ। यानी दुनियां के तमाम इंसानों पर अल्लाह की बहुत बड़ी नेमत मुकम्मल हुई। यह बयान मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत जामा मस्जिद टाटशाह के सरपरस्त मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी मिस्बाही ने पहली रमजान पर दिया।


मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी मिस्बाही।

उन्होंने कहा इस पवित्र महीने की एक फजीलत यह भी है कि इसमें फर्ज़ का सवाब सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है और नवाफिल का सवाब फर्ज़ के बराबर कर दिया जाता है। इसी महीने में एक रात ऐसी आती है जो हज़ार महीने से अफज़ल है। जिसमें कुरान शरीफ़ मुहम्मद मुस्तफा साहब पर नाजिल हुआ। मुफ्ती मोइनुद्दीन ने बताया कि इस महीने में जहन्नम के दरवाज़े बंद कर दिए जाते है और आसमान से खैर बरकत के दरवाज़े खोल दिए जाते है। उन्होंने कहा कि रोजा वह अज़ीम फरीजा है जो इस्लाम के पांच मूल सिद्धांतों में से एक है। जिसको अल्लाह पाक ने अपनी तरफ मंसूब फरमाया और कयामत के दीन रोजे का बदला बिना किसी वास्ते के रोजेदार अल्लाह पाक खुद देगा। उन्होंने कहा कि हज़रत मुहम्मद मुस्तफा साहब की हदीस का मफहुम है कि आप ने फरमाया कि अगर तुम में से हर कोई रमज़ान के रोजो के बारे में जानता तो हर शख्स यह चाहता कि पूरा साल रमजान हो। उन्होंने कहा कि रोजा भूखे प्यास रहने का नाम नहीं है, रोजा इंसान के जिस्म के हर हिस्से का होता है और है। आंख का रोजा मतलब गलत मत देखो, कान का रोजा गलत मत सुनो, रोजे के दौरान जो बात सबसे खास होती है कि रोजे के समय रोजेदार को कोई बुराई काम न ही करे। रोजा रखने वाले इंसान को हमेशा बुराई से तोबा तोबा करते रहना चाहिए। गरीबों, बेसहारों की मदद भी करना चाहिए।

### मस्जिदों में शुरू हुई तरावीह, घरों में खिली रमजान की रौनक

चांद का दीदार होते ही सोमवार रात मस्जिदों में तरावीह के लिए लोग उमड़ पड़े। रात नौ बजे से विभिन्न मस्जिदों में रमजान की तरावीह का दौर शुरू हो गया है। वहीं मंगलवार भोर में सहरी के बाद पहले रोजे की शुरुआत हुई। चांद रात के मौके पर बाजारों में देर रात तक खरीदारी होती रही। मंगलवार को देर शाम तय वक्त पर लोगों ने अफ्तार कर दुआएं कीं।

### प्रदेशीय आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के संयुक्त समन्वय से प्रदेशीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता बुधवार से होगी। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होने वाली पांच दिवसीय प्रदेशीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रदेश की चुनी हुई 10 श्रेष्ठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 मार्च को होगा, जिसके मुख्य अतिथि मंडलायुक्त गौरव दयाल व विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार होंगे। 17 को पुरस्कार वितरण के साथ समापन होंगा जिसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितीश कुमार होंगे।

**एक नजर**

### टेबल टेनिस व हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में प्रदेश के टेबल टेनिस व हैंडबॉल छात्रावासों में प्रवेश के लिए मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों की प्रदेशीय प्रतियोगिता 13 मार्च से यहां होगी। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में प्रदेशीय प्रतियोगिता में 13 व 14 मार्च को टेबल टेनिस व हैंडबॉल बालक वर्ग की व 15 व 16 मार्च को बालिका वर्ग की प्रतियोगिता होगी। इसी प्रतियोगिता के मूल्यांकन के आधार पर प्रतिभागी खिलाड़ियों की मेरिट जारी होगी।

### पीएम आज करेंगे संवाद



**अयोध्या, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से संचालित आर्थिक सशक्तिकरण योजना को लेकर 13 मार्च कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संवाद कार्यक्रम का आयोजन आयुक्त सभागार में शाम 4 बजे होगा। इसमें विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 264 लाभार्थियों का चयन किया गया है।

### होली को लेकर बैठक 15 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर सलिल कुमार पटेल ने बताया है कि होली की तैयारी को लेकर जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार की अध्यक्षता में 15 मार्च को शाम 4:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में बैठक होगी।

# पीएम ने अयोध्या को दी 2062 करोड़ की सौगात

## वर्चुअल किया कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अयोध्या को 2062 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने वर्चुअली पांच परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके लिए अयोध्या में चार स्थानों पर समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव सुना गया।

अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारें अयोध्या का अभूतपूर्व विकास कर रही हैं। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए रामपथ का निर्माण किया गया। छह रेलवे ओवर ब्रिज बन रहे हैं। अयोध्या सहित आसपास के आस्था के केन्द्र का विकास किया गया। अयोध्या को पूरे विश्व की धार्मिक राजधानी के रूप में विकसित किया गया। कार्यक्रम में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, तिलक राम मौर्य, शैलेन्द्र कोरी मौजूद रहे। रौजागांव स्टेशन पर आयोजित समारोह में विधायक रामचंदर यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके बैंक अकाउंट में पहुंचाया। लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी। समारोह में शिवगोविंद पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह, रामदीन वर्मा आदि मौजूद रहे। सालारपुर में आयोजित समारोह में विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान के कहा कि किसान की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई। महिलाओं का उत्थान हुआ। गरीब के जीवन स्तर में सुधार हुआ। श्रमिकों को सम्मान मिला है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, अवधेश पांडेय बादल, इंद्रभान सिंह मौजूद रहे। बिल्वहिरघाट स्टेशन पर आयोजित समारोह में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि 10 साल में देश ने कई उपलब्धियां हासिल की। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ ने देश में सहभागिता का नया अध्याय शुरू किया है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह, रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे।


कोचिंग कॉम्पलेक्स का शिलान्यास करते सांसद लल्लू सिंह व मौजूद अन्य लोग।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

- अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर 105.68 करोड़ की यूनिवर्सल कोचिंग मेटिनेंस का शिलान्यास।
- 1796.35 करोड़ की लागत से 161 किमी. अयोध्या-सलारपुर-बाराबंकी रेलवे लाइन दोहरीकरण का लोकार्पण।
- सलारपुर रेलवे स्टेशन में 150 करोड़ की लागत से बने मालगोदाम का लोकार्पण।
- 10 करोड़ से बिल्हरिघाट कोल साइडिंग का लोकार्पण व रौजागांव स्टेशन स्थित 9.5 करोड़ की लागत से बनने वाले मालगोदाम का शिलान्यास।
- रौजागांव स्टेशन पर 9.5 करोड़ लागत से बनने वाले मालगोदाम का शिलान्यास।

### धड़धड़ाती चल रहीं ट्रेनें राख से मिली निजात

अयोध्या की पांच परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास से आम लोगों को कई लाभ हुए। ट्रैक दोहरीकरण से यात्रियों का अयोध्या आना जाना आसान हुआ। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से मालगोदाम सलारपुर जाने से विस्तारीकरण के लिए ज्यादा स्थान मिला। वाहनों की भीड़ कम हुई। ट्रैक खाली हुए। कई अन्य स्टेशनों पर माल गोदाम बनने से सामानों की आवाजाही आसान हुई है।

### सांसद ने वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पटना में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। यह ट्रेन वाराणसी होते हुए मंगलवार दोपहर करीब 12:15 बजे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां सांसद लल्लू सिंह की अगुवाई में अगवानी की गई। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। कहा कि रामनगरी अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। बिहार से अयोध्या की दूरी इससे कम समय में तय हो सकेगी। दोनो राज्यों के बीच यह पयर्टन व व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होगा। इस मौके पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।


वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सांसद लल्लू सिंह।

**सार-संक्षेप**

### 31 तक जमा करें कर, पाएं 10 फीसदी छूट

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम ने मंगलवार को शहरवासियों को कर जमा करने में 10 प्रतिशत की छूट देने का एलान किया है। छूट का लाभ 31 मार्च तक उठाया जा सकता है। नगर निगम की योजना के मुताबिक वित्तीय वर्ष में बकाया कर जमा करने वालों 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। नगर निगम में सदन की बैठक के दौरान कर जमा करने के लिए छूट देने का निर्णय लिया गया था। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि नगर में अभी 50 प्रतिशत लोगों ने अपना गृह व जलकर नहीं जमा कराया है। इसके अलावा कुछ सरकारी विभाग भी हैं, जिनकी करोड़ों की बकाएदारी है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए छुट्टी के दिन भी कार्यालय खोलकर बकाएदारी जमा कराई जा रही है।

### रामकथा में विधायक ने किया पीठ का पूजन



स्वामी भास्करानंद को शाल ओढ़ाते विधायक वेद गुप्ता। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** वासुदेवघाट क्षेत्र स्थित जानकी महल में वृंदावन से आए स्वामी भास्करानंद महाराज द्वारा राम कथा के तीसरे दिन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पीठ का पूजन किया। आयोजन में शामिल गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के अध्यक्ष प्रेम चंद गोयल ने कहा कि अब भगवान कृष्ण के भव्य मन्दिर के निर्माण का कार्य भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में होगा। अयोजन में मुख्य रूप से अग्रवाल भवन ट्रस्ट अयोध्या के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल, इंदौर अग्रवाल समाज से किशोर गोयल, राजेश बंसल, श्याम जी अग्रवाल और गीता भवन इंदौर के अध्यक्ष गोपाल दास मित्तल, नरेश पोद्दार, पंकज मिश्रा भी शामिल हुए।

### एकजुटता व जुझारू तेवर संगठन की पहचान : सांघी


कार्यक्रम में मौजूद वैश्य समाज के लोग। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या पहुंचने पर मंगलवार को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ. गिरीश सांघी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सांघी ने कहा कि आपकी ताकत, एकजुटता और जुझारू तेवर के साथ ही होती है। यहीं संगठन की मुख्य पहचान है। यहीं से संगठन की कार्यशीलता और गतिशीलता बढ़ती है। इसे तेज रखने की जरूरत है। स्वागत करने वालों में समाजसेवी भागीरथ पचेरीवाला, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष केशव बिगुलर, कार्यकारिणी सदस्य व जिलाध्यक्ष देवेंद्र अग्रहरि आदि शामिल थे।

### टीकाकरण के लिए एएनएम को दिया प्रशिक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण सुदृढ़ीकरण के लिए एएनएम का दो दिवसीय टीकाकरण आधारित जनपद स्तरीय हेल्थ वर्कर प्रशिक्षण दर्शननगर में कराया जा रहा है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया प्रशिक्षण में टीकाकरण में एएनएम की भूमिका, टीकरोधी बीमारियों, टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करना आदि पर विस्तार से प्रशिक्षण जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया। प्रशिक्षण में डॉ. हरिबंश यादव, डॉ. राजेश चौधरी, मनोज कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित कई भाजपा में शामिल



पार्टी का झंडा सौंप कर सदस्यता दिलाते सांसद लल्लू सिंह। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा से दो बार अमानीगंज ब्लॉक प्रमुख रहे राम प्रगट रावत सहित कई प्रधान व दूसरे लोगों ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। लोकसभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने ध्वज देकर सभी को पार्टी का सदस्य बनाया। सभी का माल्यार्पण कर व रामनामी पहना कर स्वागत किया। ऐन चुनाव के समय इससे सपा को झटका लगा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम प्रगट रावत ने कहा कि सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्र का हित मोदी सरकार में ही सुरक्षित है।

# पीडीए फार्मूले से भाजपा को मिलेगी शिकस्त : शहरयार

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 में सपा द्वारा दिया गया नारा अस्सी हराओ, भाजपा हटाओ निश्चित रूप से सफल होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए फार्मूले के आधार पर भाजपा का प्रदेश के चुनाव में सफाया हो जाएगा।



यह बातें सपा के वरिष्ठ नेता चौधरी शहरयार ने पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का भाजपा सरकार ने सुख चैन छीन लिया। सपा ने पीडीए पखवाड़ा चला कर इन वर्गों को जागरुक करने का काम किया है।

विकास का केवल सब्जबाग दिखाया जा रहा है। ऐहार मार्ग, रुदौली-अमानीगंज मार्ग, शहर के मार्गों की हालत खराब है। कहा इस बार इंडिया गठबंधन के समाजवादी प्रत्याशी प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत तय है। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष छोटे लाल यादव, निशात खां, नगर अध्यक्ष मो. आमिर, जिला सचिव राजित राम रावत आदि मौजूद रहे ।

### 1350 विद्यार्थियों ने दी फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीबीएसई 12 वीं की मंगलवार को हुई फिजिकल एजुकेशन विषय की बोर्ड परीक्षा में जिले के 1350 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि छात्र-छात्राओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही और परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र से परीक्षार्थियों के पास कोई नकल संबंधी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। आज बुधवार को 10 वीं कक्षा की आइटी व कम्प्यूटर साइंस विषय की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि सीबीएसई के निर्देशन में कॉपियों का मूल्यांकन कार्य भी साथ-साथ चल रहा है। सीबीएसई की ओर से जिले में पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। जहां विषय विशेषज्ञ शिक्षक कॉपियों का मूल्यांकन कर रहे हैं।

# अयोध्या में अब बहुत बदलाव हो गया

**संबोधन**

**केंद्रीय रेल राज्यमंत्री बोले अयोध्या हमारे लिए पवित्र स्थल**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** केंद्रीय रेलवे राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल रामलला के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब मस्जिद टूटी तो कल्याण सिंह मुख्यमंत्री थे। उस समय की अयोध्या और इस समय की अयोध्या में बहुत बदलाव आ गया है। जो पुराना रेलवे स्टेशन था वह आज समझ में नहीं आया किस तरह बदल गया।

राव साहेब पाटिल ने कहा कि अयोध्या की सड़क चौड़ी हो रही हैं। अब एक अच्छा स्वरूप मिल गया है। अयोध्या हमारे लिए पवित्र स्थल है। अयोध्या में जैसी-जैसी जरूरत होगी सारी व्यवस्था भारत सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि सीएए लागू होने से अफगानिस्तान, बांग्लादेश व पाकिस्तान के अल्पसंख्या जो यहां आकर बसे हैं। सरकार उन्हें नागरिकता प्रदान करेगी। गठबंधन खत्म होने जा रहा है। नीतीश कुमार और टीडीपी हमारे साथ आ गई। सर्किट हाउस पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री का जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह आदि ने स्वागत किया।


सर्किट हाउस में केंद्रीय रेल राज्यमंत्री का स्वागत करते जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान सिंह।

**स्ट्रीट फूड हब** मरी माता मंदिर के पास एक करोड़ रुपये की लागत से होगा तैयार

# गुप्तार घाट पर लीजिए 27 राज्यों के व्यंजनों का मजा

**योजना**

**लॉटरी सिस्टम से होगा दुकानों का आवंटन, टेंडर की प्रक्रिया हुई पूरी**

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** गुप्तारघाट स्थित मरी माता मंदिर के निकट जल्द ही 27 राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजन परोसे जाएंगे। यहां एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्ट्रीट फूड हब में लोग तरह-तरह के प्रसिद्ध व्यंजनों और फास्ट फूड का जायजा ले सकेंगे।

नगर निगम और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त योजना के लिए शासन स्तर पर टेंडर और अन्य प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। योजना के तहत वेंडरों का चयन किया जा रहा है। दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी से होगी और आवश्यकता वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। दुकानों के आवंटन के लिए जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। इसके अलावा सहायक आयुक्त खाद्य, नगर आयुक्त समेत वित्त विभाग के एक अधिकारी सदस्य के रूप में समिति में होंगे।



### स्ट्रीट फूड हब में मिलेंगे ये व्यंजन

स्ट्रीट फूड हब में स्थानीय व्यंजन ही नहीं बल्कि चाइनीज फूड भी मिलेंगे। इसके अलावा गुजरात के ढोकले से लेकर आंध्र प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार आदि प्रदेशों के व्यंजन होंगे। शासन की तरफ से स्ट्रीट फूड के लिए गाड़ियां आवंटित की जाएगीं। करीब 30 दुकानों वाले इस स्ट्रीट फूड हब में ऐसे वेंडरों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिन्हें संबंधित काम की पूरी जानकारी हो और उनके पूर्वज उस व्यंजन की विधा में पारंगत रहे हों।

> टेंडर हो गया है। नगर निगम के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। शासन से रिपोर्ट मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
>
> –मानिक चंद्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)

# प्रेमी की हत्या में प्रेमिका दोष मुक्त करार

**अयोध्या, अमृत विचार :** पति के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने प्रेमिका को दोष मुक्त कर दिया है। यह फैसला अपर जिला जज मोहिंदर कुमार की अदालत से मंगलवार को हुआ।

इसके पति को वर्ष 2018 में ही आजीवन कारावास व 13 हजार रुपये जुर्माने की सजा हो चुकी है। वादी मुकदमा विपिन कुमार यादव निवासी बनदोइया थाना मुंशीगंज, अमेठी ने बताया कि घटना 24 नवंबर 2015 की है। पिता माता प्रसाद यादव गंगा स्नान को गए थे। वापस नहीं आए तो चचेरे भाई ने थाना कोतवाली अमेठी में 26 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 29 नवंबर को उनके मोबाइल पर बात करने वाले ने बताया कि वह फैजाबाद से बोल रहे हैं। तब वह लोग अयोध्या कोतवाली पहुंचे। वादी ने बताया कि उसके पिता का संबंध गांव की ही एक महिला से थे। महिला और उसके पति शिवम तिवारी ने मिलकर पिता की हत्या कर दी। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन नया घाट चौकी प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने अयोध्या कोतवाली में लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने शिवम के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। महिला को अदालत में विचारण के लिए तलब किया था, इसलिए उसके मुकदमे में विलंब हुआ। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दोष मुक्त कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com



## दूसरा रोजा

शिया
सहरी : 04.48 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.48 बजे
इफ्तार : 06.10 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# सीएम डैशबोर्ड के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अफसरों को पोर्टल पर डाटा समय से फीड कराने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीडीओ अनुराज जैन।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, परिवार नियोजन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, सामुदायिक शौचालय निर्माण की स्थिति, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की स्थिति, अमृत योजना जलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन नगरी, खुले में शौच से मुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियों का गठन और पुनर्गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्ति करण, कौशल विकास मिशन आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ संबंधित अधिकारियों को समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ ही पोर्टल पर डाटा समय से फीड कराने के भी निर्देश दिए है। बैठक के दौरान डीएफओ प्रणव जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, डीसी मनरेगा, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### लारपुर की छात्रा पायल को किया गया सम्मानित



सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर में छात्रा को किया गया सम्मानित।

**अंबेडकरनगर।** सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर की 12वीं कक्षा की छात्रा कुमारी पायल पुत्री श्रीराम गुप्ता को विद्यालय के प्रबंधक और अवकाश प्राप्त सैन्य अध्ययन के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नंदलाल चौधरी ने मेडल और नक़द धनराशि देकर सम्मानित किया। पायल के उज्जवल भविष्य की कामना संग आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सब जूनियर प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पायल ने 800 मीटर में 2:22 सेकेंड का समय लेकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। प्रशिक्षक जितेन्द्र मौर्या ने बताया कि पायल अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रधानाचार्य संदीप कुमार वर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने पायल की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। उक्त अवसर उप-प्रधानाचार्य अजय कुमार वर्मा अजेय, बृजराज चौधरी, पंकज वर्मा, रवीश चौधरी सहित अनेक अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इमामबाड़ा मीरानपुर में आज से लगेगी दीनी क्लास

**अंबेडकरनगर।** बच्चों को संस्कारी बनाने, उनमें जागृति लाने एवं सफल जीवन पद्धति का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में बुधवार दूसरी रमजान से एक माह का दीनी क्लासेस प्रतिदिन रात्रि 8:45 से बजे लगेगा। रेहान जैदी ने बताया कि अंजुमन अकबरिया व मोमिनीन की ओर से आयोजित होने वाले उक्त वार्षिक कार्यक्रम में मौलाना सैयद मुहम्मद अली गौहर मौलाना, मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी, मौलाना सैयद इम्तियाज अब्बास रिजवान तथा मौलाना सैयद मुहम्मद अब्बास मूनिस प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### एसपी और एएसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव द्वारा पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी और एएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। उन्होंने साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

### एमएलसी ने 41 दिव्यांगों को दिया सहायक उपकरण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को एमएलसी हरिओम पांडे और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 41 दिव्यांगों को सहायक उपकरण सौंपे। जिसमें 35 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल और छह दिव्यांगों को व्हीलचेयर दिया गया। एमएलसी हरिओम पांडेय ने कहा कि सरकार दिव्यांगों की बेहतरी के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया और विभाग की तरफ से लंच पैकेट भी दिया गया। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर उर्फ साधू वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एडीएम डॉ. सदानंद गुप्त, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, जिला दिव्यांग जन अधिकारी प्रतिभा यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजेसुल्तानपुर के अलाउद्दीनपुर निवासी 60 वर्षीय बंशीलाल पुत्र बसाऊ बीते सोमवार को साइकिल से देवरिया बाजार की तरफ से अपने घर जा रहे थे। वह बाजार के पश्चिमी छोर के पास स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंचे ही थे, तभी बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया था। हादसे के बाद बाइक सवार भाग गया, लेकिन बंशीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी जहांगीरगंज से रेफर किए जाने के बाद परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां रात में ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि मृतक के भतीजे ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दिया है, कार्रवाई चल रही है।

## एक नजर

### पुलिस ने गांजे के साथ अभियुक्त को दबोचा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाना के उप निरीक्षक हवलदार सिंह यादव हमराही हेड कांस्टेबल विनोद प्रचेता और मोहम्मद रसूल के साथ क्षेत्र की देखभाल के लिए निकले थे, तभी मुखबिर की सूचना पर उमरबान गांव मार्ग पर एक युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम जय नारायण दुबे उर्फ डब्बू निवासी तिवारी कॉलोनी थाना मालीपुर बताया है। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस के तहत कार्रवाई किया है।

### वृद्ध महिला ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के असनारा गांव में जमीनी विवाद में वृद्धा ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। गांव निवासिनी सावित्री देवी का आरोप है कि विपक्षियों द्वारा भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। निर्माण रोकने पर बीते सोमवार को स्थानीय पुलिस ने चार सदस्यों को हिरासत में लेकर थाने पर बिठाया। सावित्री देवी का आरोप है कि लगभग 70 वर्ष की उम्र में वह हार्ट की मरीज है और पुलिस ने उन्हें जबरिया थाने पर बिठाए रखा और दूसरे पक्ष ने मौका पाकर अपना निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि जमीनी विवाद में दोनों पक्षों के पांच लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया, अन्य आरोप निराधार हैं।

### चीनी मिल ने किसानों के खाते में भेजी धनराशि

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर चीनी मिल ने किसानों को बड़ी राहत दी है। एक मार्च से चार मार्च तक गन्ने की बिक्री करने वाले करीब 18 हजार किसानों के खाते में लगभग 10 करोड़ रुपये की राशि भेज दी गई। इस बीच अकबरपुर चीनी मिल मिझौड़ा में 81 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। जनपद में लगभग 48 हजार किसानों ने लगभग 25 हजार हेक्टेअर क्षेत्रफल में गन्ने की बोआई की है। चीनी मिल को 114 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य दिया गया है। उप महाप्रबंधक गन्ना अरविंद सिंह ने बताया कि पेरई का कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों को आश्वस्त किया कि जब तक सभी किसानों के गन्ने की खरीद नहीं हो जाएगी तब तक पेराई चलती रहेगी।

### वंचितों को योजनाओं के बारे में किया गया जागरूक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकिशोर राजभर के नेतृत्व में चलाया जा रहा ग्राम परिक्रमा यात्रा मंगलवार को संपन्न हो गया। इसका समापन तहसील क्षेत्र के रुकनपुर गांव में हुआ। ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत गोपूजन और कृषि केंद्र पूजन कर किया गया। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा एक महीने तक चला। इस दौरान लोगों को प्रधानमंत्री के प्रणाम संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को बताया गया।

# सीएम 14 को जनपद में करेंगे जनसभा अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

## लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है मुख्यमंत्री योगी का दौरा

**मंडलायुक्त और आईजी ने जिलाधिकारी और एसपी के साथ तैयारियों का लिया जायजा**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर नगर में निरीक्षण करते मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम अविनाश सिंह व एसपी डॉ. कौस्तुभ।



राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना स्थल का निरीक्षण करते मंडलायुक्त, आईजी व साथ में जिलाधिकारी व एसपी।

**अमृत विचार।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जनपद दौरे पर रहेंगे। सीएम 14 मार्च को सीडीओ आवास के सामने जनसभा को भी संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री का दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महा निरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसपी डॉ. कौस्तुभ के साथ तैयारियों का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री जनपद के लिए कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कर सकते हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से दिन भर वरिष्ठ अधिकारियों के पास फोन घनघनाते रहे। लोकसभा चुनाव में जनपद की एकमात्र सीट पर इस बार जीत की कोशिश में जुटी भाजपा मुख्यमंत्री के दौरे में कई बड़े चेहरों को पार्टी मे शामिल कराने की तैयारी में है। अंबेडकरनगर से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बनाए गए रितेश पांडे ने भी विगत दिनों मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जनपद में आने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने मंडलायुक्त और आईजी के साथ नगर स्थित सीडीओ आवास के सामने खाली पड़े मैदान में आयोजित होनी वाली जनसभा की तैयारियों का भी जायजा लिया।

### मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को आयुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल, पुलिस महा निरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में चुनाव के उपरांत ईवीएम सहित अन्य सामग्रियों को जमा करने और स्ट्रांग रूम सहित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

### व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

आयुक्त ने उपस्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, उप जिलाधिकारी सदर, सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां की सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त कर लिया जाए। जिससे लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष संपन्न कराया जाए साथ ही साथ निर्वाचन के दौरान लगे हुए कर्मचारियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार कर रही पिछड़ों की उपेक्षा : अमरजीत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनता दल यूनाइटेड पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की बैठक अकबरपुर नगर के एक निजी विद्यालय में आयोजित हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि जदयू के राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ. अमरजीत मौर्य पुष्कर ने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों को कुछ लोगों ने बांटने का काम किया है। जिनके दम पर भाजपा 2014 से सरकार बना रही है, उन्हीं की उपेक्षा की जा रही है। पिछड़े वर्ग के समाज के युवाओं को रोजगार देने व अन्य क्षेत्रों में हाशिए पर रखा गया है। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पहले बेराजगारों को बड़ी संख्या में नौकरी देने, भ्रष्टाचार को हटाने का दावा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद कुछ बदला नहीं दिखा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इस मौके पर दूधनाथ यादव, सच्चिदानंद मौर्य, संजय राजभर, सालिकराम धुरिया, कुसुम वर्मा, माधुरी विश्वकर्मा के साथ में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खुदा की इबादत में गुजरा पहला रोजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुकदद्स रमजान का महीना मंगलवार से शुरू हो गया, जो एक माह तक जारी रहेगा। सोमवार की शाम को चांद देखते ही बच्चों ने आतिशबाजी छुड़ाई और युवा वर्ग और बुजुर्गों ने माहे रमजान की आमद की एक दूसरे को मुबारकबाद पेश किया। मंगलवार को लोगों ने इबादत और कुरान की तिलावत के साथ पहला रोजा मुकम्मल किया। इस दौरान मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी।

शिया जामा मस्जिद मीरानपुर के पेशइमाम मौलाना अकबर अली के अनुसार इस्लामिक कैलेंडर का 9वां महीना रमजान मुबारक अल्लाह तआला की बंदगी के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस माह में खुदा के बंदे करीम शैतान को कैद करके अपने बंदों के लिए रहमतों का दरवाजा खोल देता है। नगर के विभिन्न मोहल्लों की मस्जिदों में तरावीह की नमाज का सिलसिला भी शुरू हो गया है। लतीफिया मस्जिद के इमाम मुफ्ती अली अकबर मिस्बाही के मुताबिक तरावीह की नमाज इशा की नमाज के बाद पढ़ी जाती है। इसमें 20 रकात नमाजें होती हैं। हर 2 रकात के बाद सलाम फेरा जाता है। 10 सलाम में 20 रकात होती हैं और 4 रकात के बाद दुआ पढ़ी जाती है। जिसमें नमाजी मुल्क, समाज तथा घर परिवार की सलामती, खुशियों और रोजी-रोजगार में बरकत के लिए अल्लाह से दुआ करते हैं। डॉ. आमिर अब्बास कहते हैं रोजा खोलने के दौरान रोजादारों के लिए पौष्टिक आहार लेना अति उत्तम है। इसमें अनाज, ताजे फल, खजूर, दूध, दही, उबले अंडे और सूखे मेवे जैसे खाद्य पदार्थ हैं।



जामा मस्जिद मीरानपुर।

# खेत में मिला किशोर का शव, हड़कंप

**मृतक के चेहरे और आंख पर हैं चोट के निशान, हत्या की जताई जा रही आशंका**

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बसखारी थाना क्षेत्र में स्थित नहर के किनारे खेत में एक किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई।

मंगलवार को बसखारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 233 से 100 मीटर की दूरी पर फसफस दास की कुटी से वाजिदपुर की ओर जाने वाली नहर के किनारे खेत में एक किशोर का शव मिलने की खबर सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी। मृतक किशोर के चेहरे पर लगे चोट के निशान को देखते हुए उसकी हत्या किए जाने की शंका जताई जा रही है। शव के पास खून लगी ईंट भी मिली है। आशंका जताई जा रही कि हत्यारे द्वारा मृतक किशोर के चेहरे को ईंट से कुचल कर उसकी हत्या की गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि बीते 4 मार्च को भी एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बोरी में पाया गया था। जिसकी भी पहचान अभी तक नहीं हुई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। वहीं, शव मिलने की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे और सीओ सिटी सुरेश कुमार मिश्रा ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर मौके का निरीक्षण किया। एएसपी ने शीघ्र मामले का खुलासा करने के लिए मातहतों को निर्देश दिए हैं।

## जलालपुर में एक दूजे के हुए 14 जोड़े

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सामाजिक संस्था सहयोग फाउंडेशन द्वारा नगर के राम लीला मैदान में आयोजित सर्वधर्म सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 14 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंध गए। इसमें 13 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति रिवाज और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। वहीं एक मुस्लिम जोड़े का निकाह कुरआन की आयतों के साथ संपन्न हुआ। हिन्दू विवाह मुख्य पुजारी पंडित ठाकुर प्रसाद मिश्र और सहायक पुजारी दामोदर मिश्रा, अजय मिश्रा व गुड्डू मिश्रा ने पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराया। जबकि कारी गुलाम यासीन ने मुस्लिम जोड़े का निकाह पढ़ा कर एक सूत्र मे बाधा। सामुहिक विवाह में आयोजक संस्था के अध्यक्ष आशुतोष सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार सोनी, सप्रिय गोयल, सुशील जायसवाल, आदित्य गोयल, सत्येंद्र, रंजीत और पंकज ने सामूहिक रूप से सभी नवदम्पतियों को उपहार स्वरूप घरेलू सामान भी भेंट किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विवेक द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य नीरज सिंह, सपा नेता सिद्धार्थ मिश्रा, व्यापारी विनोद मेहरोत्रा, संतोष सिंह, संजीव मिश्र, युवा आइकान प्रवीण महेंद्र, इसहाक अंसारी, विनीत श्रीवास्तव ऋषभ सिंह समेत बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया।




सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हवन-पूजन करते जोड़े।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक-1017171, इंटर मीडियट वर्ष 2007 अनुक्रमांक- 0548744, जीएनएम नर्सिंग वर्ष 2014 अनुक्रमांक- 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जीएनएम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाणपत्र कही खो गये हैं। **अमित कुमार पुत्र लाखन लाल निवासी ग्राम पोस्ट बरौना थाना मल्लांवा जनपद हरदोई। मोबाइल नंबर-7619002556**

### सूचना
मैं आनुली देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह के आर्मी नं.- 4198003P, ग्राम-पिंगलो, पो.ओ.- पिंगलो, तहसील-गरूड, जिला- बागेश्वर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम आनंदी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम आनुली देवी है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में आनुली देवी दर्ज किया जाये।

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि शपथकर्ता धर्मेद्र यादव पुत्र बुधराम निवासी ग्राम अनारपटी मजरे शरवन टिकठा थाना असंद्रा तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी का नाम त्रुटिवश धर्मेद्र कुमार यादव हो गया है। जिनका सही व सत्य नाम धमेंद्र यादव है। जिनको भविष्य में धर्मेद्र यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

### सूचना
मैं संगीता सिंह राना अपने पति राजकिशोर के आर्मी नं.- 4200648Y, ग्राम-पिपलिया पिस्तौर, पो.आ.- नानकमत्ता, जिला- उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम संगीता राना दर्ज है जबकि मेरा सही नाम संगीता सिंह राना है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में संगीता सिंह राना दर्ज किया जाये।

### सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहक श्री मोहम्मद तनवीर आलम, पुत्र श्री इफ़्तिखार हुसैन खान को उनकी संपत्ति भूखंड संख्या 01, क्षेत्रफल 1700 वर्गफीट जो खसरा संख्या 335 मिन, स्थित भूहर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ के विरुद्ध ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित ऋण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपने पक्ष में विधिक साक्ष्य के साथ मुझसे 7 दिनों के अंदर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति न प्राप्त होने पर मेरे उपरोक्त मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान कर उक्त संपत्ति को बंधक किया जायेगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का प्रथम प्रभार होगा।
(तरुण प्रकाश श्रीवास्तव)
एडवोकेट, मो0- 9335914262
रूम नं0-110-111, सिटी होटल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ-226001

### सूचना
सदर तहसील में दिनांक- 05/06/2009 के बैनामा जिसका बही संख्या 01 जिल्द संख्या- 4771 पेज़ नं. 233 से 252 क्रम संख्या 6771 तथा दूसरा बैनामा दिनांक- 05/06/2009 के बही संख्या 01 जिल्द संख्या- 4773 पेज़ नं. 181 से 206 क्रम संख्या 6769 हैं। मेरे पास से उपरोक्त दोनों मूल रजिस्ट्री दिनांक- 05/02/2024 को पटेल नगर चौराहे के पास कहीं गिर गयी है। **प्रदीप सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह निवासी- ग्राम गढ़ी, पोस्ट मवैया, जिला- फतेहपुर।**

### बैठक सूचना
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. खोजारामपुर वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक द्वितीय आवश्यक बैठक दिनांक 13/03/2024 को ग्राम सभा खोजारामपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12:30 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।
निवेदक- पिंटू सिंह
ग्राम- खोजारामपुर, कानपुर देहात

### सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत बहुवन मदार मांझा विकास खण्ड-परसपुर जनपद गोण्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती का गठन कराया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 18/03/2024 को ग्राम पंचायत नन्दौर के पंचायत भवन प्रांगण में दिन में 12:00 बजे बैठक की जायेगी जिसमें उक्त न्याय पंचायत के मछुआ समुदाय/ अनुसूचित जाति के व्यक्ति समिति में सदस्यता ग्रहण करने हेतु भाग ले सकते हैं।
मुख्य प्रवर्तक
मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड
नन्दौर रेती, गोण्डा


**तैयारियां** अंबेडकरनगर से लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है सर्वांगीण विकास : रितेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।




चुनाव को लेकर तैयारी बैठक में मौजूद भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय व साथ में अन्य।

**अमृत विचार।** चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पूर्व जनपद में 14 मार्च को भाजपा सरकार की करोड़ों के जनहित के कार्यों का उद्घाटन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के आगमन पर होने वाले विशाल जनसभा में उमड़ने वाली जनता और कार्यकर्ताओं की भीड़ के व्यवस्था की दृष्टि से मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में बैठक और अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय पर भाजपा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे के साथ परिचय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को लोकसभा की चुनावी मैदान में अंबेडकरनगर से भाजपा को जीत दिलाने और तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है। सांसद ने कहा कि अकबरपुर रेलवे स्टेशन का भव्य नवीनीकरण, रेल पथ का दोहरीकरण, लोकसभा क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, फोर लेन सड़क मार्ग, आधे दर्जन सड़कों का दोहरीकरण और 2 हजार एकड़ जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र घोषित कर उद्यम और कारखाने लगाए जाने से अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र का तीव्र विकास होगा। भाजपा सरकार जनता की मूल भूत सुविधाओं कपड़ा, रोटी और मकान, रोजगार देने और देश को आगे ले जाने का कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही बनी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ होना प्रदेश के मुख्यमंत्री की बड़ी उपलब्धि है। राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ मंदिर, मथुरा की श्रीकृष्ण मंदिर, विंध्याचल धाम मंदिर गलियारे का भव्य निर्माण हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की संरक्षण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपरोक्त दोनों बैठकों में मुख्य रूप से एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, विधान सभा प्रभारी मनोज मिश्र, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, डॉ. रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, सुमन पाण्डेय, मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय आदि शामिल रहे।

### देश और प्रदेश को मिले हैं संत

लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी देश और प्रदेश को संत के रूप में मिले हैं। जो देश और प्रदेश की जनता को अपना परिवार समझते हैं। दोनों संतों ने कभी भी अपने राजनीतिक रसूख का लाभ अपने परिवार को नहीं दिया है। भाजपा का लक्ष्य और उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे को एक-एक मत दिलाकर जीत दिलाने का आवाहन किया।

## एक नजर

### शिविर में मरीजों की आंखों की जांच कर दिया परामर्श

**करनैलगंज, गोंडा :** जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वावधान में मंगलवार को प्राइमरी स्कूल बरवलिया करनैलगंज में स्कूल स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत 8 से 14 साल के बच्चों के नेत्र संबंधी सभी बीमारियों का जांच किया गया, जो बच्चे नेत्र दोष पाए गए उन्हें चश्मे की जांच व अन्य बीमारियों के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों को दिखाने के लिए सलाह दी गई एवं नेत्र संबंधी आने वाले गंभीर बीमारियों के बारे में बच्चों को सचेत किया गया। उक्त आशय की जानकारी नेत्र परीक्षण अधिकारी ए के गोस्वामी ने दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों के नेत्र सुरक्षा के लिए वह ऐसा कोई खेल न खेलें जिससे उन्हें आंखों में चोट लगे विशेष कर नुकीली चीजों से बचना चाहिए। साथ ही आने वाले समय में होली में रंगों से बचाना आदि अनेकों तरीके से सावधानी बताई गई, मोबाइल पर पढ़ने का तरीका भी बताया गया।

### डीसीओ से की गन्ना पर्ची न मिलने की शिकायत

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भंगहा के पूर्व प्रधान रामकिशोर भारती ने अधिकांश किसानों को खेतों में लगे गन्ने की पौध के अनुसार पर्ची न मिलने की शिकायत जिला गन्ना अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि यदि किसानों को गन्ने की पौध के हिसाब से पर्ची नहीं निर्गत की गई तो उनका गन्ना खेतों में खड़ा रह जाएगा। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ेगी।

### आठ दिवसीय संगीतमयी कथा का हुआ समापन

**रुपईडीह, गोंडा :** श्री राम जानकी मंदिर रामापुर में आठ दिनों से हो रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का समापन भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम के आयोजक सुरेश कुमार गुप्त ने बताया कि इस भंडारे में क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह, गुड्डू ओझा, अनूप सिंह, राजेश सिंह, अनंत राम शुक्ल, मनीष चौहान, बाबूलाल आदि लोगों को मिलाकर बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### घर से निकला व्यक्ति लापता, गुमशुदगी हुई दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर मांझा के मजरे गांव पट्टी बलराज निवासी अमरजीत सिंह ने थाने पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते रविवार को उनके बड़े भाई भानू प्रताप सिंह उर्फ झब्बर अपने घर से ढेमवा घाट मार्ग पर स्थित गनेशी चौराहे पर गए हुए थे। उनके भाई की मानसिक हालत ठीक नहीं थी उनका इलाज चल रहा था। लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू किया गया। नात रिश्तेदारों में काफी खोजबीन करने के बाद भी अभी तक कोई पता नहीं चल सका। पत्नी और तीनों बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि भाई की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। तलाश की जा रही है। जल्द ही पूरा मामला सामने आ जाएगा।

# दिन में ही कोटे की दुकान पर पहुंचाया जाए खाद्यान्न

## परिवहन ठेकेदारों की मनमानी की शिकायत पर शासन ने जारी किया दिशा-निर्देश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** कोटे की दुकान पर ट्रांसपोर्टर देर रात्रि तक खाद्यान्न पहुंचाते हैं। इसे लेकर शासन खफा है। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश जवाहर भवन सौरभ बाबू ने प्रदेश के सभी संभागीय खाद्य नियंत्रक तथा उपायुक्त खाद्य को पत्र भेज कर सभी कोटेदारों के दुकान पर खाद्यान्न समय पर पहुंचाने का निर्देश दिया है।

कोटेदारों को सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत कोटे की दुकान पर ही प्रत्येक माह खाद्यान्न मिलता है। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से परिवहन ठेकेदार खाद्यान्न उठाकर कोटेदार को राशन देता है। परिवहन ठेकेदार द्वारा कोटेदारों को समय से खाद्यान्न नहीं दिया जाता है जिसकी शिकायत जिला स्तर पर कोटेदारों द्वारा की गई। लेकिन किसी ने इसको गंभीरता से नहीं लिया।

उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने कोटेदारों की इस समस्या को शासन स्तर पर उठाया था जिसके क्रम में आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग ने खाद्य विभाग से जुड़े मंडलीय अफसर को पत्र जारी किया है। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न समय से ही दिया जाए। स्थानीय जिले में 16 ब्लॉकों के लिए छः परिवहन ठेकेदारों को जिम्मेदारी मिली है। जो प्रत्येक माह 1393 कोटेदारों को खाद्यान्न का उठान करके पहुंचते हैं। कई कोटेदारों की शिकायत है कि दिन में ठेकेदारों द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। बताते हैं कि परिवहन ठेकेदार मनमानी करते हैं। जब कोटेदार इसकी शिकायत करते हैं तो परिवहन ठेकेदार अपने रसूख का इस्तेमाल कर उनकी आवाज को दबा देते हैं। लेकिन शासन ने अब स्पष्ट आदेश जारी किया है कि सभी ठेकेदारों को रात होने से पहले कोटेदारों की दुकान पर खाद्यान्न उतारना होगा। शासन के आदेश से खाद्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। उपयुक्त खाद्य देवीपाटन मंडल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य रसद उत्तर प्रदेश जवाहर भवन के आदेश के क्रम में मंडल के सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को आवंटन के मुताबिक कोटेदारों को खाद्यान्न रात से पहले परिवहन ठेकेदार पहुंचाएं इस आशय का निर्देश दिया जा रहा है। लापरवाही करने वाले परिवहन ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

**परिवहन ठेकेदार**

1- संगम कंस्ट्रक्शन
2- बजरंग कंस्ट्रक्शन
3- मे. परमाल सिंह यादव
4- मे. चंद्रिका यादव
5- मे. आर आर कंस्ट्रक्शन
6- मे. राधेश्याम गिरी

| | |
|---|---|
| कोटेदार | 1393 |
| अंतोदय राशन कार्ड | 65026 |
| पात्र गृहस्थी | 536256 |
| आवंटन गेहूं | 87403.78 क्विंटल |
| चावल | 58258.61 क्विंटल |

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**खरगूपुर, गोंडा:** दहेज में नकदी व बाइक की मांग न पूरी होने पर ससुराल में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता के पिता ने आरोपी पति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला खरगूपुर नगर पंचायत का है। यहां के रहने वाले विनोद कुमार गुप्ता पुत्र रामनरेश गुप्ता की शादी बलरामपुर जिले के कोतवाली नगर अंतर्गत नई बाजार कलवा मोहल्ला के दिनेश कुमार की बेटी दीपाली के साथ लगभग दो साल पहले हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद से ही उसके पति द्वारा दहेज के नाम पर एक लाख रुपए नकद तथा बाइक के साथ ही सोने की जंजीर की मांग की जाने लगी। विवाहिता के पिता द्वारा उक्त मांग को पूरा करने में असमर्थता जताए जाने पर ससुराल में तरह-तरह का उत्पीड़न करते हुए प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि नौ मार्च को दीपाली के साथ उसके पति विनोद गुप्ता द्वारा मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पति विनोद के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, हमला एवं जान से मारने की धमकी आदि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 19 हजार क्विंटल चावल दबाए बैठे हैं मिल मालिक

## एफसीआई में आपूर्ति न होने से लटका किसानों का भुगतान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** धान खरीद सत्र 2023 -24 का समापन 29 फरवरी को हो गया है। जिले में किसानों से धान खरीदने के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत विभिन्न तहसीलों व ब्लाक क्षेत्र में 125 सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किए गए थे।

भारतीय खाद्य निगम के गोदाम पर सीएमआर चावल उतारे जा रहे हैं, लेकिन सत्र समापन होने के दस दिन बाद भी अभी 19860 क्विंटल चावल मिलों पर फंसा हुआ है। जिसको लेकर धान खरीद से जुड़े अफसर टेंशन में हैं। जिले मे धान खरीदने के लिए छह एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जो लगातार किसानों से धान खरीद की है। इन एजेंसी में खाद्य विभाग, पीएसएफ, यूपीपीसीयू, मंडी समिति तथा भारतीय खाद्य निगम हैं। शासन ने इन एजेंसियों को 105000 मीटरी टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया था, जो लक्ष्य के सापेक्ष करीब 97 फीसदी खरीद हुई है। शासन को स्पष्ट निर्देश था किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले। धान खरीद से जुड़े अफसरों के लिए सीएमआर चावल को भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने की भी चुनौती है।

अधिकारी लगातार मिल पर पहुंचकर धान कुटाई का भी जायजा ले रहे हैं। जो रिकवरी चावल की होनी चाहिए उसको भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने के लिए मील कर्मियों से लगातार संपर्क में है। अब तक भारतीय खाद्य निगम में 66067 मीटरी टन चावल गोदाम में भेजना था। अवशेष चावल की कुटाई व गोदाम में पहुंचने के लिए अफसर लगे हुए हैं। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है कि सभी मिल संचालकों से संपर्क कर सीएमआर चावल को भेजा जाएगा। हालांकि एक दर्जन से अधिक मिल संचालकों में कुछ ऐसे हैं जिनको लेकर विभाग का अनुभव खट्टा है। इन मिल्स पर प्रशासन की भी नजर है। कुछ दिन पहले एक मिल पर जिलाधिकारी ने जाकर सीएमआर चावल की हकीकत परखी थी। धान खरीद से जुड़े अफसर को जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि वह लोग से सीएमआर चावल को लेकर लगातार मिल संचालकों के संपर्क में रहे साथ ही मिल का भी निरीक्षण करते हुए भारतीय खाद्य निगम के गोदाम तक चावल को पहुंचाएं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया खरीद सत्र 2023-24 का समापन हो गया है। कुछ मिल्स के यहां से सीएमआर चावल बकाया है। इसको भारतीय खाद्य निगम तक पहुंचाने का निर्देश दिया जा चुका है। उम्मीद है कि जल्दी पूरा चावल एफसीआई के गोदाम तक पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि जितने किसानों ने अब तक धान बेचा था उनमें से अधिकतम का भुगतान कर दिया गया है।

# एसपी ने किया थाने में बने शक्ति केंद्र का उद्घाटन

**रुपईडीह, गोंडा:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक राधे श्याम राय व मनोज कुमार राव के साथ कौड़िया थाने में जनता दर्शन व शक्ति केंद्र के नवनिर्मित कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां पर उन्होंने पुलिसकर्मियों व ग्राम चौकीदारों की बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चौकीदारों को पुलिस अधीक्षक द्वारा शाल व टॉर्च भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा, थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा, चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत कुमार गुप्त आदि मौजूद रहे।

# मतदान के लिए किया जागरूक

**तरबगंज, गोंडा:** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में विकास खण्ड तरबगंज अंतर्गत पं जगनरायन शुक्ल ग्रामोदय महाविद्यालय रानीपुर पहाड़ी तरबगंज में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं को स्वच्छ लोकतंत्र बनाये रखने के लिए निर्भीक होकर निडरता से बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक विश्वजीत शरण शुक्ल व राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने मां सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया। एनसीसी कैडेट्स मनीषा दुबे, प्रिया सिंह ने सरस्वती वंदना/ स्वागत गीत से किया। राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि हमारे देश का विकास तभी सम्भव है जब हमारे देश का युवा शिक्षित हो तथा लोकतंत्र के महापर्व में निष्पक्षता से बिना किसी प्रलोभन के निडरता से मतदान करे। प्रत्येक व्यक्ति अपने मत का प्रयोग करे तथा हमारे युवा मतदाता अन्य नागरिक को भी मतदान के लिए प्रेरित करे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुनील शुक्ला व संचालन सूरज गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पहली बार मतदाता बने युवाओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम समापन के समय तिवारी ने लोगों को निष्पक्षता व धर्म, जाति और बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर ओमप्रकाश सिंह, राजेश मिश्रा, अनिल तिवारी, प्रियंका मौजूद रहीं।



मतदाता जागरूकता शिविर में शामिल युवतियां। अमृत विचार

# विक्रय अनियमितता पर स्टोर को किया ब्लैक लिस्ट

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स तिवारी मशीनरी एवं हार्डवेयर स्टोर बहराइच रोड ने पूर्व में कृषि विभाग की ओर से अनुदान प्राप्त यंत्र पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में पुनः अनुदान प्राप्त कराने के लिए बिल निर्गत किये जाने की विक्रय अनियमितता का प्रकरण प्रकाश में आया है।

उपरोक्त प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग ने संचालित समस्त योजनाओं में जनपद गोंडा के लिए अनुदानित कृषि यंत्रों के लिए मेसर्स तिवारी मशीनरी एवं हार्डवेयर स्टोर को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। भविष्य में जनपद गोण्डा के कृषकों द्वारा उक्त प्रतिष्ठान से कय किये गये यंत्रों पर विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में अनुदान देय नहीं होगा, जिसका पूर्ण दायित्व संबंधित प्रतिष्ठान और कृषक का होगा।

# ठेकेदार को करें ब्लैक लिस्ट

**गोंडा कार्यालयः** नगरपालिका के लिपिक के साथ की गई अभद्रता का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। मंगलवार को कर्मचारी तालाबंदी पर उतर आए। ईओ के समझाने पर भी नहीं माने और आरोपी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किए जाने की मांग पर अड़े रहे।

सोमवार दोपहर अधिशासी अधिकारी कार्यालय मे ही बैठे ठेकेदारों मे से एक पंजीकृत फर्म के ठेकेदार ने निर्माण लिपिक को झापड़ मारने की धमकी दी थी। इस घटना से आक्रोशित कर्मचारियों ने अध्यक्ष से मिलकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। अध्यक्ष के आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर लौट आए थे। लेकिन मंगलवार सुबह कार्रवाई सिफर देखकर कर्मचारी आगबबूला हो गए। कार्यालयों में ताला लगाकर कर्मचारी धरने पर बैठ गए हैं। ईओ संजय मिश्रा के समझाने के बाद भी कर्मचारी आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को लेकर अड़े हुए हैं। पीड़ित के साथ नगर विकास कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष रघुनाथ तिवारी, राहुल आनंद, फराज, वेद प्रकाश, काजी शारिफ, जतिन, आशीष आनंद, मुश्फिक, आनंद श्रीवास्तव आदि धरना दे रहे हैं।



धरने पर बैठे पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

### शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**रुपईडीह :** ब्लॉक के नोडल टीचरों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुरू हुआ। बीईओ ने बताया कि ट्रेनिंग के लिए पूर्व मावि कुरसहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक पाठक, अनिल चौरसिया, राजदार अहमद आदि को प्रशिक्षक बनाया गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# जिले के 44 अन्नपूर्णा भवन पर इस माह बंटेगा खाद्यान्न

**गोंडा कार्यालयः** जनपद में बनकर तैयार हुए अन्नपूर्णा भवन से मार्च माह में खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। जनपद में 44 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गए हैं। जिनका लोकार्पण मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया था अब यह लाभार्थियों के लिए सौंप दिए गए हैं। जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बनने हैं, जिनमें से 44 बनकर तैयार हो गए हैं। विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर में बना अन्नपूर्णा भवन लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर, चकसड़ रुपईडीहा के बिछुड़ी, बेलवाभान बहली जोत मुजेहना विकासखंड में बच्छीपुर, दिनारा, बनकटी सुरबली सिंह, रेतवागाड़ा विकासखंड पंडरी कृपाल में दरियापुर हरदोई पट्टी, भटवलिया परसपुर विकासखंड के चंगेरी, दुल्हापुर तरहर कर्नलगंज में रामगढ़, अलीपुर गोकुला, मेहर, नकहरा हलधरमऊ में कलवारी, उमरिया, भगरिया पूरे मितई विकासखंड तरबगंज में धौरहरा घाट, पथआर वजीरगंज में रामपुर खरहटा बेलसर में पूरे डाल गंगरौली, नवाबगंज में उमरिया, छपिया में तिरूखा बुजुर्ग, लक्ष्मी नगर ग्राट विकासखंड मनकापुर में महेवा नानकर सिसवा तथा विकासखंड बभनजोत में अलाउद्दीनपुर, करोहा, मनीजोत, बड़ा हरा है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जहां पर अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गए हैं। जिस गांव में दुकान तैयार हो गई है। उसे गांव के कोटेदार को पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किए जाने के निर्देश दिया जा रहा है।




अन्नपूर्णा भवन। अमृत विचार

# महिला की लाठियों से पिटाई, केस दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा:** महिला पर लाठी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने मां, बेटे सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिंदू नगर बांकी के मजरा कोटिया में जमीन को लेकर विवाद है। जिसमें केसपति (55) पत्नी मनोहर पर दूसरे पक्ष के देवी प्रसाद व दिनेश कुमार पुत्रगण जयशु तथा उनकी मां सीतापति पत्नी जयशु ने लाठी डंडे से हमला कर गया। जिससे वह घायल हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध हमला, धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया है।

# 916 गांवों की पूरी की परिक्रमा

**मनकापुर, गोंडा:** मंगलवार को मनकापुर विस के ग्राम जैदवा में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलाया जा रहा ग्राम परिक्रमा यात्रा संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विद्याभूषण द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष वैभव सिंह, जिलामंत्री बिंदेश्वरी वर्मा रहे। अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंद्रसेन सिंह ने किया। संचालन सेक्टर संयोजक बब्बू मिश्र ने किया।

जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने बताया कि ग्राम परिक्रमा यात्रा 12 फरवरी से चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के 916 गांवों में परिक्रमा की गई। 12 मार्च को यात्रा का समापन कर लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर कार्यकर्ताओं को बताया कि सभी लोग अपने-अपने बूथ पर जी जान से लगकर 80% वोट अपने पक्ष में करवायें, जिससे 400 का आंकड़ा पूरा हो जाए। जिला मंत्री बिंदेश्वरी वर्मा ने कहा कि आजादी के बाद भाजपा ही ऐसी सरकार है। जो सबका साथ सबका विकास को लेकर चलती है। कांग्रेस और सपा जात-पात की राजनीति करती है। जो जनता समझ चुकी है किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है। जिला उपाध्यक्ष वैभव सिंह आए हो लोगों को आभार व्यक्त करते हुए कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के पक्ष में वोट देने का अपील किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से छपिया के मंडल अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य अवधेश पांडे, अब्दुल कयूम, बिजेंदर वर्मा, अजय वर्मा, पूर्व जिप सदस्य रोहित भारती, कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

तैयारी

निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण खंड-दो को मिली, सीएम के प्रोजेक्ट अलंकार योजना को लेकर खुशी की लहर

# एक करोड़ से बदलेगी एमडीबी सिंह विद्यालय की सूरत

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचारः** एक करोड़ रुपए से विद्यालय की सूरत सुधारी जाएगी। निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण खंड-दो को सौंपी गई है।

महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के विद्यालय भवन के कायाकल्प के लिए एक करोड़ दो लाख रुपए अवमुक्त कर दिया गया है। प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीर्ण-शीर्ण राजकीय, अनुदानित तथा संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प करने की योजना को अमली जामा पहनाना शुरू किया है।

इस योजना के तहत जनपद के नौ माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर को एक करोड़ दो लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। इसके तहत चार परियोजनाओं पर कार्य होना है जिसमें तीन नए शिक्षण कक्षा का निर्माण, क्रीड़ा प्रांगण के बाउंड्रीवाल का निर्माण, विद्यालय के कमरों तथा छत के प्लास्टर के साथ-साथ कमरों की रंगाई पुताई भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में किसी भी मुख्यमंत्री ने ऐसी पहल नहीं की है लेकिन प्रदेश की वर्तमान सरकार ने जीर्ण शीर्ण विद्यालयों के कायाकल्प के लिए धन राशि आवंटित किया है। जिससे जनपद के विद्यालयों की स्थिति संवरेगी और छात्र छात्राओं को बेहतर भवन एवं प्रांगण मिलेगा जिससे उनके पठन-पाठन में गुणात्मक सुधार आएगा।




बेलसर स्थित एमडीबी सिंह इंटर कॉलेज। अमृत विचार



प्रधानाचार्य अजीत सिंह। अमृत विचार

शिक्षण कक्षा का निर्माण- 3434375 रुपए से
क्रीड़ा प्रांगण के बाउंड्रीवाल का निर्माण- 1645923
विद्यालय के कमरों तथा छत का निर्माण- 3870267
विद्यालय भवन की रंगाई पुताई - 1286684

# अधूरे कार्यों को पूरा करने पर जोर

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक के पंचायत सचिवों की बैठक मंगलवार को खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प व मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों के आवासों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत सचिवों को मनरेगा के तहत निर्माण कार्यों में गतिशीलता लाये जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर आजम खान, महेंद्र प्रताप सिंह, अमरजीत, मालिक राम, राजेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बकाएदारों के मामलों का किया गया निस्तारण

**रुपईडीह, गोंडा:** किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर द्वारा चार किसानों तथा व्यावसायिक ऋण के एक बकायादार को मिलाकर लोक अदालत के माध्यम से पांच बकायादारों के चल रहे लंबित मामलों का निस्तारण किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि अन्य बकायेदारों के चल रहे लंबित मामलों के लिए के लिए प्राप्त पत्रावलियों का परीक्षण कर उन्हें भी समाधान योजना का लाभ दिए जाने का प्रयास किया जाएगा।

### नए आरएम होंगे अपराजित श्रीवास्तव, अंकुर जाएंगे

**गोंडा कार्यालय:** हरदोई में तैनात रहे सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव देवीपाटन मंडल के नए क्षेत्रीय प्रबंधक का चार्ज संभालेंगे। अब तक यहां चार्ज संभाले क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर विकास का तबादला हो गया है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर की ओर से जारी आदेश पत्र में हरदोई के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक का काम देख रहे अपराजित श्रीवास्तव को स्थानांतरित कर देवीपाटन क्षेत्र में आरएम के प्रभारी के रूप में दायित्व सौंपा गया है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**इटियाथोक, गोंडा:** तेज रफ्तार एक बाइक सवार युवक स्कॉर्पियो से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम सिंघपुर का रहने वाला अरबाज (17) पुत्र कलीम नएगांव के पास अपने रिश्तेदार असलम के यहां रहकर बेकरी की दुकान पर मजदूरी करता है। सोमवार की देर रात वह बाजार से बेकरी का सामान लेकर वापस घर लौट रहा था। पावर हाउस के सामने गोंडा की तरफ से आ रही एक स्कॉर्पियो से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# 34 वर्ष की राजनीति में कई झटके पर गढ़ते गए बुलंदियों की तस्वीर

## उतार-चढ़ाव, विरोधियों से टकराव तथा किसी आफत से निपटने की कला ही बृजभूषण शरण सिंह को देवीपाटन मंडल का बनाती है सूरमा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा


सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

**अमृत विचार:** 34 वर्ष की राजनीति में कई झटके पर बुलंदियों की सीढ़ी चढ़ने वाले बृजभूषण शरण सिंह को आखिर कहां से मिलती है इतनी ऊर्जा? हर व्यक्ति जानने की कोशिश कर रहा है। उतार-चढ़ाव, विरोधियों से टकराव तथा किसी आफत से निपटने की कला ही बृजभूषण शरण सिंह को देवीपाटन मंडल का सूरमा बनाती है। भाजपा 34 वर्ष की राजनीति में 29 साल भाजपा की डोर ही पकड़ कर चलने वाले बृजभूषण शरण सिंह के टिकट कटने या मिलने के कयास लगाए जा रहे हैं। कोई विकास का दुश्मन कहता है तो कोई उन्हें युवाओं का रहनुमा। बृजभूषण शरण सिंह की ताकत का फलसफा कहां से है और कैसे युवाओं के नेतृत्व कर्ता बने आइए हम आपको बताते हैं।

वर्ष 1991 में राम मंदिर आंदोलन के अगुवाकारों में बृजभूषण शरण सिंह का राजनीति में उभार हुआ। इसके पहले वह साकेत महाविद्यालय से पढ़कर और छात्र राजनीति से निकल कर सीधे राम आंदोलन से जुड़ गए। इसके बाद उन्होंने 1991 में गोंडा लोकसभा सीट जीत कर भाजपा की झोली में डाल दी। इसी कार्यकाल के दरम्यान गोंडा जिले की कटरा विधानसभा क्षेत्र में एक गौकशी की घटना हुई थी और बवाल होने पर कटरा बाजार नगर पंचायत क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया। कटरा बाजार थाने में कई युवाओं व किशोरों को पुलिस ने पकड़ कर थाने में कैद किया था और दंगा भड़काने पर उन्हें दंडित किया जा रहा था। यह सूचना सांसद बृजभूषण शरण सिंह को दी गई। वह अपने लावलश्कर के साथ कटरा थाने निकल पड़े। पुलिस व प्रशासन ने कहा कि क्षेत्र में कर्फ्यू लगा है इसलिए जाने पर प्रतिबंध है। लेकिन बृजभूषण ने उसकी परवाह किए बिना कटरा बाजार थाने पहुंच गए। मौके पर मौजूद तत्कालीन एसपी से उनकी बहस हुई और मामला बिगड़ते देख तत्कालीन एसडीएम को बीच बचाव कराना पड़ा।

**एक लाख से अधिक युवा हैं उनकी ताकत:** कैसरगंज से सांसद भले ही टिकट के जाल में फंसे हैं लेकिन उनकी ताकत एक लाख से अधिक युवा हैं। बृजभूषण शरण सिंह ने नंदिनीनगर कालेज की स्थापना की। इसके बाद गोंडा की कमजोर शिक्षा को आधार बनाकर देवी पाटन मंडल में चार दर्जन से अधिक कालेज व स्कूलों की स्थापना की। इसमें पढ़ने वाले एक लाख से अधिक युवा तथा उनके परिजन सांसद बृजभूषण शरण सिंह की ताकत हैं। इसलिए 1990 के द्रशक में उन्हें गोंडा का मालवीय भी लोग कहने लगे। हरा गोंडा, शिक्षित गोंडा का नारा देकर बृजभूषण शरण सिंह आगे बढ़ते गए और युवाओं को अपने साथ जोड़ते गए।

### गंभीर आरोपों को पार करते हुए बेदाग निकले सांसद

सांसद के पहले कार्यकाल में बृजभूषण शरण सिंह पर आंतकी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगा। और उन्हें टाडा के तहत जेल जाना पड़ा। भाजपा ने 1996 में इसी आरोप के चलते टिकट नहीं दिया। उनके स्थान पर उनकी पत्नी केतकी सिंह को लड़ाया और वह जीत गईं। बृजभूषण शरण सिंह टाडा के आरोप से बाइज्जत बरी हो गए और 1999 में पुन: भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर संसद पहुंच गए। इसके बाद उनके जीतने का सिलसिला जारी रहा। 2004 में बृजभूषण शरण सिंह की जगह घनश्याम शुक्ला को गोंडा से टिकट दिया गया। इसमें घनश्याम शुक्ला की मौत मतदान के दिन मतदान का समय समाप्त होने पर हो गई। इसका आरोप भी बृजभूषण पर लगा। दो बार सीबीआई जांच हुई लेकिन वह बरी हो गए। उधर बृजभूषण सिंह को बलरामपुर सीट से प्रत्याशी बनाया गया। बृजभूषण शरण सिंह ने बाहुबली रिजवान जहीर को पटखनी देकर बलरामपुर सीट से भी विजय हासिल की। लेकिन गोंडा की सीट भाजपा के हाथ से निकल गई। इसी बीच उनके ऊपर कई मामले न्यायालय में चल रहे थे जिसमें वह बरी हो गए। 2009 में सीटों का परिदृश्य परिसीमन की वजह से बदल गया और भाजपा से थोड़ी अनबन होने पर बृजभूषण शरण सिंह ने सपा का दामन थाम लिया और कैसरगंज लोकसभा से चुनाव लड़े और जीत गए। लेकिन गोंडा सीट कमजोर प्रत्याशी होने के कारण 2009 में भाजपा तीसरे पायदान पर पहुंच गई। यहां से कांग्रेस के नेता बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीते और बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन 2014 में वह पुन: भाजपा में वापस लौटे पर 2014 तथा 2019 में सीट जीत कर भाजपा की झोली में डाल दी। 2024 के चुनाव के पहले उन पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न सहित कई आरोप लगे जिसमें अभी तक जांच एजेंसियों ने बृजभूषण शरण सिंह को आरोपी साबित नहीं किया है।

# क्लस्टर बनाकर कृषि निर्यात को दें बढ़ावा

## देवीपाटन मंडल के आयुक्त ने मंडलायुक्त सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंगलवार को मंडलायुक्त सभागार में देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 को लेकर मण्डल के अधिकारियों एवं किसान और निर्यातकों साथ बैठक हुई।

बैठक में कृषि क्षेत्र में निर्यात को बढ़ाते हुए किसानों एफपीओ एवं अन्य हितधारकों की आय को बढ़ाने तथा कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विचार किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि पूरे मंडल में एफपीओ का विकास किया जाए उन्हें क्लस्टर आधारित प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो कृषि उत्पाद दूसरे देशों में निर्यात किये जा रहे हैं उनकी क्वालिटी को और बेहतर बनाया जाए। निर्यात की मात्रा बढ़ाई जाए। निर्यात करने में जिन किसानों को समस्या आ रही है उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। मंडलायुक्त ने मक्का, केला, काला नमक चावल आदि के निर्यात के लिए प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने पर जोर दिया।

उन्होंने हरी सब्जियों के लिए ग्रेडिंग, सॉर्टिंग और निर्यात संवर्धन के लिए पैक हाउस बनाने का निर्देश दिया। इसके तहत किसानों, एपीओ, एफपीसी और स्थानीय खाद्य प्रसंस्करण इकाई को प्रोत्साहित करने करने लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। बैठक में सभी जिलों के कृषि विभाग व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण, किसान और निर्यातक व एफपीओ प्रमुख उपस्थित रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र। अमृत विचार

# रमजान के ईमान में बरकतों की बौछार, बिखरेगी मिठास

**नवाबगंज, गोंडा:** मंगलवार को सहरी के बाद पहले रोज़े की शुरुआत हुई। इस मौके क्षेत्र के आलिमे दीन मौलाना तौफीक रजा निजामी ने कहा रमजान पाक और एक पवित्र महीना होता है। जिसे माहे सैयाम के नाम से भी जाना जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए रमजान का महीना सबसे पाक और पवित्र माना जाता है। अल्लाह और रोजेदारों के बीच रमजान एक मजबूत रिश्ता और राज है। मौलाना ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुक़द्दस किताब कुरान मजीद हर मुसलमान का इमान होता है। इस पवित्र मुबारक महीने में नाजिल हुआ। रमजान के मुबारक महीने में शैतानों को कैद कर जहन्नम के दरवाजे बंद करके अल्लाह ताला जन्नत और रहमत के दरवाजे अपने रोजेदारों के लिए खोल देता है। रमजान माह अजमत, बरकत और सब्र का महीना होता है। अल्लाह अपने बंदों पर पूरे रमजान में रहमतें लुटाता है। रोजेदार के साथ साथ उसके मरहू मीन की मगफिरत करते हुए जहन्नम से आजादी अदा करता है। इसलिए मुसलमान को इस महीने में शानो-शौकत से इबादत करनी चाहिए। सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद शरीफ ने कहा कि मुसलमान रमजान उल मुबारक का एहतराम करें।

# धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**परसपुर, गोंडा:** नगर के राजपुर मुहल्ले में स्थित प्राचीनतम श्री शिव मंदिर जीर्णोद्धार उपरांत महाशिवरात्रि पर्व को ॐ नमः शिवाय जाप व पूजा आराधना कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके बाद मंगलवार को परसपुर कस्बा में डीजे बाजे के साथ धूम पूर्वक प्रतिमा झाँकी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें आसपास के सैकड़ों महिला पुरूष व बच्चों ने अबीर गुलाल उड़ाते हुए हर्षोल्लास पूर्वक प्रतिभाग किया। डीजे, ढोल, ताशा, डमरू, शंखनाद ध्वनि पर थिरकते पाँव श्रद्धालु आगे बढ़े। राजपुर मुहल्ला से प्रारंभ शोभायात्रा आटा हनुमान गढ़ी, ब्रह्मदेव मन्दिर, श्रीराम जानकी मंदिर, राजमन्दिर समेत विभिन्न स्थलों पर स्पर्श दर्शन के लिये आगे बढ़ीं। इस दौरान शांति सुरक्षा के लिए भरपूर पुलिस बल की मुस्तैदी रही है। इस बाबत दुर्गा प्रसाद सोनी का कहना है कि प्राचीनतम शिव मंदिर का पुनरोद्धार राजस्थानी पत्थरों एवं कलाकृतियों में सार्वजनिक रूप से कराया गया है। मंदिर में शिव दरबार की सभी प्रतिमाएं मंगवाई गयी है। शोभायात्रा उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिव पार्वती, गणेश, कार्तिकेय की प्रतिमाओं का स्थापना प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर धन लाल सोनी, ओंकार सोनी, संजीव त्रिपाठी, लप्पू मिश्रा, सुभाष तिवारी, कृष्णा सैनी, बबलू सोनी, कल्लू सोनी, धर्मा सोनी आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

# मतदान केंद्रों पर देखी सुरक्षा व्यवस्था

**कटरा बाजार, गोंडा:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आगामी लोकसभा चुनाव, होली, रमजान माह व भारत सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के दृष्टिगत जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत व जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए अर्धसैनिक बल व पुलिस बल के साथ मंगलवार को थाना कटराबाजार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, मौहल्लों व कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव, होली, रमजान माह व भारत सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के दृष्टिगत आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, आगामी त्योहारों को शान्तिपूर्ण व भयमुक्त होकर मनाने तथा अवांछनीय व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने के लिए एरिया डॉमिनेशन कर आमजन मानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई।

चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दें, अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। रूट मार्च के दौरान मनोज कुमार रावत, राधेश्याम राय, चन्द्रपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।


कटरा बाजार में रूट मार्च करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 100 महिलाओं को दी गई सिलाई मशीन


गुड्स क्राफ्ट के तहत महिलाओं को दी गई सिलाई मशीन। अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा:** देवीपाटन हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से विकास आयुक्त हस्तशिल्प भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से ग्राम करुआ पारा इटियाथोक में गुड्स क्राफ्ट के तहत कुल 100 शिल्पियों को सिलाई मशीन, सीजर, इंची टेप, पटरी टूल्स किट्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एचपीओ रामजी त्रिपाठी, डायरेक्टर प्रवीण, राय विशिष्ट अतिथि राजेश ओझा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गोंडा सुमन द्विवेदी, रत्नेश कुमार, कंपनी से संगीता, आनंद, शक्ति, ममता, पूजा, हस्तशिल्प किरण सोनी गीता मोहिनी नीलम शीला आदि रहीं।

### जंगली जानवर के हमले से किसान घायल

**इटियाथोक, गोंडा:** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करवा में मंसाराम पुत्र राम रसिया अपने खेत की रखवाली कर रहा था। पीछे से जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे एक प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भी घायल व्यक्ति से जानकारी हासिल की और और ग्राम पंचायत में वन विभाग की टीम लगातार जांच पड़ताल कर रही है। वन दरोगा सुभाष यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

### प्रधानाचार्य की हत्या से आहत लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**बभनान, गोंडा:** सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव के हत्याकांड से आहत इंडियन रिफॉर्मर्स ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव मंगलवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मृतक के गांव फूलपुर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया। गगन यादव ने प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मोहन यादव, अमर यादव, विजय यादव, राकेश, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में दो पर मुकदमा

**इटियाथोक, गोंडा:** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर नायक में राजस्व लेखपाल मुक्तेश्वर लाल व राजस्व निरीक्षक देवी प्रसाद ने सुग्गन बानो व अरमान अली पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने व उनके ऊपर हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। सुग्गन बानो ने बताया कि जिस मकान व जमीन के लिए उन पर केस दर्ज कराया गया है पूरी तरीके से निराधार है। अरमान के पिता ने करीब 50 वर्ष पूर्व इस मकान का निर्माण कराया था। जिस पर वह मालिक काबिज है। वहीं विपक्षीगण जनक राम ने चुपके से उनके घर की तरफ दरवाजा खोलकर उनकी जमीन को हड़प लेना चाहते हैं। इस मामले में राजस्व लेखपाल ने विपक्षीगण जनक राम से मिलकर एक पक्षीय कार्यवाही की है, जबकि इस बारे में सुग्गन बानों का स्पष्ट कहना है कि ग्राम पंचायत में कई लोगों ने सरकारी जमीन पर निर्माण कर रखा है।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचने पर केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा:** धारा 24 के तहत भूमि का सीमांकन करने के गए राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल के साथ अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाना चार लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने राजस्व कर्मियों की तहरीर पर बिभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तहसील करनैलगंज में तैनात राजस्व निरीक्षक रामबहादुर पाण्डेय व क्षेत्रीय लेखपाल सर्वेश तिवारी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक वह रविवार को क्षेत्र के ग्राम हीरापुर शाहपुर में स्थित भूमि गाटा संख्या 25 व 30 का धारा 24 के तहत भूमि का सीमांकन करने गए थे। वादी मातादीन, सोनू शुक्ल व अर्जुन सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थाई पत्थर से जरीब को जैसे ही आगे बढ़ाया तभी अचानक गांव के ही चार लोग पहुंचें और उन्हें अपशब्द व जानमाल की धमकी देते हुए जरीब व खसरा छीन लिया और धारा 24 की पत्रावली भी फाड़ डाले। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि रामप्रताप, करण प्रताप रूद्र प्रताप, उदय प्रताप पुत्रगण लालजी के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल का लोकार्पण

**गोंडा कार्यालय:** पीएम मोदी ने मंगलवार को एक स्टेशन एक उत्पाद कार्यक्रम अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर एक स्टाल का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम मे सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान रेल परामर्शदाता जोनल समिति के सदस्य और भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इससे रेलवे स्टेशन पर स्थानीय उत्पाद को बाजार की उपलब्धता सुगम होगी। एरिया मैनेजर मनीष कुमार ने कहा कि इससे यात्रियों के लिए लोकल उत्पाद की खरीदारी आसान होगी। सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा ने मोदी के योगदान की सराहना की। इस मौके पर मनीष कुमार, संजय श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह छाबड़ा, विशाल अग्रवाल, अनिल यादव, केएल यादव, नरेंद्र सिंह व अन्य मौजूद रहे।


चालक और गार्ड का माला पहनाकर सम्मान करते लोग। अमृत विचार

### ट्रेन के ठहराव पर चालक व गार्ड का किया सम्मान

**मसकनवा, गोंडा:** मसकनवा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को मनवर संगम एक्सप्रेस के रूकते ही क्षेत्रीय संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने स्टेशन अधीक्षक अमित कुमार सिंह, बुकिंग क्लर्क शत्रुघ्न प्रसाद, ड्राइवर डीके सिंह, मनोज वर्मा व गार्ड नीरज कुमार श्रीवास्तव को फूल माला से लाद दिया। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष पूरन गुप्ता, महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद मोदनवाल, संरक्षक भरत लाल त्रिपाठी, राज कुमार खूंटी, भइया लाल, जटाशंकर, राम कुमार, चन्द्र प्रकाश बीडीसी, विशाल, मनोज, राजेश कौशल, सुधांशु गुप्ता, श्याम बाबू कमल, दीपक कुमार, सुमित, राजीव, गुड्डू, रमेश कुमार, राधेश्याम, नियाज अहमद, आलोक पांडेय, बब्लू सोनी, श्याम कुमार, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह व रेल मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये मसकनवा रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रीय संघर्ष समिति द्वारा समारोह पूर्वक स्वागत किया गया।

### दो बच्चों के बाप ने नाबालिग लड़की को किया अगवा

**मनकापुर, गोंडा:** दो बच्चों का बाप एक नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने पुलिस को आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दिया है। क्षेत्र के एक गांव के निवासी पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि बीते सोमवार दिन में करीब 11 बजे पुत्री घर से गायब हो गयी। काफी खोजबीन करने पर पता चला गांव के ही मंगल गिरी जो पहले से शादीशुदा है और 2 बच्चों का पिता है। उसकी नाबालिग पुत्री को शादी करने की नीयत से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जानकारी होने पर पीड़ित आरोपी के घर गया तो उसकी पत्नी व भाई ने गाली गुप्ता देकर भगा दिया। आरोपी युवक ने पीड़ित को फ़ोन कर जान से मारने की धमकी भी दी है। वहीं प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुयी है जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।


स्मार्ट फोन के साथ बच्चे तथा सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

### बच्चों को सांसद ने वितरित किया स्मार्ट फोन

**बेलसर, गोंडा:** जगदम्बा शरण महाविद्यालय बेलसर में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे। उन्होंने बालिकाओं से सवाल किया कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के हित के लिए कौन कौन से कार्य किए हैं। एमए की छात्रा मानसी शुक्ल ने बताया कि महिलाओं के लिए बहुत सारे कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किए हैं। सबसे बड़ा कार्य तीन तलाक का किया है। सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोक सभा व विधान सभा के चुनाव में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होगी यह कानून भी भारतीय जनता पार्टी की देन है। उन्होंने एक शेर के माध्यम से बच्चों को उत्साहित किया। कहा कि 1975 में कांग्रेस की इंदिरा सरकार ने इमरजेंसी लागू कर बड़े बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया था, मुझे में जेल जाना पड़ा था। लेकिन युवाओं ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए एक नारा लगाया। इंदिरा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी। इस विरोध के कारण इंदिरा की कांग्रेस सरकार को पराजय का सामना करना पड़ा था।

### दहेज की मांग पर महिला की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा:** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की ससुराली जनों ने पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पति, ननद व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के मैनपुर गांव निवासी विजय लक्ष्मी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका मायका थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में है। बीते तीस जून 2020 में उसकी शादी मैनपुर गांव के शिवम् पांडेय उर्फ हनुमान प्रसाद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त रुपये की मांग किया करते थे। सोमवार की सायं उसके यहां मैनपुर गांव में भंडारे का आयोजन था। जिसमें उसके मायके वाले भी आए थे। सायं के समय उसके पति शिवम्, ननद लक्ष्मी देवी तथा ससुर सत्यदेव पांडेय उससे रुपया मांगने लगे। मना करने पर गाली देते हुए मारने लगे, बचाने आए उसके भाई कृष्णा तिवारी, मारुति नंदन तिवारी तथा मां सरिता देवी को भी मारा-पीटा।

# लक्ष्मी, मुनिया, काजल व अमन चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल

**गोंडा कार्यालय:** मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग बीस बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुनिया तिवारी ने भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर। उन्नति, काजल व किट्टू ने बेगारी न करवाओ इन हाथों में कलम थमाओ। अमन, रीना, रूमा, दीपक ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। अनामिका, रिया व चांदनी ने मीना की दुनिया। रुबी व अर्चना ने हमारे राष्ट्रीय प्रतीक। रीता यादव, अंकित, अंजुम ने पर्यावरण प्रदूषण पर। संगीता, महिमा, रीना, हिमांशी व लक्ष्मी सिंह दिनकर ने पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ। अमन कुमार ने मनुष्य का पाचन तंत्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तथा अवनीश, शुभम भारद्वाज ने साफ सफाई का रखो ध्यान, कूड़ेदान का करो प्रयोग आदि थीम पर बच्चों ने पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में मुनिया तिवारी, लक्ष्मी व अमन संयुक्त रूप से प्रथम। काजल पासवान, रूबी, किट्टू व महिमा संयुक्त रूप से द्वितीय व अर्चना, रूमा, सुषमा, रिया व चांदनी तृतीय स्थान पर रहे।


चित्रकला प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

## सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**परसपुर, गोंडा:** क्षेत्र के सीबीएन मार्ग पर डेहरास के समीप सोमवार की रात में सड़क हादसे में बाइक सवाई तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय जनों व पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां से रेफर लखनऊ में इलाज के दौरान एक युवक की मृत्यु हो गयी। जिससे परिजनों में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि मांगलिक कार्यक्रम से अपने घर वापस लौट रहे बाइक सवार तीन युवक चौपहिया वाहन के जद में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया।


ग्रामीणों को समझातीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा बंद करो

**करनैलगंज, गोंडा:** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को गांव गांव जाकर ग्रामीणों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व दहेज प्रथा बंद करने के लिए प्रेरित किया। सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में कम्पोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रथम एवं दूसरी इकाई के प्रतिभागियो को प्रथम सत्र में 7 टोलियों में बांटकर ग्राम सीरपुरवा, गोड़ियन पुरवा, बसुआ एवं नेपाल पुरवा आदि गांवों में जाकर ग्रामवासियों को "दहेज एक अभिशाप है" इसे न लेना चाहिए और न ही देना चाहिए के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र के बौद्धिक कार्यक्रम का शीर्षक "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" के बारे में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। यदि उन्हें संस्कार युक्त और उच्च शिक्षा दी जाये तो परिवार, समाज, देश का नाम रोशन करती हैं।

# मतदान केन्द्र के खामियों पर नाराज हुईं डीएम, बीडीओ समेत 3 का वेतन रोका

**सख्ती**

▶▶ **मतदान केंद्र पर रैंप और प्रकाश व्यवस्था भी है गायब**

**बहराइच/पयागपुर**

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने तथा निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल विशेश्वरगंज मतदान केन्द्र (कंछर) का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र पर रैम्प व प्रकाश सहित मानक के अनुसार अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त न पाये जाने तथा मतदान केन्द्र पर बीएलओ का विवरण अंकित न होने पर डीएम ने कड़ी जताते हुए बीडीओ समेत तीन का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया।

डीएम मोनिका रानी मंगलवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए पहुंची। डीएम ने मतदान केंद्र पर खामियां मिलने पर खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी तथा पंचायत सचिव का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न किये जाने का निर्देश दिया। मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि विगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में कंछर मतदान केन्द्र पर मात्र 25.96 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया था। यहां पर मात्र 25 प्रतिशत मतदान होने की वजह जानने पर बूथ लेबिल


मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम मोनिका रानी। अमृत विचार

अधिकारियों द्वारा डीएम को बताया गया कि मतदान केन्द्र से सम्बन्धित मतदाता सूची में ग्राम सुल्तानामाफी के नाम शामिल थे जिन्हें बड़ी में सूची से डिलीट किया गया है। डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि कंछर व सुल्तानामाफी की मतदाता सूची का मिलान करते शत-प्रतिशत डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाकर सूची को पूरी तरह त्रृटिरहित बनाया जाए। डीएम ने एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार व तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार को निर्देश दिया डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम डिलीटेशन कार्य का विरोध करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जाए। डीएम मोनिका रानी द्वारा तहसील प्रशासन को यह भी निर्देश दिया गया कि विधानसभा क्षेत्र के अन्य मतदान केन्द्रों की सूची में यदि डुप्लीकेसी की संभावना पायी जाती है तो उन्हें भी दुरूस्त कराया जाए मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान डीएम ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति तथा पीएम किसान सम्मान निधि में ई-केवाईसी इत्यादि की भी समीक्षा करते हुए प्रधान कृष्ण कुमार गिरी व कोटेदार को निर्देश दिया कि गांव के सभी वंचित लोगों का ई-केवाईसी व आयुष्मान कार्ड बनवाया जाये तथा सभी वंचित पात्र लोग योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मतदान केन्द्र कंछर के निरीक्षण हेतु पहुंची डीएम ने जूनियर हाईस्कूल विशेश्वरगंज के परिसर में आयोजित जागरूकता शिविर का भी निरीक्षण किया। डीएम ने शिविर में मौजूद ग्रामवासियों का आहवान किया कि आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

**साहब नहीं मिल रही पेंशन**

शिविर में मौजूद बुजुर्ग महिला सरस्वती, दयावती व जैतूना से डीएम ने हाल पूछा तो महिलाओं ने बताया कि उन्हें मिलने वाली पेंशन किसी कारणों से रूक गई। जिससे उन लोगों को गुज़र-बसर करने में कठिनाई आ रही है। डीएम ने बुज़ुर्ग महिलाओं को आश्वस्त किया उन्हें शीघ्र ही पेंशन प्राप्त होने लगेगी। बुज़ुर्ग महिलाओं को पेंशन न मिलने की शिकायत का भी संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत सचिव अनूप पाण्डेय पर नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल पेंशन सम्बन्धी समस्या निस्तारण कराएं।

## विवादित भूमि से काट डाले आम के पेड़

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के राजा रेहुवा गांव में कुछ लोगों ने स्टेशुदा भूमि पर लगे बौर लदे आम के पेड़ों को कुछ लोगों ने काट डाले। पीड़ित ने पुलिस, वन व राजस्व विभाग से मामले की शिकायत की है। बौंडी थाना क्षेत्र के राजा रेहुआ गांव निवासी अशोक कुमार सिंह ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया है कि राजा रेहुवा ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 420 मि में वह और अन्य काश्तकार सहखातेदार हैं। भूमि का बंटवारा वाद उपजिलाधिकारी महसी के न्यायालय पर विचाराधीन है और बंटवारे तक स्थगन आदेश जारी है। इसी भूमि पर सिविल न्यायालय से भी स्थगन आदेश है। बावजूद इसके मंगलवार की सुबह कुछ काश्तकारों ने स्टेशुदा भूमि में लगे बौर से लदे दो आम के पेड़ों को कटवा डाला। वन क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अभिषेक सिंह ने बताया कि बिना परमिट के आम के पेड़ काटे गए थे इसलिए जुर्माना किया गया है। लकड़ी को दूसरे की सुपुर्दगी में रखा दिया गया है।



**दूसरा रोजा**

शिया
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 58 बजे
इफ्तार : 06.11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का आज होगा प्रसारण

**बहराइच, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को अपरान्ह 04 बजे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं अनुसूचित बैंकों के माध्यम से एक लाख लाभार्थियों को वर्चुअल ऋण वितरण एवं पीएम सूरज पोर्टल, पीएम नमस्ते योजना, पीएम दक्ष स्कीम व आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का महाराजा सुहेलदेव, स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण किया जायेगा।

### भूमि विवाद मामले में दोनो पक्षो की तहरीर पर केस

**बहराइच, अमृत विचार :** देहात कोतवाली के कटहा के मजरे नरायनसिंहपुरवा मे गुरूवार को भूमि विवाद में प्रताप बहादुर सिंह पुत्र ननकू सिंह व बृजेश सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह के बीच मारपीट की वारदात हुई थी। जिसमें दोनो चोटहिल हुए थे। घायलों को मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर बृजेश सिंह ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इस मामले में प्रताप की तहरीर पर बृजेश सहित दो को नामजद कर मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। जबकि दूसरे पक्ष से बृजेश की पत्नी पम्मी सिंह बवीता ने संतोष सिंह सहित पांच पर बलवा, घर में घुसकर मारपीट, धमकी व गाली गलौज की धाराओं में केस दर्ज कराया है ।

### दो थानाध्यक्ष भेजे गए लाइन

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मंगलवार को चार निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। एसपी ने बताया कि कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय और विशेश्वरगंज के पंकज कुमार सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस लाइन के निरीक्षक नवीन कुमार सिंह को विशेश्वरगंज और राकेश कुमार सिंह को कोतवाली नानपारा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

# नशे में विवाद पर बड़े भाई की धारदार हथियार से हत्या

## रात को हुआ था विवाद, पुलिस कर रही मामले की जांच

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र में सोमवार रात को बड़े भाई की छोटे भाई ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली देहात के टिकोरा मोड़ निवासी हरी चंद्र यादव (35) पुत्र राम पाल से सोमवार को छोटे भाई मौजी यादव का विवाद हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक शराब के नशे में हुए विवाद में एक दूसरे में जमकर मारपीट हुई। छोटे भाई ने बड़े भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिवार के लोग रात 11 बजे के आसपास घायल हरी चंद्र को लेकर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डॉक्टर ने हरी चंद्र को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। हालांकि परिवार के लोगों ने अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


युवक की हत्या के बाद पोस्टमार्टम हाउस आए मृतक के परिवार के लोग।

**तो इसलिए हुई हत्या**

गांव के लोगों के साथ मृतक के परिवार के लोगों ने बताया कि हरीचंद्र अपनी पत्नी को शराब के नशे में अपशब्द कह रहा था। जिसका छोटा भाई विरोध कर रहा था। छोटे भाई ने इसी दौरान नाराजगी जताते हुए फरसा मार दिया। जिससे मौत हो गई।

# हाथ पैर टूटने पर पुलिस दर्ज करती है एनसीआर

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** पयागपुर थाना क्षेत्र में एक परिवार को दबंगों ने जमकर मारापीटा। जिसके चलते ग्रामीण का हाथ और उसके बेटे का पैर टूट गया। लेकिन पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इस पर मंगलवार को डीएम और एसपी को परिवार ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाई की मांग की है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांधी कुइया निवासी विनोद कुमार पुत्र घनश्याम तिवारी की पत्नी का गांव निवासी गिल्ली पुत्र देवदत्त, सत्यम आदि के परिवार से 15 फरवरी को बच्चे के मामले को लेकर विवाद हुआ था। इसको लेकर विपक्षी खुन्नस रखते थे। विनोद कुमार ने डीएम और एसपी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि बच्चे के विवाद के खुन्नस को लेकर 18 जनवरी को सभी ने उसे और उसके बेटे की जमकर पिटाई की। जिसके चलते विनोद का हाथ टूट गया। जबकि बेटे का पैर फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज किया। जबकि आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज होना चाहिए। ऐसे में न्याय दिलाने के लिए डीएम और एसपी मामले की जांच कराकर विवेचना में धारा बढ़वाए जाने की मांग की है। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ को जांच कर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।


डीएम को शिकायती पत्र देने आए पिता और बेटी। अमृत विचार

**सार-संक्षेप**

### इंडियन इंटेलिजेंस टेस्ट में सफल प्रतिभागियों का सम्मान


कैसरगंज में सम्मानित छात्र। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** इण्डियन इंटेलिजेंस टेस्ट परीक्षा में कंचन कान्वेंट स्कूल के पांच छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मंगलवार को सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के सभागार मे आयोजित समारोह के तहत उन्हें मेडल व प्रशस्तिपत्र पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा आकांक्षा श्रीवास्तव ,नुजहत फातिमा, आयुष गुप्ता, इकरा शेख व आस्था शुक्ला को विद्यालय के निदेशक मनीष श्रीवास्तव, सहायक निदेशक संगीता श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओ को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव को भी विद्यालय प्रबंधक ने प्रतीक चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर एसके सिंह, कार्यालय अधीक्षक विजय मिश्रा, कार्यालय सहायक उमा शंकर यादव,मोहम्मद माजिद,अबरार अहमद, प्रदीप श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, मो0 नसीब, अभिषेक सिंह, मोहम्मद शमी, राजेश मिश्रा, पवन सिंह, सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### रोजा इफ्तार में शामिल हुए सैकड़ों लोग


रोजा इफ्तार में शामिल लोग। अमत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह में मंगलवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ जिसमें काफी लोग शामिल हुए। शहर के दरगाह में सैयद सालार मसूद गाजी अस्ताना स्थित है। अस्ताना परिसर में रमजान मां के मौके पर मंगलवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ प्रबंध समिति अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद डॉकेट ने बताया कि कमेटी की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में दूर दराज के लोगों को आमंत्रित किया गया। उपस्थित लोगों ने शाम को रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत की। इस दौरान सदस्य बच्चे भारती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने बूथों का किया निरीक्षण

**पयागपुर, बहराइच,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर जनमानस से आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील कर रही है। मंगलवार को थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने पुलिस टीम के साथ प्राथमिक विद्यालय भूपगज की पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता का पालन करने,शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने,भय व तनावमुक्त स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान करने की लोगों से अपील की।उन्होंने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे महादान और लोकतंत्र के लिए बेहद अहम बताया। श्री चतुर्वेदी ने सभी से शांति व्यवस्था में गड़बड़ी न होने पाये इसके लिए सजग रहने व पुलिस को सूचित करने की बात कही।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को अपना मोबाइल नंबर देकर किसी भी वक्त फोन करने की बात कही।इस दौरान चौकी प्रभारी दिनकर शुक्ला, सभासद सरदार रमन सिंह अरोरा,मुकेश शर्मा,लाहौर सिंह,प्रमोद शर्मा,सूरज सिंह, इब्राहिम ,अख्तर अली,पवन शर्मा मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बहराइच,अमृत विचार :** गोंडा बहराइच रेल प्रखंड पर मंगलवार शाम को गोंडा से आ रही डेमू ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। कोतवाली देहात के चिलवरिया बाजार निवासी मेराज पुत्र आजाद मंगलवार शाम को रेल पटरी के निकट से जा रहा था। गोंडा बहराइच रेल मार्ग पर चिलवरिया बाजार के निकट गोंडा से आ रही डेमू ट्रेन की चपेट में मेराज आ गया। जिससे ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार के लोगों को सूचना दी गई। परिवार के लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

# संविदा कर्मियों ने जेई से की मारपीट

**बहराइच, अमृत विचार:** नानपारा के बंजारन टांडा स्थित बिजली उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियंता के साथ मारपीट की। हमले में घायल अवर अभियंता का चश्मा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित अवर अभियंता की तहरीर पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कराया गया है ।

नानपारा कोतवाली के बंजारन टांडा बिजली उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियंता सुनील कुमार वर्मा सोमवार को दोपहर 11 बजे बरदहा बाजार में लगे बकाया वसूली शिविर पर पहुंचे। वहां संविदा कर्मी खैरीघाट थाने के इमाम गंज निवासी निर्मल कुमार, ललईपुरवा निवासी शिवपाल यादव वेतन कटौती के मामले में सार्वजानिक स्थान पर बहस करने लगे। जिस पर अवर अभियंता ने उन्हे उपकेन्द्र पर आने को कहा। सोमवार दोपहर एक बजे यह दोनो संविदा कर्मी अन्य कर्मियों के साथ उपकेन्द्र आए। अवर अभियंता का आरोप है कि बातचीत शुरू होती उसके पूर्व दोनों संविदा कर्मियों ने उन पर हमला कर मारपीट की।

# नगर में अतिक्रमण को लेकर ईओ को कोतवाल ने भेजा पत्र

**नानपारा, बहराइच :** नानपारा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। इसको देखते हुए कोतवाल ने अधिशासी अभियंता के साथ एसडीएम को पत्र भेजा है। नानपारा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण काफी बढ़ गया है। नगर पालिका क्षेत्र के नवाबगंज तिराहा, गोयल तिराहा, इमामगंज तिराहा, नानपारा सीएचसी, कतरनिया तिराहा, इमामगंज तिराहा से शिवपुर बाईपास तथा नगर पालिका स्थित सभी मुख्य एवं लिंक सड़कों के किनारे काफी संख्या में फुटपाथ पर ठेले व अस्थाई दुकान लगाये जा रहे हैं, जिसके चलते नगर में अतिक्रमण बढ़ गया है। अतिक्रमण के चलते दो पहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं।इसको देखते हुए पुलिस को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने अतिक्रमण की समस्या को कम करने के लिए अधिशाषी अभियंता और एसडीएम को पत्र भेजकर अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है।

# डिवाइडर पर चढ़ा मल्हीपुर चौराहे पर ट्रक

**बहराइच :** दरगाह थाने के आसाम हाईवे के मल्हीपुर चौराहे पर बने गोल डिवाइडर पर सोमवार रात दो बजे दवाई से लोड तेज रफ्तार ट्रक चढ़ गया। ट्रक के सभी पहिए उखड़ गए। गनीमत यह रही ट्रक पलटा नही। दो माह में गोल डिवाइडर से ट्रक टकराने की यह चौथी दुर्घटना है। ट्रक चालक जम्मू निवासी मोहम्मद आसिफ ने बताया कि जम्मू से दवा लोड कर आसाम के गौहाटी ले जाई जा रही थी।

# स्टील के बर्तन की शुरुआत, प्लास्टिक से मिलेगी मुक्ति

**संवाददाता, बौंडी, बहराइच**

**अमृत विचार :** गाँव में सामूहिक आयोजन विवाह, मुंडन, बरही, जन्मदिवस आदि में प्लास्टिक या थर्माकोल के बने बर्तनों जैसे भोजन थाल, कटोरी, ग्लास, चम्मच आदि का उपयोग किया जाता है। उपयोग के बाद इन्हें आस पास फ़ेका जाता है या फिर जला दिया जाता है। प्लास्टिक को इधर उधर फेंकना या जलाना पर्यावरण व हमारे लिए हानिकारक है। उपयोग के बाद फेके गए प्लास्टिक के बर्तन हमारे खेतों, नालियों, तालाबों और नदियों में जाते हैं और प्रदूषण का कारण बनते हैं।

जिले में पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सीईई) में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के सहयोग से प्लास्टिक टाइड टर्नर चुनौती का संचालन समुदाय में शुरू हुआ है।कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के प्रति जागरुकता लाना है।

इसके समाधान के लिए सीईई द्वारा राजा बौंडी ग्राम पंचायत के युवाओं को प्रेरित किया गया और प्रकृति मित्र भोज सेवा केंद्र के नाम से बर्तन बैंक की शुरुआत की गई है। जहाँ पर समुदाय के लोगों को स्टील की भोजन थाली, ग्लास, चम्मच एवं अन्य समान उचित दर पर किराए पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि अपने गाँव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के साथ साथ प्रकृति संरक्षण में भी अपना योगदान दे सकें। बर्तन बैंक का शुभारम्भ मंगलवार को ग्राम पंचायत राजा बौंडी में, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा फ़ीता काट कर किया गया। उद्घाटन के मुख्य अतिथि गाँव के प्रमुख समाजसेवी कौशल गुप्ता ने कहा कि यह एक तरह की अनूठी पहल है। जिससे सामूहिक आयोजनों में उपयोग होने वाली एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी आएगी साथ ही साथ प्रकृति संरक्षण में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में बौंडी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह, घरेहरानक़दिल पुर के प्रधान धर्मपाल, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक बेचेलाल पाठक, दिनेश तिवारी, दीननाथ, राजकुमार साहू व संस्था की ओर से ज्ञानेंद्र दीक्षित, विपिन वर्मा, एवं ग्राम पंचायत के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


बर्तन बैंक का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# विषाक्त पदार्थ खाकर दो लोगों ने दी जान

**बहराइच**

**घटना**

● **रिसिया और फखरपुर थाना क्षेत्र में हुई घटना**

**अमृत विचार:** जिले के रिसिया और फखरपुर थाना क्षेत्र में विशाल पदार्थ खाकर दो लोगों ने जान दे दी। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

फखरपुर थाना क्षेत्र के अंगनापारा गांव निवासी सनी प्रसाद साहू पुत्र फूलचंद साहू ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया परिवार के लोग उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए। यहां हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में देर शाम को इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर रिसिया थाना क्षेत्र के फतना गांव निवासी राजकुमार पुत्र इतवारी की लाश घर से कुछ दूरी पर स्थित बाग में आम के पेड़ से लटकती मिली परिवार के लोगों ने बताया कि कर्ज से परेशान होकर राजकुमार ने जान दी है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी किसी भी मामले में परिवार के लोगों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

**एसडीएम को पत्र**

90 से अधिक ग्रामीणों ने जमीन पर कर लिया कब्जा, 3660 बीघा स्थित है जमीन, 60 बीघा में संचालित है एकलव्य माडल विद्यालय

# समाज कल्याण की 792 एकड़ जमीन पर दबंगों की टेढ़ी नजर

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत भुजिया में समाज कल्याण विभाग की 792 एकड़ जमीन स्थित है। इस जमीन पर कुछ भू माफियाओं की नजर गड़ गई है। समाज कल्याण के मुताबिक लगभग 90 ग्रामीणों ने जमीन पर कब्जा भी कर लिया है। जिन्हें खाली करने के लिए एसडीएम को पत्र लिखा गया है।

मोतीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बोझिया जंगल से सटा हुआ है। ग्राम पंचायत में समाज कल्याण विभाग की 3660 बीघा (792) एकड़ जमीन है। इस सरकारी जमीन पर कुछ भू माफियाओं की नजर गड़ गई है। जिसके चलते ग्रामीणों के सहारे अन्य लोग इस जमीन पर धीरे धीरे कब्जा करते जा रहे हैं। समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर गुप्ता के मुताबिक 90 से अधिक ग्रामीणों ने विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। इसको देखते हुए एसडीएम को पत्र भेजकर जमीन को कब्जा मुक्त करवाने की मांग की गई है। लेकिन अभी तक तहसील की ओर से कोई कार्यवाई नहीं की गई है। ऐसे में सरकार की इस जमीन पर कुछ लोगों की नजरें टेढ़ी हो गई हैं।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जमीन पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है कब्जा हटवाने के लिए एसडीएम को पत्राचार किया गया है जल्द ही जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा जो भी अनुसूचित जनजाति के लिए योजना आएगी। उसका निर्माण इसी जमीन पर कराया जायेगा।

जमीन को खोज नहीं करनी पड़ेगी। मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग की जमीन पर पर ही 60 बीघा में एकलव्य माडल इंटर कॉलेज का निर्माण हुआ हैं। जिसमें अनुसूचित जनजाति के छात्र और छात्राएं अवसीय विद्यालय में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।


समाज कल्याण अधिकारी।

**ग्रामीणों ने दिया था धरना**

बोझिया गांव के ग्रामीणों ने एक माह पूर्व जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना दिया था। जिसमें सभी का कहना है कि बिना नोटिस के उन्हें हटाया जा रहा है। ऐसे में तहसील प्रशासन भी बेबस बन गया है।

**चुनाव के बाद हो सकती है कार्रवाई**

ग्राम पंचायत बोझिया में काफी मात्रा में समाज कल्याण विभाग की जमीन है। इस जमीन को कभी भी अतिक्रमण से खाली करवाया जा सकता है। चुनाव के घोषणा और तैयारी का इंतजार किया जा रहा है। सरकार की जमीन पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है।

# भाजपा महिला अवध क्षेत्र की मंत्री को धमकी

**बहराइच**

**अमृत विचार :** शहर क्षेत्र में आपराधिक वारदातें लगातार बढ़ रही है। हालत यह है कि भाजपा महिला मोर्चा अवध क्षेत्र की मंत्री व चिकित्सक को मोबाइल पर काल कर जानमाल की धमकियों से भाजपा नेत्री दहशत मे है। एक नाबालिग की पैरवी करने पर युवक उन्हे व उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा है। यही नही बैखोफ युवक शनिवार को चिकित्सक के घर के बाहर खड़े होकर उनके छोटे बेटे को धमकाकर पूछताछ करते दिखा है। नामजद तहरीर देकर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। लेकिन अभी तक नाबालिग की तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

नगर कोतवाली के अकबरपुरा निवासनी डॉ. अनीता जायसवाल पत्नी सुधीर जायसवाल को छोटी बाजार निवासी इरशाद लगातार मोबाइल पर काल कर चिकित्सक व उनके परिजनों को जान से मारने की धमकियां दे रहा है। यही नही शनिवार को इरशाद दोपहर 10 - 11 बजे के बीच अकबरपुरा स्थित आवास के बाहर चिकित्सक के छोटे बेटे को बुलाकर धमकाते हुए पूछताछ करते दिखा है। नगर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार को मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

उधर जिस नाबालिग लड़की की भाजपा नेता द्वारा पैरवी की जा रही थी। उस मामले में नाबालिक ने दुष्कर्म करने, वीडियो बनाकर वायरल करने समेत अन्य आरोप लगाकर तहरीर दी है। लेकिन अभी तक उस मामले में कोई कार्यवाई नहीं हुई है। इसको लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष, एमएलसी और सदर विधायक ने भी नाराजगी जताई है।


डॉ. अनीता जायसवाल।

## एक नजर

### दो डंपर और 1 पोकलैंड सीज

जरवल रोड, बहराइच : क्षेत्र में सरकारी जमीन में बिना किसी अनुमति के मिट्टी खनन करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ ने बताया कि उप निरीक्षक आदित्य कुमार, श्रवण कुमार, निरीक्षक रविंद्र प्रताप गिरी, सिपाही धीरेंद्र यादव, राहुल यादव, रंजय लाल साहनी और लेखपाल पंकज कुमार की टीम ने छापेमारी की। टीम को मौके पर सरकारी भूमि में मिट्टी खनन करते दो डंपर और एक पोकलैंड मिली। जिस पर तीनों वाहनों को सीज करते हुए सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

### 100 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

बहराइच : आरोग्य भारती बहराइच एवं डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर बहराइच के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम चंदनापुर सिकडिहा में किया गया। आयोजन में डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. मनीष शुक्ला, फार्मासिस्ट गुरु प्रसाद शुक्ला एवं पीआरओ गौरव पांडे, धर्मेंद्र नाथ शुक्ला, सतीश कुमार, अरुण यादव, महेंद्र कुमार शुक्ला, एलटी अंकित शुक्ला, ग्राम प्रधान रामछबीले निषाद एवं अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 35 मरीजों के खून की निःशुल्क जांच की गई एवं दवा का वितरण निःशुल्क किया गया। शिविर में लगभग 100 मरीजों का उपचार किया गया।

### 30 लीटर शराब से साथ तीन धराए

जरवलरोड, बहराइच : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जरवल रोड थाने की पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक बृजप्रसाद ने बताया कि उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, एसआई आदित्य कुमार, हेड कांस्टेबल उदयभान यादव, व्यसमुनि वर्मा, राहुल यादव, सूरज बहादुर, महिला सिपाही सीमा पांडेय, सौम्या पांडेय, कोमल गुप्ता की संयुक्त टीम ने गांव में दबिश दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चिरंधा चिरैंधापुरवा के निकट से परशुराम पुत्र देवीदीन, दयाराम निवासी करनईडीहा और कृष्ण नाथ निवासी अहाता को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बहराइच : दरगाह इलाके के वजीरपुर के पास सोमवार रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घायल की पहचान होते ही पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मार्च्युरी मे रखवाया। दरगाह थाने के पकड़ी गांव निवासी 19 वर्षीय हेमंत कुमार राव पुत्र राम मिलन सोमवार रात वजीर पुर जा रहा था। वजीरपुर के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# एसएसबी व पुलिस ने कराया सुरक्षा का एहसास

पयागपुर/राजीचौराहा

**अमृत विचार :** चुनाव के साथ ही होली तथा रमजान के त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने को लेकर पुलिस टीम ने रुट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। हरदी क्षेत्र में बहराइच सीतापुर मार्ग पर एसएसबी जवानों के साथ पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

थानाअध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस की टीम ने प्रमुख बाजारों के साथ चौक चौराहों व कस्बों में रूट मार्च निकालकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था का अहसास कराया।

थानाअध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस द्वारा अशांति फैलाने वाले लोगों पर पैनी नजर है,किसी ने अगर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसकी जगह जेल के सलाखों में होगी।उन्होंने सभी से होली तथा रमजान त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाए जाने की अपील की।इस दौरान चौकी उप निरीक्षक मुकेश पाण्डेय,राजेश कुमार,चौकी प्रभारी दिनकर शुक्ला,आरक्षी रूपेश कुमार,अंगद राय संतोष यादव, निर्भय नाथ पांडे, आशुतोष,नरसिंह शर्मा, के सी सिंह ,सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में हरदी पुलिस और एसएसबी के जवानों ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। आचार संहिता से पूर्व सीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एसओ हरदी संतोष कुमार ने पुलिस कर्मियों व एसएसबी के दर्जनों जवानों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बनें बूथों बंभौरी, सिसैया, औराही, सिकंदरपुर, सिंगिया नसीर पुर समेत संवेदन शील बूथों का भ्रमण किया। सीओ के साथ एसएसबी जवानों ने भगवानपुर, रमपुरवा, कल्यानपुरवा, महराजगंज, महसी कस्बा, राजी चौराहा समेत विभिन्न चौराहों व कस्बों में पैदल गश्त किया। पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया संवेदनशील बूथों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



हरदी में पुलिस और एसएसबी जवान करते गश्त।



पयागपुर में पुलिस जवान करते गश्त। अमृत विचार

### बाइक सवार तस्कर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और पुलिस के जवानों ने एक बाइक सवार तस्कर को नेपाली शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बरामद बाइक और शराब को सीज कर दिया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 650/118 के पास सशस्त्र सीमा बल और पुलिस के जवान गश्त कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सुजीत कुमार दास, मुख्य आरक्षी मंटू सिंह, गोविंद गुरेन, और पुलिस टीम के उप निरीक्षक जितेश कुमार, अरविंद यादव की जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोका गया। बाइक सवार के पास 152 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। जिस पर बाइक और शराब को सीज कर दिया गया है। जबकि बाइक सवार तस्कर की पहचान राज कुमार सोनकर पुत्र छोटेलाल निवासी प्रहलाद गांव के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रही एसबीआई

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में स्टेट बैंक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया सभी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने पर एसबीआई के विरुद्ध अवमानना का मामला दर्ज किया जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री सिद्धनाथ श्रीवास्तव और सैयद मोहम्मद अली कादरी की अगवाई में मंगलवार को सभी ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिला मंत्री सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार के दबाव में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया चुनावी बांड के विवरण लोकसभा चुनाव से पहले नहीं देना चाहती है। जिससे कि चुनाव के दौरान भाजपा को पैसा देने वाले लोगों के नाम का खुलासा न हो पाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार चुनावी बांड का विवरण इलेक्शन कमीशन को 6 माह तक देने के लिए आदेश किया गया था। लेकिन समय सीमा पूरी होने के दो दिन पहले एसबीआई ने 116 दोनों का और समय मांगा। ऐसे में एसबीआई सरकार के कहने पर चल रही है। सभी ने लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी बांड का विवरण चुनाव आयोग को देने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन न होने पर अवमानना का केस दर्जन करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस दौरान रामफेरे, अब्दुल खालिक, सब्बन, अभिषेक विक्रम सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते भाकपा पदाधिकारी।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से किशोर समेत दो की मौत

## दहाव गांव में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे बाइक सवार

बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के बहराइच सीतापुर हाईवे के रमपुरवा चौकी के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की मेडिकल कॉलेज लाए जाते समय मौत हो गई। जबकि दूसरे की इलाज के दौरान सांसे थम गई। बाइक सवार किसी मांगलिक कार्यक्रम में जा रहे थे।

हरदी थाने के बहराइच सीतापुर हाईवे के रमपुरवा चौकी के पास सोमवार रात लगभग 11 बजे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार दरगाह थाने के सालारपुर के लोनियनपुरवा निवासी 50 वर्षीय निरहु पुत्र बाबूराम, मटेरा थाने के ऐलासपुर भगवानपुर निवासी 18 वर्षीय अमरेन्द्र पुत्र चेतराम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल सड़क पर पड़े तड़प रहे थे। राहगीरों ने एंबुलेंस मंगाकर घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। चिकित्सकों ने परीक्षण कर अमरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। कुछ समय बाद निरहु की भी मौत हो गई। परिजन जब मेडिकल कालेज पहुंचे तो मौतों की जानकारी मिलते ही हाहाकार मच गया। नगर कोतवाली पुलिस ने लाशों को मार्च्युरी में रखवाया। शाम चार बजे दोनों के शव का पोस्टमार्टम डॉक्टर की टीम ने किया।



सड़क हादसे में दो लोगों की मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

# प्राचीन स्थलों को पर्यटन के रूप में संवार रही सरकार : विधायक



भूमि पूजन करते विधायक और अन्य। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र का विकास होगा। यह बातें विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने पूजन कार्यक्रम के दौरान कही। विधानसभा क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के बाबा परमहंस कुटी के पर्यटन विकास के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मद अन्तर्गत कुल धनराशि 171.20 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा सी एण्ड डीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। जबकि प्राचीन मन्दिर एवं पर्यटन स्थल बाबा परमहंस के पर्यटन विकास के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मद अन्तर्गत कुल धनराशि 71.26 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा आवास विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया है। कुल धनराशि 242.46 लाख रूपये की लागत से दोनों धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास होने से इस क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने बाबा परमहंस कुटी पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं की उपस्थिति विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलालेख का अनावरण किया तथा पर्यटन विकास कार्य का शिलान्यास किया।

## सार-संक्षेप

### पोषण पखवारा रैली को जन प्रतिनिधियों ने दिखाई झंडी



पोषण पखवारा रैली को हरी झंडी दिखाते जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में पोषण पखवाड़ा अन्तर्गत विकास भवन में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक के साथ एमएलसी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। शासन द्वारा 09 से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के तहत मंगलवार को विकास भवन परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली विकास भवन से चलकर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नगर गुरू नानक चौक( अस्पताल चौराहा) पर सम्पन्न हुई। जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं अमिता, पूजा, प्रीती व राधिका की गोदभराई एवं अभिषेक, राधिका, आकृति वर्मा, मुस्तफा और अविनाश का अन्नप्रासन कराया। इस अवसर पर रैली में पोषण भी पढ़ाई भी, स्थानीय, पारम्परिक आहार प्रथा को बढ़ावा देना, गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य एवं आईवाईसीएफ व इसके साथ अन्य गतिविधियो की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा पारम्परिक खाद्य पदार्थो व मिलेट्स आधारित विविध रेसिपी का स्टाल लगाया गया। ''पोषण भी पढ़ाई भी'' थीम पर आधारित प्री-स्कूलिंग की स्टाल प्रदर्शनी भी लगायी गई। कार्यक्रम मे सीडीपीओ हुजूरपुर विमल सिंह, पयागपुर अनिल कुमार, शिवपुर, बड़ी संख्या में कार्यकत्री, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुख्य सेविका तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग से सामान जलकर राख

मिहींपुरवा, बहराइच। तहसील ग्राम पंचायत सेमरीघटही के मजरा पिपरिया में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक घर जलकर राख हो गया घर में रखी सारी गृस्थी भी जलकर नष्ट हो गई। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान अनिल जायसवाल ने घर जलने की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल अतुल गौतम को दी। तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत सेमरी घटही के मजरा पिपरिया में विधवा कृष्णवती पति स्वर्गीय विजय कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष का फूस का मकान था जिसमें अज्ञात कारणों से मंगलवार को दोपहर आग लग गयी जब तक लोग आग बुझाने पहुंचे तबतक पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई। पीड़ित कृष्णा वती ने बताया कि वह आर्थिक रूप से गरीब है। घर जलने के बाद पीड़ित खुले आसमान तले रहने को मजबूर है ।वही मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान अनिल जायसवाल ने अपने स्तर से आर्थिक सहयोग किया। राजस्व कर्मी ने रिपोर्ट तहसील को भेज दी है।



आग लगने से मकान हुआ राख। अमृत विचार

### एचटी लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के बभनियावा गांव निवासी एक युवक शाम को हाई टेंशन लाइन से तार जोड़ रहा था। करंट लगने से वह नीचे गिर गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनियावां निवासी शैलेंद्र मिश्रा (38) पुत्र रामसमुझ सोमवार शाम को हाई टेंशन लाइन का तार जोड़ रहा था। उसी समय बिजली सप्लाई शुरू हो गई। जिसके चलते युवक करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया। उसे आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# राष्ट्र भावना जागृत करती है एनएसएस: डॉ. सोहनलाल

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार:** गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना की सप्त दिवसीय विशेष शिविर प्राथमिक विद्यालय ज़हानचक में लगाया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रबंधसमिति अध्यक्ष डॉ सोहनलाल श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओ के द्वारा स्वागत गीत ,सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया। महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रमधिकारी के निर्देशन में सहज और मर्यादा में रहकर कार्य करे और अपने इस श्रम दान देकर अपने जीवन को उज्ज्वल बनाये। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। मंच कासंचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमधिकारी डॉ मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने किया, महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ सुभाष चन्द्र, प्रो दयाराम यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत स्वयंसेवकों को उनके दायित्व, कर्तव्य एवं कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। उद्घाटन में डा मुरारी लाल,सरोज सिंह प्रधान प्रतिनिधि एवम रीति मुरारी श्रीवास्तव रही। इस अवसर पर डा राम जनम,धर्मेंद्र श्रीवास्तव ,डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ संजय श्रीवास्तव, सुबी खान रहीं।



एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# संयुक्त जिला अस्पताल में सोलर पावर प्लांट की हुई शुरुआत

श्रावस्ती

**अमृत विचार:** सीएसआर योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 के तहत संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में 40 किलोवाट ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन कार्यो का शुभारम्भ किया गया। जिसका माननीय सदस्य विधान विधान परिषद साकेत मिश्रा एवं जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने शिलापट्ट का अनावरण कर शुभारम्भ किया। इस योजना के तहत संयुक्त जिला चिकित्सालय में 40 किलोवाट आफ ग्रिड सालर पावर प्लांट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर में 20 किलोवाट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसिया में 20 किलोवाट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में 20 किलोवाट ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन कार्य का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर सदस्य ने कहा कि सीएसआर एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, जिसका विगत वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पोर्टल का भी शुभारम्भ किया गया है। सीएसआर व्यवसायों और समाज दोनों के लिए फायदेमंद है, सीएसआर समाज को बेहतर बनाता है और यह व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी बनाने में भी सहायक है। सीएसआर व्यवसायों को बेहतर प्रतिष्ठा, कम लागत, बेहतर समुदाय संबंध और बेहतर पर्यावरण प्रदान करता है। जिससे अनेक कल्याणकारी कार्यो का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत अस्पतालों में सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन कार्यो का शुभारम्भ किया गया। जिससे निश्चित ही समाज में पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर फंड के तहत धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों द्वारा सामाजिक सेवा कार्यों के लिए धन जमा किया जाता है। खाते से प्राप्त धन का उपयोग संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया जाता है। जिसके तहत आज संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा सहित जिले के अन्य अस्पतालों में सोलर पावर प्लांट का अधिष्ठापन कराया जा रहा है। जिससे निश्चित ही पर्यावरण को बचाये रखने में सहूलियत मिल सकेगी। उन्होने बताया कि इस 40 किलोवाट के सोलर पैनल के उपयोग से पर्यावरण में 2200 पेड़ों को लगाने के बराबर है। इसके अलावा इसके उपयोग से सड़कों से 63 कारों के हटाने जैसा है, जिससे 58000 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी तथा 900 किलोग्राम तक कार्बनडाई आक्साइड गैस बचायी जा सकती है। उन्होने कहा कि सदस्य विधान परिषद के कर-कमलों से यह धनराशि प्राप्त हुई है। इसके अलावा भी और धनराशि सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध होगी।



साकेत मिश्रा एवं जिलाधिकारी ने शिलापट्ट का अनावरण कर की शुरुआत।

### हत्या के आरोप में 4 आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सैनिक के साथ पट्टीदारों के मारपीट करने से हुई मृत्यु के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को मंगलवार को हत्या के आरोप में जेल भेज दिया गया। थाना इकौना के ग्राम भगवानपुर बनकट गोसाई पुरवा निवासी सैनिक जोगेंन्द्र गोस्वामी पुत्र उदय राज गोस्वामी व उनके चाचा शिव भगवान पुत्र राधिका प्रसाद की पट्टीदारों के बीच 5 मार्च को लाठी डंडे ईंट से मारपीट हो गई थी। दोनों पक्ष की ओर से मारपीट की तहरीर दी गई थी। घायल जोगेंन्द्र गोस्वामी और शिव भगवान को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने जोगेंन्द्र गोस्वामी की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया था। जिसकी इलाज के दौरान कमांड अस्पताल लखनऊ में मौत हो गई। फौजी मृतक जोगेंन्द्र गोस्वामी के शव को गांव लाया गया। मृतक जोगेंन्द्र का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव में सेना व पुलिस की मौजूदगी में किया गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दर्ज मुकदमे चारों आरोपी आत्माराम, जिलेदार , भूरे उर्फ किशोरी लाल गोस्वामी पुत्र विद्याधर गोस्वामी व सोनू पुत्र जिलेदार गोस्वामी को गिरफ्तार कर हत्या के आरोप में जेल रवाना किया गया है।

### जहर खुरानी का शिकार हुआ यात्री, अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ के कैसरबाग से बहराइच आ रही रोडवेज बस में एक यात्री जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। जिला मुख्यालय पहुंचने पर बस के चालक और परिचालक ने यात्री को बेहोश देखा। इस पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, उसका इलाज चल रहा है। लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे से बहराइच डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 40 टी 9005 सवारियों को लेकर मंगलवार को सुबह 10:30 बजे रवाना हुई। दोपहर में 3:00 रोडवेज बस बहराइच बस अड्डे पर पहुंची। सभी यात्री रोडवेज बस से उतर गए जबकि एक बेहोशी की हालत में उसी में पड़ा रहा। बस के परिचालक श्यामेंद्र कुमार और चालक गोकुल प्रसाद की नजर बेहोश यात्री पर पड़ी। जिस पर दोनों बेहोश यात्रियों को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में डॉक्टर शिल्पी की टीम ने यात्री का इलाज शुरू किया। यात्री के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान श्रावस्ती जिले के खजुवा झुनझुनिया गांव निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। समाचार लिखे जाने तक उसे होश नहीं आ सका है। डॉक्टर शिल्पी ने बताया कि युवक को जहर खिलाया गया है।



जिला अस्पताल में युवक का चल रहा इलाज।

धूम्रपान निषेध दिवस — मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता विपरीत प्रभाव

# मातृत्व सुख से वंचित कर सकता है धूम्रपान

आर टी ओझा, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** धूम्रपान अथवा तंबाकू का किसी दूसरे रूप में सेवन से गर्भवती और उसके गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार जिले में 15 साल की उम्र तक की 13.8 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करती हैं। सीएमओ डॉ. अजय प्रताप सिंह बताते हैं कि जो महिलाएं धूम्रपान करती हैं उन्हें गर्भधारण में मुश्किलों का सामना करना होता है। धूम्रपान शरीर में विटामिन सी की मात्रा को कम करता है जो कि आयरन के अवशोषण में अहम भूमिका निभाता है, इससे गर्भवती में खून की कमी भी हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान करने से गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क और फेफड़ों के ऊतकों के नष्ट होने की संभावना भी होती है। इसके साथ ही कुछ शोधों से यह निष्कर्ष भी सामने आए हैं कि नवजात को जन्मजात विकृति जैसे कटे होंठ (क्लेफ्ट लिप्स) भी हो सकते हैं तथा गर्भपात होने की संभावना भी होती है। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज भी हो सकती है। साथ ही समय से पहले बच्चे का जन्म, मृत बच्चे का जन्म, जन्मजात विकृति, कम वजन के बच्चे का जन्म, प्रीएक्लेम्पसिया भी हो सकती है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 के इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हेल्थ एंड साइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार महिला द्वारा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन उसके और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। तंबाकू और उसके उत्पादों के सेवन से होने वाली मृत्यु और बीमारी को रोकने के लिए गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान नहीं करना चाहिए। सीएमओ ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान करने वाली महिला के गर्भवती होने के पहले तीन महीने के भीतर गर्भपात हो सकता है। कई बार गर्भवास्था के 20 सप्ताह के बाद भी गर्भपात हो सकता है।

गर्भावस्था में धूम्रपान करने से मां के शरीर में ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा नहीं पहुंचती है, जिससे शिशु को सांस संबंधी परेशानी हो सकती है, साथ ही उसके मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। इस दौरान धूम्रपान से महिलाओं में प्लेसेंटल दिक्कतें हो सकती हैं जिसकी वजह से गंभीर रूप से ब्लीडिंग हो सकती है और इसके कारण मां और बच्चे दोनों की जान को गंभीर खतरा रहता है। बच्चे को दिल की बीमारियों सहित सुनने और आंख से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं।

### रोकने के है ये कानून

हर वर्ष मार्च माह का दूसरा बुधवार धूम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1984 में हुई थी। सरकार ने इसकी आपदा से लोगों को बचाने के लिए तंबाकू नियंत्रण कानून कोटपा-2003 बनाया है। इसकी धारा 5 के अनुसार किसी भी तंबाकू उत्पाद का विज्ञापन या प्रायोजन, नाबालिगों द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। शैक्षणिक संस्थानों के 300 फीट के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जा सकते। कानून की धारा 4 के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। कोई सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करता है तो उसे 200 रुपये जुर्माना का प्राविधान है।

# विधायक ने श्रावस्ती एयरपोर्ट पर विमान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रावस्ती

**अमृत विचार :** जनपद के कटरा श्रावस्ती स्थित नवनिर्मित एयरपोर्ट पर विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय जी ने विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उल्लेखनीय है कि इस नवनिर्मित एयरपोर्ट का 10 मार्च, 2024 को देश के माननीय प्रधानमंत्री जी एवं प्रदेश के माननीयमुख्यमंत्री जी द्वारा आजमगढ़ से वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया गया था।

जिसके तहत आज श्रावस्ती एयरपोर्ट से जनपद लखनऊ के लिए 19 सीटर विमान से हवाई सेवा का संचालन प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा आज इस महत्वाकांक्षी जनपद में हवाई सेवा का संचालन किया गया है। हवाई यात्रा के संचालन से निश्चित ही इस जनपद का किसान जो सपना देखता था कि हवाई चप्पल पहनकर हवाई यात्रा करेगें।

आज उनके इस सपने को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा साकार कर दिया गया है। जिससे जिले के पर्यटन के साथ-साथ जनपद के विकास में भी तेजी आयेगी और जनपद का चहुंमुखी विकास सम्भव हो सकेगा। इस अवसर पर श्रावस्ती एयरपोर्ट अथारिटी के निदेशक कुमार ज्ञानू सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



विधायक ने विमान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। अमृत विचार



**दूसरा रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.53 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

**नोट** : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# थाना ट्रांसफर पर भड़के अधिवक्ता, कामकाज किया ठप

## कादीपुर और अखंडनगर से जुड़े मामलों की सुनवाई अब कादीपुर में होगी, दीवानी के वकीलों का विरोध, कादीपुर तहसील के अधिवक्ताओं में खुशी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना कादीपुर एवं अखंडनगर से जुड़े मामलों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार कादीपुर में ट्रांसफर किए जाने के विरोध में मंगलवार को हड़ताल के कारण न्यायिक कामकाज ठप रहा। बार एसोसिएशन सुलतानपुर अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र द्वारा थानों के स्थानांतरित होने की सूचना पर साधारण सभा की बैठक बुलाई गई।

हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में जिला जज जयप्रकाश पांडेय से विचार-विमर्श का हवाला देते हुए सीजेएम बटेश्वर कुमार ने कादीपुर व अखंडनगर से जुड़े आपराधिक वादों की सुनवाई के लिए कादीपुर ट्रांसफर का आदेश दिया है। जबकि गंभीर व विशेष अधिनियम व क्षेत्राधिकार के मामलों से जुड़े वादों की सुनवाई सुलतानपुर के न्यायालय परिसर में ही सुनवाई होगी। स्थानांतरित थानों के बारे में जानकारी पाते ही अधिवक्ता आक्रोशित हो गये तथा स्थानांतरण के विरोध में न्यायिक कामकाज ठप कर साधारण सभा की बैठक की। बैठक में अधिवक्ताओं ने ज्यूडशरी के ट्रांसफर पर घोर विरोध दर्ज कराते हुए बिना पीठ की मंशा जाने अदालत ट्रांसफर करने पर विरोध दर्ज कराया। बार अध्यक्ष ने सभा के बाद जिला जज से मुलाकात कर हो रही समस्या से अवगत कराया। बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया जिला जज ने प्रशासनिक जज से समस्या को अवगत कराने की बात कही है। श्री पांडेय ने कहा यदि प्रशासनिक जज से मुलाकात का समय मिला तो बुधवार को प्रशासनिक जज से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया जायेगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रायसाहब सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, रामविशाल तिवारी, विश्वभर नाथ शुक्ल, आनंद पांडेय, बैतुल्लाह खान, सूर्यनाथ यादव, विद्या भूषण पांडेय, राघवेंद्र सिंह, दिनेश दुबे, वीरेंद्र सिंह, राम अवतार यादव, मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



दीवानी अधिवक्ता सभाकक्ष में बैठक कर रणनीति बनाते अधिवक्ता। अमृत विचार

### कादीपुर के अधिवक्ताओं ने बैठक कर की चर्चा

**कादीपुर, सुलतानपुर :** सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट कादीपुर को थाना कादीपुर और अखंड नगर क्षेत्र के फौजदारी मामलों की सुनवाई का अधिकार मिलने पर अधिवक्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई। बार एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम आयोजित करके अपने उपलब्धि पर चर्चा की। मंगलवार को अधिवक्ता सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन क्षितिज पांडे ने कहा कि काम करने से ही अनुभव होता है। जिस प्रकार से 2001 में दीवानी न्यायालय की स्थापना होने पर कादीपुर के लोग अच्छे तरीके से सिविल के कार्यों के जानकार हो गए। उसी प्रकार से यहां फौजदारी मामलों की पैरवी भी अच्छे प्रकार से होगी। कादीपुर में एक अच्छा बार है उसके अनुरूप आगे भी सब कुछ ठीक होगा। एसडीएम शिव प्रसाद, तहसीलदार मयंक मिश्र और क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने भी कादीपुर में बौद्धिक क्षमता की तारीफ की। पूर्व अध्यक्ष जयशंकर तिवारी, दयाराम पांडेय, विजय शंकर पांडेय, विनोद श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया। अध्यक्ष रणजीत सिंह और सचिन लालचंद शुक्ला ने आगे भी सतत प्रयास करने में सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

**एक नजर**

### हर्ष फायरिंग के मामले में दरोगा तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** हर्ष फायरिंग के मामले के आरोप में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने दरोगा विकास गौतम को तलब करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख नियत की है। 14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई।

### मत्स्य पालन के लिए तालाबों की नीलामी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसीलदार मयंक मिश्र की देखरेख में मत्स्य पालन के लिए तालाबों की नीलामी की गई। मंगलवार को तहसील सभागार में संपन्न हुई नीलामी की कार्यवाही में मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड रतनपुर कुंदा भैरोपुर में स्थित तालाब का आवंटन किया गया। मलिकपुर नोनरा, हरथुआ बभनपुर, पतारखास, घाटमपुर गांव में स्थित तालाब की नीलामी की गई। जिसमें कुल 165000 रुपया नीलामी की धनराशि तहसील में जमा कराया गया।

### जमीन के विवाद में मारपीट तीन पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली के मलिकपुर नोनरा गांव के कमलुद्दीन कि विपक्षियों से जमीन विवाद चल रहा था। आरोप है कि बीस फरवरी को दिन में दो बजे विपक्षी लाठी डंडे से लैस होकर आए और गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई। सोमवार को दी गई पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजधानी, मटरू एवं लाल मोहम्मद के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

- मृतक की बहन ने चाचा समेत सात पर दर्ज कराया हत्या का मुकदमा, जमीन का विवाद आ रहा सामने

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार की सुबह लंभुआ नगर पंचायत के शिव नगर में रेलवे ट्रैक के किनारे शौच के लिए गए ग्रामीणों को एक युवक का शव दिखा। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस को मृतक के पर्स से पहचान पत्र समेत जनसुनवाई पोर्टल पर दिया गया प्रार्थना पत्र मिला। वहीं मृतक के बहनोई चंद्रभान ने बताया कि सोमवार की सुबह ही मृतक मुंबई से अपने गांव जखनी कलां रामनगर पहुंचा था।

जानकारी पर पहुंची बेलाही निवासी मृतक की बहन लीलावती ने बताया कि जमीन को लेकर गांव में ही मेरे भाई का चाचा से ही आपसी विवाद था। सोमवार को घर आने के बाद कोतवाली में जाकर मेरे भाई ने चाचा के ऊपर जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र भी दिया था। विरोध करने पर उसके चाचा जान से मारने की धमकी भी देते थे। सोमवार की शाम लगभग चार बजे जब भाई घर जा रहा था तभी चाचा समेत 7 लोग उसे रास्ते से उठा लिए और घर लाकर उसकी हत्या कर दी। लाश को छिपाने के लिए बेदूपारा जंगल के पास रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया। बहन की तहरीर पर पुलिस ने जखनी कलां रामनगर निवासी रामनाथ यादव, संजय, आदित्य यादव, आयुष, पिंकी, सुन्दरी, रम्पत्ती देवी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए सुलतानपुर मुख्यालय पोस्टमार्टम हाउस भेजा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



लंभुआ में युवक का शव मिलने के बाद रोते-बिलखते परिजन।

## छात्रवृत्ति की कमियों पर एसएफआई का प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** छात्र संगठन एसएफआई का एक प्रतिनिधिमंडल छात्रवृत्ति के स्टेटस में दिखा रही त्रुटियों को लेकर प्रदर्शन करते हुए समाज कल्याण अधिकारी से मिला। संगठन की ओर से समाज कल्याण अधिकारी को समस्याओं का ज्ञापन दिया गया। एसएफआई उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी सदस्य पार्थसारथी द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रवृत्ति छात्रों के शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य माध्यम है। लेकिन वर्तमान समय में केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार छात्रवृत्ति के बजट में कटौती के साथ-साथ कई योजनाओं को बंद कर रही है। इस मौके पर शिवम मौर्य, बृजेश पाल, सतीश, रोहित नाविक आदि मौजूद रहे।

# एसबीआई के खिलाफ प्रदर्शन

- चुनावी बांड को लेकर वामपंथी संगठनों ने जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** वामपंथी मोर्चे की तरफ से मंगलवार को चुनावी बांड पर एसबीआई की तरफ से की जा रही देरी के संबंध में सड़क पर जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। संगठनों की ओर से कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी की गई और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अपर उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव नरोत्तम शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के दबाव में स्टेट बैंक आफ इंडिया चुनावी बांड के विवरण लोकसभा चुनाव के पहले नहीं देना चाहती है। ताकि, चुनाव के दौरान बांड के जरिए भाजपा को बेशुमार पैसा देने वालों का खुलासा जनता के बीच न हो सके। सीपीआई के जिला सचिव मंडल सदस्य मो. सैफ ने कहा कि एसबीआई सरकार के दबाव में है और सरकार चुनाव के दौरान अपने असली चेहरे को बेनकाब नहीं होने देना चाहती है। सीपीआईएम के जिला सचिव मंडल सदस्य शशांक पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्धारित अवधि तक स्पष्ट विवरण न देने पर अदालत की अवमानना का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। इस मौके पर कूरेभार ब्लॉक पर राजबहादुर यादव और अखंडनगर ब्लॉक पर बाबूराम यादव, विवेक विक्रम सिंह, मो. आलम, विजय यादव, कैलाश नाथ तिवारी, सूरज प्रसाद आदि रहे।



कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते वामपंथी संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर की हुई शुरुआत

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** आचार्य चाणक्य पीजी कॉलेज महमूदपुर सेमरी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों के विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। प्रथम इकाई के कार्यक्रमाधिकारी शिवमणि दूबे तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. घनश्याम पाठक रहे। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी पांडेय ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य एवं इसके प्रतीक तथा लोगो पर प्रकाश डाला। मुख्य कुलानुशासक डॉ. राजीव पाण्डेय, हरीराम गुप्ता, राजकुमार दूबे, बीएड विभाग की नीलम मिश्रा, वनस्पति विभाग की सिंपल मिश्रा, गृह विज्ञान की रागिनी सिंह एवं पूजा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# केरल सरकार के विरोध में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन

- छात्र जेएस सिधारथन की मौत से फूटा गुस्सा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** केरल के पूकोडे केरला वेटनरी एवं जीव विज्ञान विश्वविद्यालय में 18 फरवरी 2024 को द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिधारथन की मृत्यु से देश को झकझोर दिया है। केरल में घटित इस घटना को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर के कार्यकर्ताओं ने शहर के राणा प्रताप स्नाकोत्तर महाविद्यालय के सामने केरल सरकार व एसएफआई छात्र संगठन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

अभाविप काशी प्रान्त के प्रदेश सह मंत्री शुभेन्द्र वीर ने कहा कि सिद्धार्थन की आकस्मिक मृत्यु का पता उस वक्त चला जब वह अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटके मिले। यह कोई आम आत्महत्या नहीं थी, परंतु बहुत ही निर्मम प्रताड़ना के बाद उठाया गया आत्मघाती कदम था। सिद्धार्थन को स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के लोगों द्वारा कॉलेज में वेलेंटाइन डे पर एक सीनियर महिला मित्र के साथ डांस करने पर इस प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना दी गई, जिससे उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। 15 फरवरी को सिद्धार्थन अपनी माताजी से मिलने के लिए निकले परंतु उन्हें बीच रास्ते से ही वापस लौटने को विवश कर दिया गया। अभाविप कुशभवनपुर विभाग के विभाग प्रमुख डॉ संतोष अंश ने कहा की सिद्धार्थन को न्याय के लिए एबीवीपी लगातार केरल में वामपंथी सरकार के विरुद्ध संघर्ष कर रही है। केरल की वामपंथी सरकार एसएफआई के हत्यारोपियों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, परंतु एबीवीपी सिद्धार्थन के परिवार के साथ न्याय की अंतिम चौखट तक खड़ी रहेगी। इस धरना प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूद्र प्रताप, तेजस्व, नगर सह मंत्री उत्कर्ष, इकाई अध्यक्ष केएनआईपीएसएस मृतुन्जय, राणा प्रताप पीजी कॉलेज के इकाई मंत्री सत्यम त्रिपाठी, सतेंद्र शुक्ल, शुभम तिवारी, राहुल यादव, इंद्रमणि, मिडिया संयोजक सत्यम चौरसिया, हेमंत, सुमित, कुलदीप कुमार, अभय, देवेश मिश्रा, देवेन्द्र, प्रांजल, सचिन, ऋषभ आदि मौजूद रहे।



केरल सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**सार-संक्षेप**

### सपा से अधिवक्ता को प्रत्याशी बनाने की मांग तेज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अयूब उल्ला खान ने सुलतानपुर से सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव की दावेदारी पेश की है। मंगलवार को उन्होंने दीवानी कोर्ट परिसर में वकीलों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग किया कि लोकसभा सीट से अधिवक्ता प्रत्याशी ही मैदान में उतारा जाए। अयूब उल्ला ने कहा कि पार्टी मौका देगी तो जीत का सूखा खत्म करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को लोकसभा चुनाव से अधिवक्ता वर्ग से प्रत्याशी नामित करने के लिए कार्यकर्ताओं ने पत्र भेजा है। अयूब उल्ला सुलतानपुर लोकसभा क्षेत्र में लगातार सपा के प्रचार प्रसार में जुटे हैं। बैठक में सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव शारदा प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, पूर्व महासचिव बैतुल्लाह खान, सज्जाद अहमद, दिनेश यादव, दिलीप यादव, विजेंद्र चौरसिया, दिलीप चौरसिया, अख्तर हुसैन, रियाज अहमद, शकील अहमद, राजेंद्र यादव, शैलेंद्र पांडेय, ज्ञान प्रकाश यादव, नफीस अहमद खान, प्रतिभा यादव, मेराज खान, अहमद शोएब खान, रामचंद्र यादव, इसरार अहमद इदरीसी समेत अन्य मौजूद रहे।



अधिवक्ताओं ने बैठक कर सपा के उम्मीदवार पर किया मंथन।

### छात्रा के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** इंटरमीडिएट की परीक्षा देने आई एक छात्रा का अपहरण किए जाने की आशंका का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा नौ मार्च को शाम की पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने आई थी। छात्रा के पिता ने आशंका व्यक्त की है कि उसका किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के नाम अपहरण का केस दर्ज किया है।

### सर्राफ का आभूषणों से भरा झोला गायब, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे के पुरानी बाजार मार्ग पर स्थित विमला मार्केट से सर्राफा व्यवसायी का आभूषणों से भरा झोला लेकर बाइक सवार फरार हो गए। कस्बे के पुरानी बाज़ार मार्ग पर स्थित विमला मार्केट में पटेल नगर मोहल्ले के फरीलाल सोनी की ज्वेलरी की दुकान है। मंगलवार को सुबह 11:30 बजे दुकान मालिक फरीलाल अपने ज्वेलरी की दुकान पर आए। आभूषण से भरा झोला रखकर अपनी दुकान का शटर खोल रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग पहुंचे। बाइक सवारों ने झोले को लेकर पुरानी बाजार की तरफ भाग निकले। कुछ लोगों ने कुछ देर तक उनका पीछा किया, किंतु पता नहीं चला। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। पीड़ित फरी लाल सोनी की दी गई तहरीर के अनुसार झोले में कान का झाला, बाली, नथुनी, सोने का लॉकेट, चांदी का पायल, बिछिया एवं लगभग दो किलो चांदी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध चोरी की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

### अधिगम अयोग्यता के बारे में दी गई जानकारी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान मनोविज्ञान विभाग में मंगलवार को अधिगम अयोग्यता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि अधिगम अयोग्यता, अनुवांशिकता एवं जन्म के दौरान और जन्म के बाद की बीमारी, शैशवावस्था के दौरान तनाव, पोषक तत्वों की कमी आदि के कारण उत्पन्न होती है। सेमिनार में आयुषी सिंह ने अधिगम अयोग्यता के निदान के विविध पक्षों यथा बच्चों की क्षमता का आकलन, बच्चे द्वारा विशिष्ट लोगों और प्रतीकों की पहचान एवं संख्याओं, अक्षरों और ध्वनियों की श्रृंखला को सटीक रूप से दोहराने की क्षमता के आकलन आदि पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में कौशल विकास, व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम, वैकल्पिक चिकित्सा, दवा के माध्यम आदि से भी अधिगम अयोग्यता के उपचार पर विचार विमर्श किया गया। सेमिनार में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर से आलोक भारती, मोनी, स्नेहा पांडेय, अंकिता यादव, सोनी तिवारी, चतुर्थ सेमेस्टर से अर्चना, साक्षी, ज्ञानमती एवं छठे सेमेस्टर की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### खुद के साथ परिवार व आसपास के लोगों को कराएं मतदान

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एलक्ट्रोलर लिट्रेसी बैनर तले स्वीप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय मतदाता साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंगलवार को रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजकीय बलिका इंटर कॉलेज कादीपुर के प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा ने कहा कि मतदान सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने छात्र छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा कि आप लोग मतदाता हो या न हो किंतु आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र यादव ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की चर्चा करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने पर जोर दिया।

# उत्कर्ष सिंह बने ओवर ऑल चैंपियन

- पयागीपुर में पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई चैंपियनशिप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** गनपत सहाय पीजी कॉलेज पयागीपुर में पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से पॉवरलिफ्टिंग चौम्पियनशिप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें शहर के नामी खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और अपनी शक्ति और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के विजेता बेंच प्रेस ओवर ऑल केटेगरी लंभुआ के उत्कर्ष सिंह रहे। उन्होंने बेंच प्रेस में 150 किग्रा भार उठाकर कमाल किया। उनकी प्रतिभा को देखकर दर्शक आश्चर्य चकित हो गए। डेडलिफ्ट ओवर ऑल में झूसी, प्रयागराज के अभिषेक तिवारी ने 210 किग्रा का भार उठाकर अपना सर्वोच्च प्रदर्शन किया। और इन दोनों ने इस चौंपियानशिप की मुख्य ट्रॉफी, कैशप्राइज, मेडल और सर्टिफिकेट अपने नाम किया। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गोसाईगंज की तहमीम जहरा ओपन कैटेगरी से ओवरऑल विनर रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक राहुल तिवारी रहे। अफसर हाशमी, और शुभम यादव ने इस प्रतियोगिता को निर्विवाद रूप से संपन्न कराया।



वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते कांग्रेस नेता वरुण मिश्र।

## भागवत कथा सुनने से होती है वैराग्य की प्राप्ति

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** आचार्य बृजेशानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से जीवन में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य की प्राप्ति होती है। वृंदावन में आज भी भक्ति रूपी देवी का वास है। वह ग्राम पंचायत कटसारी के भगवानपुर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस की कथा कह रहे थे। ज्ञान एवं वैराग्य की चर्चा करते हुए व्यास पीठ कहा कि नारद जी ने लोगों की जानकारी के लिए गीता में ज्ञान एवं वैराग्य का संपूर्ण पाठ सुनाया। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से ही ज्ञान एवं वैराग्य का कल्याण हुआ। इस अवसर पर मुख्य यजमान शंभू नाथ उपाध्याय ने व्यासपीठ की आरती उतारी।

# बड़े भाई की हत्या के मामले में छोटा गिरफ्तार

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** सोमवार की रात बाइक खड़ी करने के विवाद में दो भाइयों में बात इतनी बढ़ गई कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से वार कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार शाम को हत्यारोपित छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में सोमवार की रात संदीप (35) पुत्र हृदयराम नागर घर पर था। बताया जाता है कि छोटा भाई विपिन घर पर रास्ते में ही बाइक खड़ी करने लगा। इसी बीच दोनों में कहासुनी होने लगी। बात इतना बढ़ गई कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से वार कर दिया। आनन-फानन में घायल संदीप को मोतिगरपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार रात में ही पत्नी किरन कि शिकायत पर पुलिस ने छोटे भाई के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गया। परिवारजनों ने शव का अंतिम संस्कार दियरा घाट पर किया। वहीं मंगलवार देर शाम को हत्यारोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### निर्मल मन ही प्रभु को स्वीकार्यः डॉ. गिरीश

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भागवत श्रवण मनुष्य के संपूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करने में सदा समर्थ है। सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के कल्याण के लिए लग जाती है। छल और छलावा ज्यादा दिन नहीं चलता। निर्मल मन ही प्रभु को स्वीकार्य है। कस्बा के निकट ईशीपुर गांव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिवस श्री अवध धाम से पधारे भागवताचार्य डॉ गिरीश जी ने उक्त उद्गार भागवत भक्तों के समक्ष व्यक्त किए। आचार्य श्री ने प्रथम दिवस की कथा में कथा महात्म्य, शुकदेव आगमन की चर्चा करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से सदा कल्याण ही होता है। भागवत महात्मा ज्ञान के बिना प्रेम स्थाई नहीं होगा। अस्तु भागवत की प्रति आस्था और उसके महात्मा को ग्रहण करना भागवत भक्त का प्रथम कार्य है। भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है।

**आयोजन** | प्रेरणा सभागार विकास भवन में छूटे हुए अधिकारियों को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण

# 166 जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा में लगे जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण प्रेरणा सभागार विकास भवन में मंगलवार को दो पाली में आयोजित किया गया। चुनाव के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए अधिकारियों को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने एरर पर प्रश्न पूछे और कहा कि सभी सभी मजिस्ट्रेट ईवीएम व वीवी पैट का कनेक्शन, माकपोल, ईवीएम सील करने आदि को सीख लें। ताकि मतदान दिवस के दिन समस्या का तत्काल निराकरण कर सकें। निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों का अध्ययन करते रहें।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ल ने बताया जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को पार्टी रवानगी स्थल से लेकर मतदान समाप्ति तक की पूरी चुनावी प्रक्रिया पर पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने बताया कि मॉकपोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लियर अवश्य करें तथा वीवी पैट के ड्राप बाक्स में गिरी मॉकपाल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर पिंक पेपर से सील करेंगे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष गुप्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के चेक मेमों पर विस्तार से चर्चा की। कहाकि सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए अलग-अलग प्रपत्रों पर चेक मेमों के अनुसार अपनी रिपोर्ट तैयार करनी होगी।

स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय ने ईवीएम व वीव पैट के कनेक्शन पर चर्चा करते हुए बताया कि बैलेट यूनिट को वीवी पैट से व वीवी पैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता की पहचान करेंगे। द्वितीय मतदान अधिकारी मतदाता के बायें हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाकर, मतदाता रजिस्टर पर मतदाता का विवरण अंकित करेंगे। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मतदान अधिकारी तृतीय कंट्रोल यूनिट के प्रभारी होंगे। उन्होंने चौलेंज वोट, टेंडर वोट, कंपेनियन, मतपत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने मतदान के दौरान भरें जाने वाले प्रपत्रों व लिफाफों पर चर्चा की। डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि दोनों पालियों में कुल 116 जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षित किया गया।



विकास भवन के सभागार में हुआ जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रदोषे दीपक : चन्द्र :,प्रभाते दीपक :रवि :।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :, सुपुत्र : कुलदीपक :।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

## संपादकीय

# सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

# धर्मः मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार हैः मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है।

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

## प्रसंगवश

# मनुष्य और व्यवहार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है, जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी,उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

# जार बनने की राह पर पुतिन



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैंः दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्परइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ू लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

## सोशल फोरम

# पीड़ित शिक्षक

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

# गाली का संबोधन और मित्र

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा-ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।



**दूसरा रोजा**

**शिया**
सहरी : 05.15 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.53 बजे
इफ्तार : 06.07 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैगाम ए रमजान**

रोज़ेदारों यह दुआ हो खास इस रमजान में, इक नयी ताक़त हमें बख़्शे ख़ुदा ईमान में।।
प्यार हो आपस में भाई- भाई सब मिलकर रहें, हर तरफ़ ख़ुशहालियाँ हों अपने हिन्दुस्तान में।।
**नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर**

# इंसानियत की सीख देता है रमजानः मौलाना अजहरी

**सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** रमज़ान माह की पाकीज़गी और इसकी अहमियत के बारे में जिला सिद्धार्थनगर की मशहूर दीनी व इल्मी दर्सगाह दारूल उलूम फ़ैज़ुर्रसूल बरांव शरीफ़ के मुदर्रिस एवं आलिम ए दीन पीर मुफ़्ती मोहम्मद आसिफ़ अल्वी अजहरी नायब सज्जादा नशीन बरांव शरीफ़ ने कहा कि रोज़ा एक बहुत ही ख़ास इबादत है। सिर्फ़ मुसलमानों में नहीं बल्कि हर क़ौम में हर पैग़म्बर ने रोज़ा रखने की बात किसी न किसी रूप में कही है और आज भी रोज़ा हर धर्म में किसी न किसी रूप में मौजूद है।

क़ुरआन के अनुसार रोज़े का उद्देश्य इंसान में तक़वा या आत्मसंयम पैदा करना है। रमज़ान को हदीस में हमदर्दी और ग़मख़्वारी का महीना भी कहा गया है। हर इंसान चाहे वो किसी धर्म और किसी नस्ल का हो उस के साथ भलाई की जानी चाहिए। रमज़ान के मुबारक महीने में की गई इबादत और नेकियों के बदले में अल्लाह सत्तर गुना सवाब अता फ़रमाता है। इस महीने अदा किए गए ज़क़ात और फ़ितरे के बदले अल्लाह बंदों की रोज़ियों में बेशुमार बरकत अता फ़रमाता है। हर रोज़ेदार मुसलमान को इस महीने झूट, चुग़ली, बेईमानी, बेहयाई और दूसरी बुराइयों से हमेशा के लिए तौबा कर लेनी चाहिए। बेशक अल्लाह बहुत ही बड़ा बख़्शने वाला है। ईद उल फ़ितर के पहले अपनी जायज़ कमाई से ज़क़ात और फ़ितरा निकाल कर ग़रीबों और मुफ़लिसों की बढ़चढ़ कर मदद करनी चाहिए, जिससे ईद की ख़ुशियों में सभी छोटे बड़े एक साथ शरीक़ हो कर रब का शुक्र अदा कर सकें।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व मास्टर ट्रेनर नियुक्त

## मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगों के लिए की जाएगी कुर्सी की व्यवस्था

**सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर तथा समस्त उपजिलाधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिये गये है। मास्टर ट्रेनर भी नियुक्त किए गये है। डाक मतपत्र के लिए उप कृषि निदेशक को नियुक्त किया गया है। परिवहन व्यवस्था के लिए अपर उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, एआरटीओ तथा एई डीआरडीए को नियुक्त किया गया है।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ अनुपालन करना सुनिश्चित करे। आदर्श आचार संहिता जारी होने के साथ वल्नरेबिलिटि मैपिंग/क्रिटिकल मतदेय स्थलों एवं उसकी समीक्षा तथा जिला सुरक्षा योजना आदि, निर्वाचन की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी मतदान स्थल पर दिव्यांग कुर्सी की व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, डुमरियागंज संजीव दीक्षित, बांसी कुणाल, इटवा राहुल सिंह, शोहरतगढ़ प्रवेन्द्र, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष व अन्य संबधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं व शिकायतें सुनीं। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में एसपी ने संबंधित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें छह भूमि विवाद, तीन मारपीट आठ अन्य विवाद से संबंधित थे।

## ईंट भट्ठा मालिकों से जमा कराई रॉयल्टी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में ईंट-भट्ठा मालिकों से रॉयल्टी वसूली को लेकर मंगलवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान छह ईंट भट्ठा मालिकों ने 60,79,445 रुपए की बकाया रॉयल्टी की रकम जमा की। रॉयल्टी वसूली को लेकर रविवार की शाम को संग्रह अमीनों के साथ बैठक करके तहसीलदार डॉक्टर संतराज सिंह बघेल ने बताया था कि डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में 29 ईंट भट्ठा मालिकों पर वर्ष 2021-22 का रॉयल्टी की धनराशि 73, लाख 85 760 की बकाया राशि बकाया लंबित है। जिसकी वसूली को लेकर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा निर्देश दिए गए है कि दो दिन के अंदर बकाया रॉयल्टी की धनराशि को जमा करवाया जाए। न जमा करने पर उन्हें बंद कराया जाए। नायब तहसीलदार महबूब आलम ने बताया कि वसूली को लेकर बुधवार को भी अभियान चलाया जाएगा।

**एक नजर**

### घरेलू कलह से परेशान वृद्ध महिला ने की आत्महत्या

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय के भीमपार स्थित ओवर ब्रिज के नीचे से गुजर रही रेलवे लाइन पर मंगलवार दोपहर बाद साठ वर्षीय महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर पाकर जीआरपी और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की पहचान बुढ़ाना (60) पत्नी हजारी निवासी प्रसाद शाह आलम के रूप में हुई। बताया जाता है कि महिला गृह कल से परेशान होकर डेमू ट्रेन के आगे कूद गई जिससे उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला एक घंटे पूर्व रेलवे लाइन के पास पेड़ के नीचे बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। जैसे ही ट्रेन ओवर ब्रिज के नीचे से गुजरी तो ट्रेन के नीचे कूद कर अपनी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### उद्योग बंधु की समस्याओं का त्वरित निस्तारण का निर्देश

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच कालिदास मार्ग लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ऑनलाइन जुड़कर उद्योग बंधु की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने का निर्देश दिया। आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश, गीडा सीईओ अनुज मलिक, सीडीओ संजय मीना सहित उद्योग बंधु मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से निकाली गई रैली

**हरदोई, अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को गांधी भवन से शहीद पार्क तक वॉकाथान (रैली) का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ सौम्या गुरूरानी, मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राऐं एनसीसी कैडेट, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# अवैध ढंग से चल रहे दर्जनों मेडिकल स्टोर, बेची जा रहीं प्रतिबंधित दवाएं

**सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** जनपद में चौराहों से लेकर मुख्यालय तक अवैध ढंग से दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। दवा का लाइसेंस किसी और के नाम पर और बेचने वाला कोई दूसरा, ऐसे ज्यादातर मेडिकल स्टोर है। इन मेडिकल स्टरों पर नारकोटिक ड्रग्स की दवाई भी खुलेआम बेची जा रही हैं जिससे युवा वर्ग खाकर दिशाहीन हो रहा है। विभाग द्वारा इन मेडिकल स्टोरों पर कोई लगाम नहीं कसा जा रहा है। इसके लिए बताया जाता है कि ड्रग इंस्पेक्टर भी मौन सुकृति दिखाई दे रहा है और मेडिकल स्टरों के हौसले इसी कारण बुलंद हो गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि मेडिकल स्टोर पर तैनात कर्मी खुलेआम मेडिकल प्रैक्टिस भी करते हैं और मरीजों को मनमानी ढंग से दवा देकर उनसे अधिक पैसा वसूल कर तिजोरी भर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ड्रग इंस्पेक्टर के पास तीन जिलों का कार्यभार है, जिसके चलते वह मेडिकल स्टोर संचालकों की मनमानी पर लगाम लगा पाने में असफल हैं। सिद्धार्थनगर के बार्ड पर खुले मेडिकल स्टोरों से अवैध ढंग से दवाओं का व्यापार नेपाल तक हो रहा है। नशीली दवाओं को भारत से नेपाल ले जाकर अधिक से अधिक दामों में बेचा जा रहा है। कभी-कभी पुलिस नशीली गोलियों के साथ लोगों को पकड़ कर नारकोटिक ड्रग में जेल भेज देती है, लेकिन जहां से यह धंधा संचालित हो रहा है, वहां छापेमारी व जांच की जरूरत नहीं समझी जा रही है। इस संबंध में प्रभारी सीएमओ ने कहा कि इस पर जांच व कार्रवाई की जिम्मेदार ड्रग इंस्पेक्टर की है, वही बता सकते हैं।

## कुलपति ने किया गेट का शिलान्यास

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के मुख्य गेट का शिलान्यास सोमवार को कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव ने किया। कहा कि यूजीसी मानक के अनुसार 50 एकड़ न्यूनतम भूमि विश्वविद्यालय के पास होनी चाहिए और अब विश्वविद्यालय के पास लगभग 67 एकड़ भूमि हो गई है। विश्वविद्यालय में अन्य नए पाठ्यक्रमों का संचालन के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध हो गई है। विश्वविद्यालय का जो नया गेट मुख्य मार्ग पर बन रहा है, वह 66 फीट चौड़ा होगा और मुख्य गेट के दोनों तरफ सात-सात फीट के दो छोटे गेट होंगे। मुख्य गेट पर राष्ट्रीय ध्वज भी लगेगा।

# स्विमिंग पूल का मरम्मत कार्य पूरा

**सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर स्थित स्विमिंग पूल की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। 1 अप्रैल से तैराकी सीखने वाले तरणताल में तैराकी सीख सकते हैं। इसके लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो तरण ताल बनाए गए हैं। जिसमें से एक छोटा जबकि दूसरा बड़ा तरणताल है। दोनों तरण ताल में युवा प्रशिक्षण ले सकते हैं। तैराकी सीखने के लिए युवाओं को प्रतिमाह शुल्क जमा करना पड़ेगा। 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए 310 रुपये शुल्क है। जबकि 18 वर्ष से अधिक

**▶▶ 1 अप्रैल से सीख सकेंगे तैराकी**

आयु के खिलाड़ियों के लिए 610 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

तरणताल में तैराकी सीखने के लिए खिलाड़ियों को कीट का भी प्रयोग करना है। तरणताल सुबह और शाम में दो-दो घंटा तक संचालित किया जाएगा। इसमें महिलाओं के लिए अलग से समय निर्धारित किया जाएगा। तैराकी सुबह में 7:30 से 9:30 बजे तक संचालित की जाएगी। जबकि शाम में चार बजे से छह बजे तक संचालित की जाएगी। खिलाड़ी प्रैक्टिस करने के साथ-साथ प्रतियोगिता के लिए भी तैयारी कर सकेंगे। इससे खिलाड़ियों को होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने में आसानी होगी। तरणताल को लेकर शहर के अमजद अली, रितेश सिंह आदि खिलाड़ियों का कहना है कि इसके शुरू होने से प्रैक्टिस करने में सुविधा मिलेगी। तरणताल में तैराकी सीखने से प्रतियोगिता के लिए भी चयन आसानी से हो जाता है। प्रशिक्षक होने से सुविधा मिलेगी।

> 1 अप्रैल से तरणताल शुरू हो जाएगा। स्वीमिंग पूल में टूटी टाइल्स को बदल दिया गया है, जिससे तैराकी सीखने वाले खिलाड़ियों को असुविधा न हो। जल्द ही तरणताल में पानी भर दिया जाएगा।
>
> **-आशुतोष अग्निहोत्री,** क्रीड़ा अधिकारी

## व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना जरूरी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** ओंकारेश्वर महादेव फर्टिलाइजर मंदिर प्रांगण में चल रहे संगीतमय कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर में धूमधाम से मानस सत्संग का समापन किया गया। कथा प्रवक्ता पंडित बीपी पाठक द्वारा तीन दिन का आयोजन किया गया। जिसमें श्री पाठक ने कहा कि अगर हमको सतगुरु नहीं मिला है तो अपने परिवार में बालकांड पढ़िए। यह मैं नहीं कह रहा हूं, संतों का मत है जिस परिवार में बालकांड किया जाएगा, वहां के लोगों को गुरु की प्राप्ति होगी। कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी को गुरु के रूप में हनुमान जी की कृपा मिली। इसी तरह हर व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना अनिवार्य है।

# महिलाओं का प्रशिक्षण पूरा, बांटे प्रमाण पत्र

**गोरखपुर**

**अमृत विचार।** नारी स्वालम्बन अभियान के तहत महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद गोरखपुर के सौजन्य से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित सप्त दिवसीय सिलाई-कढाई प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महिला प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प दिलाते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद शिक्षा, चिकित्सा सेवा क्षेत्र के साथ सामाजिक उत्थान में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी है। बेरोजगार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे महिलाएं घर परिवार को आर्थिक संबल देने में आगे आ सकती हैं। स्व रोजगार से, छोटे छोटे समूह बनाकर बड़े लक्ष्य को साधने में यह प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण से स्वयं निर्मित प्रोडेक्ट को बाजार में उतारा जा सकता है। बाजार में तेजी से बदलाव हो रहा है अब लोग लोकल फॉर वोकल से हस्त निर्मित समान भी अंतराष्ट्रीय बाजार में जगह बना रहे है। पूर्ण विश्वास है यहां से प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाएं स्वालंबी, आत्मनिर्भर होकर रोजगार का सृजन करेंगी। गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज चिकित्सालय के निदेशक डॉ राजेश बहल ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समाज के हर व्यक्ति को कौशल विकास मिशन से व्यक्ति के हुनर को निखार कर रोजगार के लिए प्रेरित करता है।

फार्मेसी संकाय के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने स्व रोजगार के प्रति महिलाओ को प्रेरित करते हुए कहा कि स्व रोजगार से स्वयं के साथ अन्य लोगों को भी आप आर्थिक रूप से सशक्त कर सकते है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अखिलेश दूबे ने कहा की कुशल नेतृत्व और प्रशिक्षण से नारी अपने भविष्य के साथ घर परिवार को भी आर्थिक संबल दे सकती है। सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित महिलाएं टेक्सटाइल क्षेत्र में क्रांति लाएंगी। कार्यशाला के संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय आभार ज्ञापन करते हुए कहा कि तकनीकी कौशल प्रशिक्षण से महिलाओ में आत्मनिर्भर होने का स्वाभिमान जाग्रत हुआ है। आयोजन में प्रशिक्षक कमलावती प्रजापति, सुभावती शर्मा, ज्योति भारती, गुड़िया, निम्मी चौधरी, निर्मला प्रजापति, शीला, कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास यादव, सहायक आचार्य डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव, वंदना, अनीता, नंदनी, सविता, गायत्री, प्रियंका, पूनम देवी, स्नेहलता सहित 221 महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहीं।

**सार-संक्षेप**



बार चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करते पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह।

### पूर्व अध्यक्ष ने चुनाव के लिए दाखिल किया पर्चा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर की चुनावी बिगुल बज चुका है, आगामी 19 मार्च को चुनाव है। इसी के क्रम सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने अपने समर्थकों के साथ अध्यक्ष पद का पर्चा दाखिल किया। बताते चलें कि अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह पूर्व में तीन बार सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रह चुके है। पर्चा दाखिला के उपरांत अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं से सम्पर्क अभियान चला कर अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान हेतु अपील किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई के लिये मैं सदैव आगे खड़ा रहता हूँ। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए मैं समर्पित हूँ। सिविल सिद्धार्थ बार के जमीन से लेकर समस्त भवनो के निर्माण में अपना प्राण प्रण लगाया है। उन्होंने कहा की मेरे कार्यालय में अधिवक्ताओ के सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं होने पाया है। इसलिये आप लोग मेरे पूर्व के कार्यकालों से संतुष्ट हों तो पुन: चौथी बार अध्यक्ष पद हेतु चयनित करें। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रभाकर मिश्र, अनिल विश्वकर्मा, अनुराग शुक्ला, सुशील शुक्ला, अंकित चौधरी, राजेश मिश्रा, श्री कृष्ण मिश्रा, सन्तोष मिश्रा, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए

**उस्का बाज़ार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के लिए प्रत्येक परिषदीय विद्यालय के नोडल शिक्षक को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र उसका बाज़ार पर मंगलवार को संपन्न पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रदुमन सिंह, अखिलेश मिश्र व अजय भारती ने नोडल शिक्षकों को विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की आवश्यकता व अपेक्षाओं पर चर्चा की। बताया कि दिव्यांग बच्चों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्हें भी विद्यालय में सामान्य बच्चों जैसा वातावरण मिलना चाहिए जिससे उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा हो। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रधानाध्यापक को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण में सहूलियत होगी। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार की देखरेख में हुए प्रशिक्षण में बालजीत कुमार, श्रीचंद, अनिल पांडेय, प्रतिभा सिंह, मनोज कुमार, जरीना बेगम, कनक त्रिपाठी, राम लौटन यादव, अर्पणा मिश्रा, राजू गौड़ आदि मौजूद रहे।

### गाड़ियों के संचालन में किया गया बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के वाराणसी जं. स्टेशन पर पैदल उपरिगामी पुल (एफ.ओ.बी.)- 1 के डिस्मेंटलिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। जिसके चलते 13 से 15 मार्च तक चलने वाली 14213 वाराणसी जं.-बहराइच एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 13 से 16 मार्च तक चलने वाली 14213 बहराइच-वाराणसी जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 14 मार्च को चलने वाली 14008 आनन्द विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सुल्तानपुर-जौनपुर सिटी-जौनपुर जं.-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। रक्सौल से 14 मार्च, 2024 को चलने वाली 14017 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-जौनपुर जं.-शाहगंज के रास्ते चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ट्रेन का मार्ग विस्तार किया गया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 14617/14618 बनमंखी-अमृतसर-बनमंखी एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के पूर्णिया कोर्ट स्टेशन तक मार्ग विस्तार किया जायेगा। 11 मार्च से चलने वाली 14618 अमृतसर-बनमंखी जनसेवा एक्सप्रेस अमृतसर से 06.35 बजे प्रस्थान कर तथा दूसरे दिन बनमंखी से 17.50 बजे छूटकर पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पर 18.35 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में बनमंखी से 13 मार्च से चलने वाली 14617 बनमंखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस पूर्णिया कोर्ट स्टेशन से 05.35 बजे प्रस्थान कर तथा बनमंखी से 06.30 बजे छूटकर दूसरे दिन अमृतसर 16.40 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी का शेष स्टेशनों पर समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा। इसके अलावा लखनऊ जं. से 13 मार्च से चलने वाली 15011 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस के उत्तर रेलवे के अम्बाला कैंट एवं चण्डीगढ़ स्टेशन पर समय में संशोधन किया गया है। संशोधित समयानुसार यह गाड़ी अम्बाला कैंट जं. से 14.15 बजे छूटकर चण्डीगढ़ 15.00 बजे पहुॅचेगी।

# ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर दिया जाएगा प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर**

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर ठहराव विभिन्न स्टेशनों पर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। बरौनी से 15 मार्च से चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी सीवान स्टेशन पर, नई दिल्ली से 15 मार्च, 2024 से चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी सीवान स्टेशन पर, पाटलिपुत्र से 14 मार्च से चलने वाली 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस रतन सराय स्टेशन पर, 15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस रतन सराय स्टेशन पर, गोमतीनगर से 13 मार्च से चलने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस सिधवलिया स्टेशन पर, छपरा कचहरी से 14 मार्च से चलने वाली 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस सिधवलिया स्टेशन पर, नई दिल्ली से 15 मार्च से चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी देवरिया सदर स्टेशन पर, सीवान स्टेशन पर 02.40 बजे पहुंचकर 02.42 बजे प्रस्थान करेगी। दरभंगा से 14 मार्च, 2024 से चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी सीवान स्टेशन पर, देवरिया सदर स्टेशन पर, छपरा से 14 मार्च से चलने वाली 15105 छपरा-नौतनवा एक्सप्रेस जीरादेई स्टेशन पर, नौतनवा से 15 मार्च से चलने वाली 15106 नौतनवा-छपरा एक्सप्रेस जीरादेई स्टेशन पर, सम्बलपुर से 13 मार्च से चलने वाली 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस जीरादेई स्टेशन पर, गोरखपुर से 15 मार्च से चलने वाली 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस जीरादेई स्टेशन पर, बनारस से 15 मार्च से चलने वाली 12559 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर, नई दिल्ली से 14 मार्च से चलने वाली 12560 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर, बांद्रा टर्मिनस से 18 मार्च से चलने वाली 19091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस भटनी स्टेशन पर, गोरखपुर से 19 मार्च से चलने वाली 19092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस भटनी स्टेशन पर, मुजफ्फरपुर से 13 मार्च से चलने वाली 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर, तथा बेल्थरा रोड स्टेशन पर, प्रयागराज रामबाग से 18 मार्च से चलने वाली 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस झूसी स्टेशन पर, तथा बेल्थरा रोड स्टेशन पर, बरौनी से 15 मार्च से चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी देवरिया सदर स्टेशन पर, नई दिल्ली से 15 मार्च से चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी देवरिया सदर स्टेशन पर, सहरसा से 17 मार्च से चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस देवरिया सदर स्टेशन पर, अमृतसर से 16 मार्च से चलने वाली 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस देवरिया सदर स्टेशन पर, बरौनी से 13 मार्च से चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस एकमा स्टेशन पर, ग्वालियर से 13 मार्च से चलने वाली 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस एकमा स्टेशन पर, टाटानगर से 14 मार्च से चलने वाली 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस दाउदपुर स्टेशन पर, थावे से 14 मार्च से चलने वाली 18182 थावे-टाटानगर एक्सप्रेस दाउदपुर स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### होली विशेष गाड़ी के संचालन में बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05097/05098 टनकपुर-मदार जं0-टनकपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन 22 से 29 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार को तथा मदार जं. से 23 से 30 मार्च दिन शनिवार, मंगलवार एवं बृहस्पतिवार को चार फेरों के लिये पूर्व में सूचना जारी किया गया था। यह गाड़ी अब टनकपुर से मदार के स्थान पर टनकपुर से दौराई तक चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## होली पर विशेष गाड़ियां चलाने का निर्णय

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05047/05048 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनस-बनारस होली विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 26 मार्च को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 27 मार्च को एक फेरे के लिये किया जायेगा। इसी तरह 07219/07220 सिकन्दराबाद-गोमतीनगर-सिकन्दराबाद होली विशेष गाड़ी का संचालन 20 एवं 24 मार्च को सिकन्दराबाद से तथा 22 एवं 26 को गोमतीनगर से किया जायेगा। 05193/05194 छपरा-पनवेल-छपरा साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन 21 एवं 28 मार्च को छपरा से तथा 22 एवं 29 मार्च को पनवेल से दो फेरों के लिये किया जायेगा।

# एसएसबी व नेपाल पुलिस ने बैठक कर सुरक्षा हालात पर की चर्चा

**सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी एसएसबी के सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने एपीएफ नेपाल, नेपाल पुलिस, स्थल सीमा शुल्क चौकी खुनवा तथा राज्य पुलिस के साथ समन्वय बैठक की। इसके बाद गश्त कर ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

सीमा चौकी खुनवा के राज पाल, सहायक कमान्डेंट के अध्यक्षता में एपीएफ, नेपाल, नेपाल पुलिस, स्थल सीमा शुल्क खुनवा और पुलिस के साथ समन्वय बैठक की। बैठक के दौरान सीमाई क्षेत्र के मौजूदा हालात, आगामी आम चुनाव के दृष्टिकोण से सुरक्षात्मक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के उपरांत एस.एस.बी, ए.पी.एफ नेपाल, नेपाल पुलिस, स्थल सीमा शुल्क चौकी खुनवा तथा राज्य पुलिस के साथ अन्युक्त गश्ती कर स्थानीय ग्रामीणों को स्वच्छता के सन्दर्भ में जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीणों को अपने समाज को स्वच्छ रखने हेतु आवश्यकताओं से अवगत करते हुए चेक पोस्ट के समीप साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिससे स्वच्छ भारत का निर्माण किया जा सके।



बैठक के दौरान मौजूद एसएसबी, एपीएफ नेपाल, नेपाल पुलिस व अन्य सुरक्षा बलों के जवान। अमृत विचार

### ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43 वीं वाहिनी एस.एस.बी, की सीमा चौकी अलिगढ़वा और ककरहवा द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत संयुक्त रैली कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी अलिगढ़वा और ककरहवा द्वारा स्कूली बच्चो और ग्रामीणों को रैली के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। ककरहवा बाज़ार, अलिगढ़वा बाज़ार में रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। रैली के दौरान पोस्टर बैनर के माध्यम से सीमाई क्षेत्र के नागरिकों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सीमा चौकी ककरहवा तथा अलिगढ़वा के कार्मिको के साथ- साथ मॉडर्न पब्लिक स्कुल के अध्यापक शोएब के साथ अन्य स्कूली बच्चे तथा मानव सेवा संस्थान (एनजीओ) से प्रियंका, कलावती चौरसिया और अन्य स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।

## एक नजर

### देखरेख के अभाव में सूख गए रोपित किये गये पौधे

**बलरामपुर।** विकास खंड अन्तर्गत राप्ती मुख्य नहर पिपरी गांव से लालनगर तक करीब 20 किलोमीटर मे दोनो तरफ पटरियों पर लगाए गए आम, पीपल, पाकड, बरगद, कदम, कंजी सहित कई वैरायटी के पौधे रोपे गए थे। देखरेख के अभाव मे अधिकांश पौधे सूख गए हैं व ट्री गार्ड के ईट गायब हो गए। नहर के किनारे रोपे गए अधिकांश पौधे नष्ट हो गए हैं। सरकारी विभागों ने पौधे रोपकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया उसके बाद जिला प्रशासन का ध्यान पौधों पर नहीं गया। ऐसे में यहां पर पौधों ने दम तोड़ दिया है। किसी भी अधिकारी ने इन पौधों के बारे में दोबारा जानने की कोशिश भी नहीं की। इसलिए ये बदहाल हो गए। इस संबंध मे सिंचाई विभाग गोण्डा के अधिकारियो से बात करने पर चुप्पी साध लेते है।

# जायस, निहालगढ़ सहित आठ रेलवे स्टेशनों का बदलेगा नाम

संवाददाता, अमेठी

▸▸ धार्मिक स्थलों व स्थानीय महापुरुषों के नाम पर रेलवे स्टेशनों के नामकरण के लिए लिखा था पत्र

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद दीदी स्मृति इरानी ने बीते शारदीय नवरात्र पर अपने संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों का नाम देवी-देवताओं के मंदिरों व स्थानीय महापुरुषों के नाम पर करने के लिए ग्रह मंत्री व रेल मंत्री को पत्र लिखा था। मंत्रालय की ओर जायस, निहालगढ़ सहित संसदीय क्षेत्र के आठ रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही अमेठी संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों को पौराणिक व धार्मिक पहचान मिल जाएगी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति ईरानी ने रेलवे स्टेशन मिश्रौली का नामकरण संग्रामपुर स्थित शक्तिपीठ मां कालिकन धाम के नाम पर करने के साथ ही जायस को गुरु गोरखनाथ धाम, बनी को स्वामी परमहंस धाम, कासिमपुर हाल्ट को कवि जायसी के नाम पर जायस सिटी, फुरसतगंज को पीढ़ी के बाबा तपेश्वर धाम, निहालगंढ को महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम सिंहपुर स्थित शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी धाम, वारिसगंज को अमर शहीद भाले सुलतानी के नाम पर नामकरण करने के लिए ग्रह मंत्री व रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र भेजा था। स्मृति के पत्र पर भारत सरकार ने सहमति जताते हुए रेलवे स्टेशनों के नामकरण के बदलाव की प्रक्रिया तेज कर दी है। जल्द ही संसदीय क्षेत्र के आठ रेलवे स्टेशनों की पहचान अमेठी से जुड़े महापुरुषों व धार्मिक स्थलों के नाम से होगी। नाम बदलने के साथ अमेठी संसदीय क्षेत्र को उसकी पुरानी व गौरवशाली पौराणिक पहचान भी मिलेगी।

# 25 ई-रिक्शा घरों से उठाएंगे कचरा

संवाददाता, बलरामपुर

## नगर बनेगा स्वच्छ

▸▸ डीएम अरविंद सिंह व पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया शुरू

**अमृत विचार।** स्वच्छ बलरामपुर, स्वस्थ्य बलरामपुर बनाने के क्रम में आदर्श नगर पालिका परिषद में प्रत्येक वार्ड के लिए 25 ई-रिक्शा, 8 हजार परिवार के लिए कूड़ा रखने के लिए 30 लीटर का डस्टबिन किया जा रहा है। नगर पालिका में साफ-सफाई की व्यवस्था मिलेगी।

नगर पालिका को 25 नई सफाई गाड़ियां मिली हैं, जो की वार्डो में घर घर जा कर कचरा उठाएगी। डीएम अरविंद सिंह ने सभी सफाई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को डस्टबीन भी वितरित किया। उन्होंने कहा की नई सफाई वाहनों से नगर पालिका में साफ सफाई की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो, घरों से निकलने वाला गीला व सूखा कचरा नगर पालिका के सफाई वाहनों में ही रखें। अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए अतिरिक्त 25 ई-रिक्शा व 8 हजार डस्टबिन की व्यवस्था की गयी है ताकि कूड़ा डस्टबिन में रखकर डोर टू डोर कर्मचारी व ई-रिक्शा कर्मचारी को ही दें, कूड़ा सड़क या नाली पर न फेंकें, सफाई व्यवस्था में यथासंभव सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, गौरव मिश्र व सभासदगण उपस्थित रहे।



ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम अरविंद सिंह, पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व अन्य। अमृत विचार

# सपा द्वारा पोषित गुंडे दे रहे आपराधिक घटनाओं को अंजाम : ओमप्रकाश

## पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है सरकार, हत्यारे को पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगी पुलिस

संतकबीरनगर

फॉलोअप

**अमृत विचार।** सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों के आंसू पोंछने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर उनके घर पहुंचे। परिजनों को सांत्वना देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नंदिनी बेहद तेज तर्रार और होनहार नेत्री थीं। उनकी निर्मम हत्या का जितना दुख परिजनों को है उतना ही दुख मुझे भी है। पूरी पार्टी और उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि परिजनों की हर सम्भव सहायता की जाएगी। परिजनों को जब भी उनकी आवश्यकता हो बिना किसी संकोच के बता सकते हैं। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। नामी गिरामी अपराधी अपने अंजाम पर पहुंच चुके हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा पोषित कुछ अपराधी आज भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ही अपराधियों ने पहले नंदिनी राजभर के चचेरे ससुर को शराब पिलाकर उनकी जमीन का बैनामा करा लिया। पैसा मांगने पर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। नंदिनी राजभर ने पीड़ित को इंसाफ दिलाने की जंग शुरू किया तो बड़ी निर्ममता पूर्वक नंदिनी राजभर की भी हत्या कर दिया।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसे अपराधों को नेस्तनाबूद करना जानते हैं। एक सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हत्याकांड के चार अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एक अभियुक्त फरार है, पुलिस उसे पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगी। इसके अलावा जमीन बिक्री से लेकर दोनों हत्याओं की एसआईटी जांच शुरू हो चुकी है। जांच में जो भी दोषी पाया गया उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।



पत्रकारों से बातचीत करते कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर। अमृत विचार

# तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने की रखेंगे मांग

संवाददाता, संतकबीरनगर

## दाखिल करेंगे याचिका

▸▸ एनपीएस को अपडेट कराने व हिसाब मांगने को लेकर किया संघर्ष का ऐलान

▸▸ प्रदेश के सभी जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देगा शिक्षक संघ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायन सिंह ने कहा है कि प्रदेश के तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने व सेवा सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करेगा। इसके लिए जो भी व्यय आएगा संगठन वहन करेगा।

याचिका के अधिवक्ताओं से वार्ता करने के लिए समिति गठित कर दी गई है, जो इसकी निगरानी रखेगा। श्री सिंह ने सोमवार को शिक्षक सदन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनपीएस अपडेट करने व कटौती का हिसाब मांगने को लेकर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के जिलाध्यक्ष दिनांक 12, 13 व 14 मार्च के बीच किसी भी दिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर सामूहिक रूप से उपस्थित होकर ज्ञापन के माध्यम से नोटिस देंगें। जिसमें 31 मार्च के पहले एनपीएस अपडेट नहीं हुआ तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में धरना दिए जाने की नोटिस दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षक निर्वाचन व सदस्यता अभियान की दृष्टि से कमजोर जिलों में सदस्यता प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। आगरा, सहारनपुर, अलीगढ़, प्रयागराज, झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, गोरखपुर व देवी पाटन मंडल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जीपीएफ/एनपीएस घोटाले को लेकर गोरखपुर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित धरने में बस्ती व गोरखपुर मंडल के सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। धरने में प्रदेश अध्यक्ष खुद भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए पदाधिकारियों को सूचना दी गई है।

## सार-संक्षेप

### हवा के मिश्रण के बारे में छात्रों को दी जानकारी



पायनियर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा 5 व 6 के छात्रों को विज्ञान विषय के अध्यापिका व अध्यापक शिखा पाण्डेय व मणिशंकर पाण्डेय ने विज्ञान विषय पर आधारित हवा के लक्षण व मिश्रण तथा आमिश्रण पदार्था के बारे में प्रयोगात्मक विधि से बताया। विज्ञान विषय अध्यापिका शिखा पाण्डेय ने सभी छात्रों को बताया कि जैसे कि हम सभी जानते है कि हवा के कई लक्षण होते है जैसे हवा जगह घेरता है, हवा में भार होता है, हवा का कोई रंग नही होता है, हवा को हम देख नही सकते केवल महसूस कर सकते है, परन्तु विज्ञान इसे कहने से नही बल्कि प्रयोगात्मक विधि से ही साबित करता है कि हवा में यह सारे गुण मौजूद होते है। इसी प्रक्रिया के दौरान सभी छात्रों ने रंग-बिरंगे गुब्बारो को फुलाया और देखा कि हवा पिचके हुए गुब्बारे को एक नया आकार मिला जिससे यह साबित होता है कि हवा जगह घेरती है। दूसरे परीक्षण को बच्चे करते हुए यह पता लगाये कि जिस गुब्बारें मे हवा है उसका भार ज्यादा है तथा जिस गुब्बारे में हवा नही है उसका भार कम है।

इस अवसर पर विज्ञान विषय अध्यापक मणिशंकर पाण्डेय ने छात्रों को बताया कि जब कोई प्रक्रिया आप प्रयोग की विधि से करेंगे तो वह आसानी से सीख जायेंगे तथा वह आप अपने पूरे जीवन में नही भूलेंगे। जब आप विषय को रट के पढ़ते है या याद करते है तो कुछ समय पश्चात् आपके मस्तिष्क से उतर जाता है, परन्तु प्रयोगात्मक विधि में ऐसा नही होता है। जब आपसे कोई कहता है कि पानी तेल के साथ मिश्रित नही होता है तथा ग्लिसरीन पानी के साथ मिश्रित होता है तो यह आप सभी को पता होता है कि यह सच है परन्तु ऐसा क्यों होता है। यह केवल प्रयोग विधि से ही साबित किया जा सकता है। विज्ञान हमेशा परीक्षण पर किसी तथ्य को सही साबित करता है। विज्ञान विषय पर आधारित विज्ञान विषय के अध्यापक व अध्यापिका मणिशंकर पाण्डेय व शिखा पाण्डेय ने हवा के लक्षण, मिश्रण व आमिश्रण पदार्था के बारे में प्रयोगात्मक विधि से छात्रों को जानकारी देने पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी ने उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की।

### करियर के अवसर के बारे में छात्रों को दी जानकारी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मंगलवार को एमएलके पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय प्राचार्य के निर्देशन में बीएड विभाग में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर अपॉर्चुनिटीज एंड गाइडेंस फॉर बीएड स्टूडेंट्स विषय पर एक इनवाइटेड टॉक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एलेन कैरियर इंस्टिट्यूट कोटा, राजस्थान से मनोज राय एसोसिएट प्रोफेसर ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के कई मूल मंत्र देते हुए कहा कि खुद से निश्चय किए गए लक्ष्य पर सकारात्मक रहकर कार्य करना चाहिए तथा किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए वॉइस माड्यूलेशन बहुत जरूरी बताया। उन्होंने एलेन इंस्टीट्यूट कोटा, राजस्थान में नीट की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्रों की गतिविधियों से परिचय कराया कि वे लोग किस तरह तैयारी करते हैं। उन्होंने बीएड पाठ्यक्रम को व्यक्तित्व विकास व करियर के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राम रहीस, असिस्टेंट प्रोफेसर बीएड विभाग ने बीएड के विद्यार्थियों को बीएड की विभिन्न क्षेत्रों में करियर अपॉर्चुनिटीज के बारे में विस्तार से बताया। सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. बसंत कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को टीजीटी पीजीटी में सफल होने के गुरु मंत्र दिए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत बीएड की छात्राओं रुचि चैधरी, अर्चना मौर्य व पल्लवी वर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। कल्पना पांडे, आकांक्षा वर्मा व पल्लवी वर्मा ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत गया। डॉ. सीमा सिंह ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. राम रहीस ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बीएड के लगभग 65 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

### बशर नवाज ने 7 वर्ष की उम्र में रखा पहला रोजा

**मगहर, संतकबीरनगर।** नगर पंचायत के मोहल्ला चूड़ी फरोश मोहल्ले के सूती मिल चौराहा निवासी 7 वर्षीय बशर नवाज पुत्र शाहनवाज आलम अंसारी ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा। जिस पर उनके माता पिता और परिजनों ने उनको उपहार देने के साथ ही ढेर सारी दुआएं दीं। पूछने पर बशर नवाज ने बताया कि रोजे में अम्मी-बड़ी अम्मी, बड़े अब्बू लोग और अब्बू को रोजे रखते और नमाज पढ़ते देखते थे। तो उसका भी मन करता था कि रोजे रखें और नमाज पढ़ें। अब्बू के साथ पहले से ही नमाज पढ़ने जाते थे। रोजा नहीं रख पाते थे। पर सेहरी व उनके साथ नमाज पढ़ लेते थे। बड़ी हिम्मत जुटाने के बाद फैसला किया कि पहला रोजा रखेंगे। इसे लेकर पूरी रात नींद नहीं आई और सेहरी खाने के बाद रोजे को मुकम्मल किया। बशर नवाज़ ने बताया की रोजा रखने से खुदा खुश होते हैं। इसके अलावा अच्छी चीजें भी खाने को मिलती हैं। अल्लाह दुआ को कबूल करता है। आगे बताया कि उनके पहला रोजा रखने पर उनके अम्मी-अब्बू, बड़े अब्बू, बड़ी अम्मी ने उपहार दिये। दादा हाजी बदरे आलम अंसारी जो इस समय गोरखपुर रेलवे हॉस्पिटल में भर्ती हैं उन्होंने काफी दुआएं दी हैं। हम भी अल्लाह से दुआ करते हैं कि हमारे दादा जल्दी ठीक होकर घर आ जाएं।



### भाजयुमो महुली मंडल के अध्यक्ष बने संदीप उपाध्याय

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने युवा जुझारू और तेज तर्रार नेता संदीप उपाध्याय को भाजयुमो महुली मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्हें लगातार दूसरी बार मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर युवाओं में जश्न का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। सदैव युवाओं का मार्गदर्शन करने वाले संदीप उपाध्याय ने अपने युवा साथियों से मिलकर कहा कि पार्टी द्वारा पुन: एक बार विश्वास जताने पर शीर्ष नेतृत्व का और आप सभी युवा साथियों का मैं आभार प्रकट करता हुं। पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है मैं उसका अच्छे तरीके से निर्वहन करुंगा और लोकसभा में पार्टी द्वारा जिन्हें प्रत्याशी घोषित किया गया है उनके कदम से कदम मिलाकर पूरी जिम्मेदारी से अपने संतकबीरनगर लोकसभा सीट पर कमल खिलाने का हर सम्भव प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि हर युवा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को संकल्पित है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से ग्रीश चन्द्र द्विवेदी, बुद्धि सागर पाण्डेय, मनमोहन चतुर्वेदी, अंकित शर्मा, गुड्डू तिवारी, अमित दूबे, मृत्युंजय मिश्र, सर्बेश मिश्र, हिंमाशु दूबे समेत तमाम लोग शामिल रहे।



# स्वरोजगार के लिए कैपिटल मार्केट की जानकारी अहम

## आयोजन

▸▸ पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**जौनपुर, अमृत विचार।** बिजनेस इकनॉमिक विभाग में कैपिटल मार्केट जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीएसएल के देवेश दुबे ने कैपिटल बाजार में विनियोग करने एवं उसके माध्यम से आय अर्जित करने के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने में कैपिटल मार्केट की जानकारी हमेशा लाभदायक होती है। बीएसई के शैलेन्द्र कुमार ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान समय में 11 करोड़ लोगों ने अपना डीमैट खाते इन्वेस्टमेंट के लिए खुलवा रखा। जिसके माध्यम से उनके द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि बताया कि एमबीए बिजनेस इकनॉमिक एक रोजगार परक पाठयक्रम है। और इसमें प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचार एवं कॉर्पोरेट जगत की मांगों को देखते हुए तैयार किया जाता है। इसलिए इस पाठयक्रम विद्यार्थियों में बहुत मांग है।

स्वागत डॉ.आशुतोष कुमार सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ.अंजनी मिश्र ने। इस अवसर पर डॉ.निशा, डॉ. सुशील सिंह, डॉ.रोहित पाण्डेय, डॉ.राकेश उपाध्याय नितिन चौहान सहित एमबीए बिजनेस इकनॉमिक एवं बीकाम के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षक ही समाज में बदलाव लाएगा

**बलरामपुर।** जिले के राम कृष्ण परमहंस मिशन इंटर कॉलेज भगवतीगंज में वार्षिकउत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ व मेधावी प्रतिभा समारोह का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह, विशिष्ट अतिथि गौ सेवक युवा समाज सेवी रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी व शुभान अली प्रबंधक आईएएस एकाडमी कौवापुर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गोविन्द सोनकर ने मां सरस्वती जी पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित व माला पहनाकर कार्यक्रम का शुरू किया। बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में स्वागत कर उनका मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार पांडेय व डायरेक्टर पीएन यादव ने अतिथियों का बैच लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय मानव कल्याण रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने कहा कि शिक्षक ही समाज में बदलाव लाएगा व समाज आगे बढेगा। कार्यक्रम में मधु मिश्रा, लवी शुक्ला, शुभम यादव, श्रेयांशी यादव, पूनम, सपना, अभीत, आदर्श आयुष्मान, अनामिका, नंदनी, करिश्मा, अनुराधा, सर्वजीत, संदीप, अंशु, मृदवेश, अंशिका, समृद्धि, सौम्या, रुद्रांशी, नितिन सहित बच्चों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# आज के युग में स्मार्टफोन महत्वपूर्ण: सुभाष

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा क्षेत्र के ग्राम मिठना सिठना में स्थित ताराचंद महाविद्यालय में 152 छात्र छात्राओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने कहा कि टेक्नोलॉजी से पूरी दुनिया पर राज किया जा सकता है।

भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में युवाओं के हाथ में तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट पहुंच रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक भालचंद पाठक और संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज शुक्ल ने किया। विद्यालय परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव के साथ सभी अतिथियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत और माल्यार्पण किया गया। अपने संबोधन में एमएलसी सुभाष यदुवंश ने कहा कि पहले की सरकारें युवाओं के हाथ में हथियार देती थीं और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की केंद्र और प्रदेश सरकार अब छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट दे रही है। अपने सम्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा श्रीवास्तव ने कहा कि आज के तकनीकी युग में स्मार्टफोन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों को विद्यालय के सह प्रबंधक पीयूष पाठक उर्फ सिंटू, ईश्वर चंद मौर्य, मनोज यादव, पंकज भारती, पंकज पाठक, विजय मोदनवाल, अखिलेश पाठक, के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख नाथ नगर दिगपाल पाल, ज्ञानेंद्र मिश्र, प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी, कपिल देव कनौजिया, प्रसिद्ध नारायन पांडेय, अनिरुद्ध प्रसाद शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।





छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित करते एमएलसी सुभाष यदुवंश। अमृत विचार

## कार्यक्रम

21वां विशाल सतरंगी फाल्गुन श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन

# बांके बिहारी कजरारे मोटे-मोटे तेरे नैन...

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** श्री श्याम मित्र मंडल बलरामपुर द्वारा 21वां विशाल सतरंगी फाल्गुन श्री श्याम महोत्सव के तहत महाराजा अग्रसेन मंदिर अग्रवाल भवन भगवतीगंज में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निष्काम गुप्ता जनरल मैनेजर चीनी मिल, विशिष्ट अतिथि भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह सहित लोगों ने श्याम बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुरू किया। जिसमें अनूप सिंघल ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें श्याम बाबा की झांकी सजाई गई।

इसी क्रम में भजन गायक रवि बेरीवाल कोलकाता ने भजन को सुनाते हुए लहराते देखे हैं हमने श्याम निशान करोड़, बांके बिहारी कजरारे मोटे-मोटे तेरे नैन, आज खुशी से झूम रहा दिल न जाने क्या बात है, सचिन गुप्ता बस्ती भजन गायक ने सुनाया तेरे चलते मेरी पहचान संवारे, गिरधर मेरे मौसम आया धरती के श्रृंगार का, तेरे ही भरोसे बाबा मेरा परिवार था, शीर्षक का भजन सुनाया। जिसका भक्तों ने खूब आनंद लिया व जमकर थिरके हुए देर रात तक चले भजन संध्या में श्याम भक्तों ने फूलों की होली भी खेली व जमकर अबीर-गुलाल भी उड़ाया। आयोजकों ने अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया। जिसमें सुशील हमीरवासिया, देवीकांत अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, ताराचंद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, प्रमोद चैधरी, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक, महेश कुमार अग्रवाल, अशोक महेश्वरी, अभिषेक अग्रवाल, प्रदीप गोयल, जय शेखर गर्ग, अमन, अनूप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, श्याम सुंदर केसरवानी, सौरभ तुलस्यान, सुशील अग्रवाल, राज कुमार गुप्ता, शिवम अग्रवाल, अंकित अग्रवाल व महिलाओ में पूनम चैधरी, नेहा अग्रवाल, रितु अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, कंचन गुप्ता, मीरा सिंह, गुड़िया गुप्ता, नम्रता अग्रवाल, झूमा सिंह, जोत्यना शुक्ला, पिंकी, प्रतिभा श्रीवास्तव, सीमा सिंह, कान्ता केसरवानी, सुधा त्रिपाठी, सुमन केसरवानी, पूनम गुप्ता, ममता सिह, मधु गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



अग्रवाल भवन भगवतीगंज में आयोजित 21वां विशाल सतरंगी फाल्गुन श्री श्याम महोत्सव में भजन गाते गायक। अमृत विचार

# अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ें : बीईओ

▸▸ हमारा आंगन-हमारे बच्चे जन जागृति उत्सव का हुआ आयोजन

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** तीन से छह वर्ष तक के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें। सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराना है।

यह बातें ब्लॉक सभागार के केंद्र में मंगलवार को आयोजित 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान एडीओ पंचायत राजेश पांडेय, दीप श्रीवास्तव, अभिनव मिश्र, प्रेम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूर्व आईपीएस बृजभूषण बनाए गए राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य



**अमृत विचार, लखनऊ :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी बृजभूषण को राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से उनकी नियुक्त के बाद शासन ने बुधवार को आदेश जारी किया। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी आदेश के अनुसार बृजभूषण का कार्यकाल तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने जो भी पहले घटित हो, तक के लिए होगा। मालूम हो कि बृजभूषण बीते वर्ष एडीजी जोन लखनऊ के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### हेल्थ कार्ड के लिए लोकभवन में लगाया गया शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत मंगलवार को लोक भवन में सचिवालय कर्मियों के हेल्थ कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए इस मौके पर मुख्य सचिव के स्टॉफ अफसर रवीन्द्र कुमार ने सचिवालय कर्मियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

# जल जीवन योजना से खराब हुई सड़क तो संस्था की जवाबदेही होगी तय: योगी

## मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा- तय समय सीमा के भीतर पूरा हो जाये काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी और अधिकारी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने के दिए निर्देश
- गर्मी में नहीं होगी पेयजल की समस्या, विंध्य-बुंदेलखंड के लिए विशेष प्रबन्ध

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। पेयजल परियोजना के कारण सड़क खराब न रहे। यदि ऐसा हुआ तो जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में' हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। लगातार प्रयासों से आज 02 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आख़िरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए।

## सीएए से मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नहीं

**अमृत विचार , लखनऊः** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ने कहा कि बीजेपी ने राजनैतिक फायदा लेने की कोशिश में सीएए को लागू कर दिया है। इसको लेकर मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नही है।

पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की ओर से जारी प्रेस में नोट में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा सीएए कानून लागू किये जाने पर मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह कानून नागरिकता देता है, छीनता नहीं है, इससे मुसलमानों का लेना देना नहीं है, यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आयी थी और लागू करना चाहती थी लेकिन सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव का राजनैतिक लाभ लेने के लिए इंतिजार कर रही थी। अनीस मंसूरी ने कहा कि भारतीय संविधान में लिखा है कि देश में किसी भी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता दी जा सकती है, सरकार को संविधान की इस बात पर विचार करना चाहिए। सीएए पर देश भर से आई आपत्तियों का समाधान नहीं किया और अपने राजनैतिक लाभ के लिये लागू कर दिया है, यह देश के लिए विभाजनकारी है।

# पासपोर्ट के चार अधिकारियों समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में की कार्रवाई

**अमृत विचारः** सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को एक केस दर्ज किया है। सीबीआई ने इस मामले में गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी ली है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है।

आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली। फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया।

इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। इसी तरह सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए।

सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए। ये सभी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। शुरुआत में सीबीआई ने इसकी आंतरिक जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन यूनिट ने इसके बाद इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया है।

# चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान ने भरी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 19 सीटर विमान से पांच जिलों के लिए हो रहा है संचालन

**अमृत विचारः** उड़ान योजना के तहत फ्लाई बिग एयरलाइंस ने उड़ान सेवा शुरू कर दी है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस के विमानों ने उड़ान भरी। मुरादाबाद के लिए विमान सेवा अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है।

बता दें कि फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए उड़ान सेवा दो मार्च से शुरू होनी थी। इसके लिए शेड्यूल भी जारी हुआ था मगर इसको टाल दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल उक्त पांच जिलों के हवाई अड्डे का लोकार्पण किया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए सेवाएं शुरू की गईं। जबकि बुधवार को भी चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे। जबकि 14 मार्च को आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए विमान उड़ान भरेगा। एक सप्ताह के भीतर उड़ान का नियमित शेड्यूल जारी हो जाएगा। शेड्यूल जारी होने के साथ ही बुकिंग भी शुरू हो जाएगी।

# सचिवालय संवर्ग के 13 अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानांतरण के बाद नया कार्यभार नहीं ग्रहण कर रहे थे अफसर

**अमृत विचारः** शासन ने स्थानांतरण के बाद कार्यभार ग्रहण न करने पर सचिवालय संवर्ग के 13 अफसरों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया। दो अफसरों की वर्तमान तैनाती स्थल पर हाजिरी पर रोक लगाई गई है। इस सिलसिले में मंगलवार को सचिवालय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया।

बीती 12 जनवरी को विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार संखवार को कृषि विभाग में विशेष सचिव पद पर तैनात किया गया था, पर उन्होंने अभी तक नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। शासन ने नियुक्ति विभाग से उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करते हुए कृषि विभाग में कार्यभार ग्रहण करने निर्देश दिया है। इसी तरह 1 मार्च को ही विशेष सचिव श्रम जयप्रकाश का स्थानांतरण कर उन्हें विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया, कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। बीते एक मार्च को ही विशेष सचिव ग्राम्य विकास सत्य प्रकाश उपाध्याय को विशेष सचिन श्रम के पद पर तबादला होने व कार्यभार ग्रहण न करने पर तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया गया है। कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में उपसचिव पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी को उप सचिव वित्त विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्य मुक्त किया गया है। उप सचिव नियुक्ति विभाग निरमेश कुमार शुक्ल को उपसचिव औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग के पद पर भेजे जाने व कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया है। उपसचिव पंचायती राज अमिताभ श्रीवास्तव को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया। इसी तरह विशेष सचिव गृह विश्वजीत सिंह को खेल विभाग में उपसचिव पद के लिए कार्यमुक्त किया गया। लोक निर्माण विभाग के उपसचिव राजकुमार को उपसचिव नियुक्ति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति विभाग जूली दुबे को लोक निर्माण विभाग में नवीन तैनाती स्थल के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति अभिजीत को खाद एवं रसद विभाग के लिए, अनु सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को वित्त विभाग के लिए कार्य मुक्त किया गया। उप सचिव चिकित्सा शिक्षा सत्य प्रकाश सिंह के वित्त विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें वर्तमान तैनाती स्थल हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा कृपा शंकर यादव के भी न्याय विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें हस्ताक्षर पर रोक लगा दी गई है।

# अटल राय बने निदेशक पंचायती राज, रमेश फिरोजाबाद के डीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक फेरबदल जारी है। शासन ने मंगलवार को फिरोजाबाद के जिलाधिकारी समेत सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अटल कुमार राय अब निदेशक पंचायती राज होंगे। फिरोजाबाद के डीएम रहे उज्ज्वल कुमार को विशेष सचिव एमएसएमई के पद पर भेजा गया है, जबकि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक रमेश रंजन को फिरोजाबाद का नया डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव एमएसएमई अरुण प्रकाश अब विशेष सचिव नगर विकास होंगे। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव गन्ना विकास शेषनाथ को विशेष सचिव लोक निर्माण के पद पर भेजा गया है। अपर निबंधक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन का दायित्व सौंपा गया है।

**चुनाव आयुक्त की रेस में :** भारत निर्वाचन आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक होगी। माना जा रही है, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। चुनाव आयुक्त की रेस में 1988 बैच की आईएएस राधा चौहान और राजस्थान कैडर के आईएएस रोहित कुमार सिंह का नाम चर्चा में है।

# जिस जाति की संख्या भारी उसी का बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है।

बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि प्रत्याशी चयन में बसपा किसी से पीछे नहीं है, बल्कि भाजपा और सपा के शोर-शराबे के साथ की जा रही घोषणाओं से इतर पार्टी सुप्रीमो मायावती एक-दो और पांच-दस सीटों की धीरे-धीरे प्रत्याशियों का चयन कोआर्डिनेटर का माध्यम से सामने ला रही है। हालांकि सूची लगभग सभी सीटों की तैयार है। यही नहीं पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में प्रत्याशी चयन को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### कन्नौज से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी प्रत्याशी

बसपा ने मंगलवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर सपा और भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इसके पहले दो दिन में चार और प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, जो सभी मुस्लिम हैं। इनमें पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनीस अहमद फूल बाबू, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद से इरफान सैफी हैं। इससे अंदरखाने जहां भाजपा नेता खुश हैं तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन नेताओं की चिंता बढ़ गई है। 2014 में भी बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसका फायदा भाजपा को मिला और मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2019 में बसपा-सपा के गठबंधन से मुकाबला करने उतरी भाजपा मंडल में खाता भी नहीं खोल पाई थी।

- बसपा में सोशल इंजीनियरिंग और वोट ट्रांसफर कराने की रणनीति पर टिकट

वैसे बसपा का काशीराम के जमाने में फार्मूला था कि सोशल इंजीनियरिंग के जरिए दलितों के साथ अन्य पिछड़ी और अतिपिछड़ी जातियों को पार्टी से जोड़कर वोट बैंक बनाया जाए। मगर, बाद में मायावती ने ऐसे तमाम नेताओं को पहले शिखर तक पहुंचाया, फिर अलग-अलग आरोपों के सामने आने के साथ पर कतरने और बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इससे वोट बैंक छिटकते गए। इसका असर है कि उप्र. विधानसभा में एक मात्र विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है।

मायावती का एक दशक पहले विधानसभा और लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के पीछे सबसे हिट गणित रही है कि इलाके में जिस जाति की संख्या ज्यादा हो, उसे टिकट देकर दलित वोट के समीकरण से सीट जीती जाए। मगर, इस जीत में निर्णायक की भूमिका तब सपा से बसपा में वोट करने वाले मुसलमानों की ज्यादा संख्या का असर ज्यादा रहा है। साथ ही, अन्य पिछड़ी जातियों का झुकाव बसपा में था। एक दशक से मोदी मैजिक के दौर में ओबीसी जातियों का समीकरण सपा और बसपा दोनों से बिगड़ गया है।

इस बार लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का झुकाव इंडी गठबंधन के साथ ज्यादा दिख रहा है। ऐसे में बसपा जाट लैंड में जाट प्रत्याशी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में मुसलमानों को अब दिए गए टिकट से सपा और भाजपा दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है।

# यूपी में पर्यटन की अपार संभावनाएं : जयवीर




कार्यक्रम के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी ट्रेवल मार्ट- 2024 को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश धार्मिक, आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। यहां पर्यटन की संभावनायें हैं। सरकार भी प्रयासरत है। दुनिया भर के टॉप ब्रांड आज अयोध्या में होटल बना रहे हैं। 2023 में करीब 48 करोड़ घरेलू पर्यटक यूपी पहुंचे थे। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में यूपी सरकार और फिक्की की ओर से आयोजित यूपी ट्रेवल मार्ट-2024 के दौरान पत्रकारों से कही।

मंत्री ने कहा प्रदेश में पर्यटन स्थल की खासियत और पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी यूपी ट्रेवल मार्ट के जरिये की जा रही है। पर्यटन स्थल वहां से जुड़ी कहानियों की जानकारी से लोगों का आकर्षित करते हैं। बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने में कानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी का योगदान होता है। इन तीनों मामलों में यूपी बेहतर है। बता दें सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मिलकर यूपी ट्रैवल मार्ट (यूपीटीएम) के छठे संस्करण का आयोजन 25 से 29 अप्रैल 2024 तक गोरखपुर में करने की घोषणा की है। इसी को लेकर आयोजित कर्टन रेजर में फिक्की और यूपी पर्यटन और उप-समिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने यूपी ट्रैवल मार्ट की जानकारी दी।

## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।
3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।
4. लंबा, विशाल, विस्तृत।
5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।
6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा
7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।
8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।
9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।
10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

**ऊपर से नीचे**

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।




### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 थी | | 2 कि | य | त |
| 3 तू | ल | म | तू | ल | | |
| | | | | 4 क | ले | जी |
| | 5 उ | घा | ड़ | ना | | |
| 6 ए | षा | | | | | 7 ख |
| | गा | | | | | ट |
| 8 यौ | न | शो | ष | ण | | ना |

### सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष:** आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**वृष:** आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**मिथुन:** आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

**कर्क:** आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

**सिंह:** आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**कन्या:** आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**तुला:** आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

**धनु:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**मकर:** आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

**कुंभ:** आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**मीन:** आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | जान से प्यारा | सुबह : 11.01 |
| B4U Movies | दानवीर | शाम : 04.13 |
| Sony Max | बाहुबली 2 | सुबह : 09.58 |
| Sony Max | अनाड़ी | रात : 07.00 |
| Sony Pix | एस्केप रूम | सुबह : 10.28 |
| Sony Pix | द कान्जरिंग | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | यहां | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | फ्रीकी अली | रात : 07.30 |
| Colors Cineplex | स्वदेश | दोपहर : 12.45 |
| Colors Cineplex | उंगली | रात : 10.35 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा, जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,667.96 | 22,335.70 |
| बढ़त | 165.32 | 3.05 |
| प्रतिशत में | 0.22 | 0.01 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

## जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

नई दिल्ली, एजेंसी



विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर



खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5.1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8.66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8.3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

## मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

# आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200-50,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

## वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगी: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

- मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत



उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।



# 10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

अहमदाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री



अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। • एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

### 85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण – बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

# आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

नई दिल्ली, एजेंसी

**अयोग्यता मामला**

- उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल



उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं।

इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

## एक नजर

### मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

### छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

**नई दिल्ली।** ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

## मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, एजेंसी

- तेलंगाना में अमित शाह ने स्वयंसेवकों की बैठक को किया संबोधित



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा, ''हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताये गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा-नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

मुंबई, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

## केंद्र सरकार ने बनाई न्यूज एजेंसी अनुराग ठाकुर आज करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे।

सरकारी न्यूज एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। कोई भी देश का नागरिक समाचार माध्यम जैसे अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

# मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

नई दिल्ली, ब्यूरो

**लापरवाही**

- आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

**अमृत विचार:** उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डा. ईश्वर वी बसवारेड्डी द्वारा गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर आलीशान इमारत बनवाकर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डा. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है।उसका सबसे बड़ा उदाहरण 9 माह से निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।

# यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली श्रृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम श्रृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।



### दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

# मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

## मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

मुंबई, एजेंसी

मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।



## खेल डायरी

### रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर



**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0–1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4–3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4–4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1–3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

### चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

**लंदन, एजेंसी।** कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3–2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे। इससे 10वें स्थान पर न्यूकासल और 11वें पर चेल्सी के बीच 4 अंक का अंतर अब सिर्फ एक अंक का रह गया है।

### उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

**रोम, एजेंसी।** उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2–1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की। ओएर जरागा ने 51वें मिनट में उडिनेस को 2–1 की बढ़त दिलाई जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

### लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर



**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6–4, 3–6, 6–3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है। नार्डी ने मुख्य ड्रॉ में टॉमस मार्टिन एचवेरी की जगह ली थी और उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। नार्डी ग्रैंडस्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के टूर्नामेंट में जोकोविच को हराने वाले सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2008 में मियामी के केविन एंडरसन ने जोकोविच को हराया था। महिला एकल में कोको गॉफ ने लूसिया ब्रोनजेटी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने लूसिया के खिलाफ 6–2, 7–6 से जीत दर्ज की। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस जीत के साथ अमेरिका में गॉफ की जीत का क्रम 18 मैच तक पहुंच गया है, जिसमें पिछले साल अमेरिकी ओपन की जीत भी है। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने ऐमा राडुकानु को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में होल्गर रूने ने टूर्नामेंट में पहला मैच खेलते हुए लोरेंजो मुसेटी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गेल मोनफिल्स ने कैमरन नोरी को तीन सेट में हराया जबकि अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल ने भी सीधे सेट में जीत दर्ज की।

# पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

## बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।



### कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले



**बेंगलुरू।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर–19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी–20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

# अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट

लंदन, एजेंसी



महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट श्रृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के मुख्य कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने 5 मैचों की श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन श्रृंखला 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए।

बॉयकॉट ने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने (बल्लेबाज) कुलदीप यादव को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक भी समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए शुरुआती कुछ मौकों पर ही रहस्य बन सकता है। उन्होंने कहा कि लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए। बहुत से खिलाड़ी उसके खिलाफ कभी भी सहज नहीं दिखे और पिच पर ध्यान दिए बगैर उसका सामना करने का प्रयास किया। बॉयकॉट ने श्रृंखला में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के अत्यधिक आक्रामक रवैये की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज डिफेंस की अपनी क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं थे, खासकर बल्ले के चारों ओर क्षेत्ररक्षकों की मौजूदगी में, इसलिए उन्होंने इसके बजाय आक्रमण करना चाहा। यह विचार स्तरीय स्पिनरों के खिलाफ खतरे से भरा है।



टेस्ट क्रिकेट में 8114 रन बनाने वाले इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि यही कारण है कि हमने कुछ गलत तरीके से आउट होने वाले खिलाड़ी देखे। जैसे कि ओली पोप जो आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में काफी दूरी से स्टंप आउट हुए और बेन डकेट भी अश्विन को आगे बढ़कर खेलते हुए बल्ले के निचले हिस्से पर गेंद लगने के बाद बोल्ड हुए।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे और महिला टीम नौवें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर पुरुष टीम ने पेरिस ओलंपिक में बनाई थी जगह

भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को जारी एफआईएच विश्व रैंकिंग में एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई जबकि हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाला जर्मनी तीसरे स्थान पर है।

भारत के 2761 रैंकिंग अंक हैं। उसने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक में जगह बना दी थी और इस कारण ओलंपिक क्वालीफायर्स में हिस्सा नहीं लिया। जर्मनी (2786) ओमान में खेले गए ओलंपिक क्वालीफायर्स में अजेय था। नीदरलैंड (3060) शीर्ष पर है। उसके बाद बेल्जियम (2848), जर्मनी, भारत और ऑस्ट्रेलिया (2757) है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड (2720) को पीछे छोड़ पांचवा स्थान पाया। अर्जेंटीना (2524) और स्पेन (2296) सातवें और आठवें हैं। फ्रांस (2085) और न्यूजीलैंड (2025) शीर्ष 10 में दो अन्य टीम हैं। महिलाओं की रैंकिंग में ओलंपिक क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारत नौवें स्थान पर है। नीदरलैंड शीर्ष पर, उसके बाद अर्जेंटीना, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, स्पेन और चीन है।

# ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

बर्मिंघम, एजेंसी

**ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था।



सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

## बॉलीवुड हलचल

### सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

### काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला




**मुंबई, एजेंसी।** फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।

### सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा



**मुंबई, एजेंसी।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑडिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी – अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

### भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति–पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

### ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भारतवंशी बनवा सकेंगे ओसीआई कार्ड : मुर्मू

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की घोषणा

**पोर्ट लुइस, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत ने मॉरीशस में रह रहे भारतवंशियों की सातवीं पीढ़ी को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए विशेष प्रविधान को मंजूरी दी है। यह कदम यहां के युवाओं उनके पूर्वजों की भूमि से फिर से जोड़ने का एक प्रयास है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि भारत सरकार पवित्र गंगा तालाब परिसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की मदद करेगी। वह तीन दिवसीय मारीशस की राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को मारीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह समारोह में भाग लेकर बेहद खुश हैं और प्रार्थना करती हैं कि दोनों देशों के संबंध मजबूत बने रहें। इधर, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मु को डाक्टर आफ सिविल ला की मानद उपाधि से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया और मॉरीशस में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने वाले महात्मा गांधी संस्थान में बापू को श्रद्धांजलि दी। समारोह में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया। आज मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस है। राष्ट्रपति मुर्मू इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हैं। उन्होंने मॉरीशस में महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक एक छोटी मेट्रो यात्रा भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के दांडी मार्च की शुरुआत के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने मेट्रो में थोड़ी देर यात्रा की और मॉरीशस के महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।



ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

# लोस चुनाव में 8.1% नए मतदाताओं की बढ़ोतरी

*इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1% अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9% अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3% अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। देश में इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल मतदाताओं के 22% से अधिक हैं।*



### 2 करोड़ युवा पहली बार करेंगे मतदान

लेटेस्ट वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.85 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के बच्चों से 22.7% अधिक है। साथ ही, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से नामांकन के लिए 10.6 लाख अग्रिम आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार, 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। 1 जनवरी, 2024 तक थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 48,044 है। यह 2019 में 39,683 से अधिक है, जबकि पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति) मतदाता 45.6 लाख से 88.4 लाख हो गए हैं। यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी है। नवीनतम सूची में 1.86 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें 2.38 लाख 100 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति हैं।

### 12 राज्यों में महिला वोटर अधिक



मतदाताओं के लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये 2019 में 928 से बढ़कर इस बार 948 हो गया है। पिछले पांच वर्षों में 3.2 करोड़ पुरुषों की तुलना में 4 करोड़ से अधिक महिला मतदाता जुड़ी हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में 43.1 करोड़ के बाद से, इस वर्ष महिला मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुष मतदाताओं में 46.4 करोड़ से 6.9% की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित एक दर्जन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

### यूपी में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

यूपी में इस बार करीब 26 लाख मतदाता बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं की संख्या 15 लाख है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अनुसार इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्षों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाता सूची में एक हजार पुरुषों की तुलना में 867 महिलाएं थीं, इस वर्ष यह अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।





## एक नजर

### हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने किए हवाई हमले

**लंदन।** लाल सागर में जहाजों पर हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर करीब 15 हवाई हमले किए हैं। अल-मसीरा प्रसारक ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के विमानों ने उत्तरी यमन के सादाह प्रांत पर पांच हमले किए। इसके अलावा, उन्होंने होदेइदाह प्रांत सहित पश्चिमी यमन में लगभग 15 हमले किए। यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजराइल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता।

### हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेटः इजराइली रक्षा बल

**यरूशलम।** इजराइल की ओर से लेबनान पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजराइल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गए तीन लॉन्चरों पर हमला किया।

### मध्य पाकिस्तान में इमारत ढही नौ लोगों की मौत, कई घायल

**मुल्तान।** पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है, लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

### बोलीविया में भूस्खलन, बारिश और बाढ़ से 51 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया में नवंबर से अब तक भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से 51 लोगों की जान चली गई है। नागरिक सुरक्षा उप मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बारिश से दक्षिण अमेरिकी देश में 43 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। बोलीविया में बारिश और प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। बोलीविया में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर में शुरू होता है और मार्च तक रहता है।

# आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता में दोहरे दृष्टिकोण की गंधः रूचिरा

## यूएन में भारत के निशाने पर चीन, वीटो शक्तियों के उपयोग पर की कड़ी निंदा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने से रोकने के लिए अपनी वीटो शक्तियों का उपयोग करने वाले देशों की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह अभ्यास अनावश्यक है और आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता के प्रति दोहरे दृष्टिकोण की गंध आती है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना किसी उचित औचित्य के रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसपर चीन ने तकनीकी रोक लगा दी थी।

### अरुणाचल को लेकर चीन की आपत्ति को भारत ने किया खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन की टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। चीन ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कही। साथ ही चीन ने इस क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया।

### तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर



**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा से लौटे जयशंकर ने एक कार्यक्रम में सीमा मुद्दे को हल करने के लिए अतीत में चीन की ओर से गई पेशकश पर उनके विचारों के बारे में कहा, सीमा विवाद पर बातचीत में शामिल किसी भी देश को यह विश्वास करना होगा कि इसका समाधान होना चाहिए।

## पाकिस्तानः नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री

**इस्लामाबाद।** अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के प्रयास कर रही है।



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर किया है। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के नवाज के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# स्व-निर्वासन के बाद पूर्व पीएम नवाज के बेटे लौटे पाकिस्तान

**लाहौर, एजेंसी**



- पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद 2018 में छोड़ा था देश

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटे छह साल बाद ब्रिटेन से वापस अपने देश लौटे हैं। दरअसल, पनामा पेपर्स घोटाले में जवाबदेही अदालत द्वारा उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के बाद छह साल के आत्म-निर्वासन के बाद वह पाकिस्तान वापस आए हैं।

2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफील्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला शरीफ परिवार के लंदन में लग्जरी अपार्टमेंट के स्वामित्व और अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने एक बयान में कहा, "नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके जाति उमरा लाहौर स्थित घर ले जाया गया। मालूम हो कि नवाज शरीफ पीएमएल-एन सुप्रीमो हैं।

# फेक न्यूज पर लगेगी लगाम, गूगल ने ईसी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल ने आगामी आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार रोकने, फेक न्यूज को बढ़ावा देने और एआई से तैयार किए गए डाटा को रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है।

गूगल इंडिया ने इसकी जानकारी अपने एक ब्लॉग में दी है। गूगल ने कहा है कि भारत में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर खास तैयारी की गई है। गूगल ने कहा है कि हम चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि लोगों को चुनाव और वोटिंग से संबंधित जानकारी अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सटीक तौर पर मिल सके। गूगल ने कहा है कि हम एआई से तैयार किए गए कंटेंट को पहचान करने के तरीके भी लोगों को बताएंगे। इस तरह के मौके पर विज्ञापनदाता एआई का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हम भी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम लोगों को अधिक पारदर्शिता के साथ जानकारी मिले। हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही लोगों को गुमराह करने के लिए हेरफेर किए गए मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाती हैं, जैसे डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री।

## जल बिन सब सून...



**बेंगलुरु :** गत वर्ष कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। पानी की समस्या के कारण सामान्य दिनों में 700 से 800 रुपये में मिलने वाले पानी टैंकरों की कीमत 1500 से 1800 तक पहुंच गई है। जल संकट को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं, हाथों में मटकी लेकर महिलाओं ने देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# गुजरात में एटीएस-एनसीबी की कार्रवाई, 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**गुजरात, एजेंसी**

- 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद संयुक्त टीम ने अब तक जब्त की तीन हजार करोड़ की ड्रग्स

गुजरात एटीएस ने इंडियन कोस्ट गार्ड और एनसीबी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में छह पाकिस्तानियों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। इस ऑपरेशन में 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सभी आरोपियों को पोरबंदर लाया जाएगा। कोस्ट गार्ड, एटीएस और एनसीबी ने मिलकर अब तक 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है।

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि 11 और 12 मार्च को रात भर के संयुक्त अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल ने एक पाकिस्तानी नाव को 6 चालक दल के साथ और लगभग 480 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 80 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पकड़ा। नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में आईसीजी जहाजों और डोर्नियर विमान के समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में पकड़ा गया। ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छे समन्वित प्रयासों का प्रदर्शन हुआ। पिछले तीन वर्षों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से आईसीजी द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है, जिसमें 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ की मात्रा है।

## हिंदू-अमेरिकी संगठन ने भारत में सीएए लागू होने पर जताई खुशी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी समुदाय ने भारत में सीएए लागू किए जाने पर खुशी जताई है। अमेरिकी हिंदू समूहों का मानना है कि भारत में सीएए अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू लाडेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है।

मीडिया के मुताबिक, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत में लंबे समय से लंबित सीएए कुछ अत्यंत असहाय शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वह मानवाधिकार प्रदान करता है, जिनसे उन्हें वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।

# बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफाः सीएम हिमंत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो वह अपने पद से इस्तीफा देने वाले पहल व्यक्ति होंगे।



मीडिया के अनुसार, असम के सीएम ने कहा कि 'अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल जाती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लिए एक अधिसूचना जारी की। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के कुछ हफ्ते पहले ही लागू की गई है। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरमा की टिप्पणी सोमवार को सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है।

**विज्ञान** | विकिरण का बड़ा जोखिम है अंतरिक्ष पर्यटन, वैज्ञानिकों की चेतावनी-संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी

# स्पेस टूरिज्म विश्व में तेजी से पसार रहा पैर, निजी कंपनियां आगे

**बबलू चंद्रा, नैनीताल**

**अमृत विचार :** स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष की सैर कराने वाला रोमांचक पर्यटन है। मगर इस पर्यटन में खतरे भी कम नही हैं। हाल में हुए शोध में चेतावनी दी है कि ब्रह्मांड से आने वाला विकिरण अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

लिहाजा संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। स्पेस टूरिज्म का सपना शायद सदियों पुराना रहा हो, लेकिन इसने वर्ष 2020 से जोर पकड़ा है। बेहद जोखिमभरा पर्यटन होने के बावजूद वर्तमान में दुनिया के हजारों लोग इस पर्यटन का आनंद लेना चाहते हैं। मगर इस पर्यटन में अंतरिक्ष मौसम विकिरण बड़ा जोखिम हो सकता है। इससे निपटने के लिए सुरक्षा उपाय पुख्ता किए जाने की सख्त जरूरत है।





स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान।

दरअसल सौर विकिरण अंतरिक्ष में आए दिन पहुचते रहता है। जिससे स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसमें कैंसर सबसे बड़ा खतरा है। साथ ही डीएनए को भी खतरा हो सकता है। इस पर अमेरिकी सरे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। सभी जानते हैं कि हमारा वायुमंडल सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है और सूर्य से आने वाले विकिरण को चुम्बकीय क्षेत्र में समाहित कर लेता है। जिस कारण प्राकृतिक रूप से हमारे स्वास्थ्य की रक्षा होती है। मगर अंतरीक्ष में यह रक्षा सम्भव नही है। अंतरिक्ष मौसम विशेषज्ञों ने स्पेस टूरिज्म के तेजी से बढ़ते प्रचलन ने नए नियम बनाने की सख्त पैरवी की है। जिससे विकिरण संबंधित खतरे से यह पर्यटन मुक्त हो। सरे स्पेस सेंटर में शोधकर्ता क्रिस रीस के अनुसार अंतरिक्ष पर्यटन विशिष्ट है और तेजी से उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। मगर अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान अधिक लोग ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क से प्रभावित हो सकते हैं।

### शून्य ग्रेविटी का एहसास कराता है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म आसमान में उतनी ऊंचाई तक ले जाता है, जहां शून्य ग्रेविटी का एहसास होता है। यह ऊंचाई 100 किमी तक होती है और लगभग आठ मिनट में यात्री इस ऊंचाई तक पहुँच जाते हैं। इस सफर में पृथ्वी को निहारना सुखद एहसास दिलाता है। यह यात्रा करीब डेढ़ घंटे की होती है। मगर इसका परीक्षण कई चरणों मे कई महीने चलता है।

### टूरिज्म में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा

अंतरिक्ष पर्यटन में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ने लगी है। जिसमें निजी स्तर पर कुछ देशों की कंपनियां शामिल हैं। इस दौड़ में स्पेस एक्स, वर्जिन गैलेक्टिक व ब्लू ओरिजन सबसे आगे हैं। इन कंपनियों के जरिए अभी तक कई दर्जन यात्री अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि यह कंपनियां अब चंद्रमा व मंगल ग्रह की सैर कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसमें स्पेस एक्स का दावा है कि वह सबसे पहले मंगल पर अपने यात्रियों को पहुचाएगा। अंतरिक्ष पर्यटन की बढ़ती मांग को लेकर अमेरिका की निजी कंपनी स्पेस-एक्स सबसे आगे हैं, जो आने वाले कुछ सालों में मंगल की सतह पर कदम रखेगी।

## रूस का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे 15 लोग

**मॉस्को।** रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। इस घटना में रूस ने जानकारी देते हुए कहा कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया।

# छह माह बाद आईएसएस से धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री



**केप कैनावेरल, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का कैप्सूल मंगलवार को अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया।

दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव भी शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोहबेली पर परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है।

इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद।